सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 20 अक्टूबर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 285, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## मेक्सिको के साथ मजबूत करेंगे रिश्ते

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम मेक्सिको के साथ आपसी हित के क्षेत्रों व आर्थिक सम्बधों में और मजबूती जा रहे हैं। } 14

## व्यवसायीकरण से शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा के व्यवसायीकरण पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। }16



### संक्षेप

## पुंछ में दो आतंकी गिरफ्तार

पुंछ/जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि उसने पुंछ में हथगोले से किए गए हमलों के कई मामलों को सुलझाते हुए जिले से जम्मू-कश्मीर गजनवी फोर्स के दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। जम्मू संभाग के अपर पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने बताया कि हरि गांव से अब्दुल अजीज और मनवर हुसैन की गिरफ्तारी सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। एडीजीपी ने पुंछ में संवाददाताओं से कहा कि शुक्रवार को पुलिस ने 37 राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान चलाया और अजीज को पकड़ लिया।

## लकड़बग्घे के जबड़े से अपने मासूम को छीन लायी मां

मीरजापुर। जनपद के थाना हलिया क्षेत्र में साहसी मां ने रात को सोते समय हमलावर लकड़बग्घे की आहट होते ही जैसे ही वह बेटे पर हमला करता है मां भी उस पर टूट पड़ती है। चीख पुकार सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने लकड़बग्घे को मार मौत के घाट उतार दिया। उधर मां बेटे को गोद में लेकर रोने लगी। लोगों ने मां बेटे को अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों का उपचार चल रहा है। कहते हैं कि मां से बड़ा योद्धा कोई नहीं होता जब मां अपने बच्चे के लिए अपनी जान पर खेल जाती है। हलिया थाना क्षेत्र स्थित रामपुर पौड़ी गांव में भी कुछ ऐसी ही तस्वीर देखने को मिली। घटना के संबंध में बताते हैं कि रात के दस बजे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ था तभी एक हिंसक लकड़बग्घा चुपके से आता है और घर में सोते हुए तेरह वर्षीय बालक नवी मोहम्मद को चारपाई से घसीटते हुए घर से डेढ़ सौ मीटर दूर ले जाकर जाता है इस दौरान बालक लहूलुहान हो जाता है। बगल में लेटी मां जयमुन निशा की नींद अचानक अचानक खुलती है और वो लकड़बग्घे पर टूट पड़ती है।

## देशी बम के धमाकों से थर्राया कासगंज

कासगंज। कासगंज में शनिवार को देशी बम के धमाकों से क्षेत्र थर्रा उठा। एक चिंगारी से क्षेत्र में मची दहशत से मौके पर भगदड़ मच गई। इन धमाकों में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए निमें चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना पटियाली कोतवाली क्षेत्र के किशोरी नगला गांव की है। यहां दिवाली से पहले देशी बम तैयार किए जा रहे थे। इसी दौरान आग की चपेट में आने से बम फटने लगे। भारी मात्रा में बारूद होने से पूरा क्षेत्र धमाकों से दहल गया। मौजूद लोग जान बचाकर भागने लगे। इससे पहले कि लोग वहां से निकल पाते, आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## इजरायल में नेतन्याहू के आवास पर ड्रोन हमला

एजेंसी

यरुशलम। इजराइल सरकार ने बताया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास की ओर शनिवार को एक ड्रोन से हमला किया गया, हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इजराइल सरकार ने बताया कि लेबनान की ओर से गोलाबारी के मद्देनजर शनिवार सुबह इजराइल में सायरन बज उठा और इसके साथ ही प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सैसरिया स्थित आवास की ओर ड्रोन से हमला किया गया। प्रधानमंत्री के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री आवास पर जिस समय यह हमला किया गया तब न तो नेतन्याहू और न ही उनकी पत्नी वहां मौजूद थे। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

इजराइल पर यह हमला ऐसे समय में किया गया है जब हाल के सप्ताह में लेबनान के हिजबुल्ला और इजराइल के बीच जारी संघर्ष तेज हो गया है। लेबनान के चरमपंथी संगठन हिजबुल्ला को ईरान का समर्थन प्राप्त है। हिजबुल्ला ने शुक्रवार को कहा था कि वह इजराइल में और अधिक निर्देशित मिसाइलों और विस्फोटक ड्रोन से हमला कर लड़ाई का एक नया चरण शुरू करने की योजना बना रहा है। दरअसल, इजराइल द्वारा सितंबर के अंत में किए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीएम मोदी देश को काशी से आज देंगे दिवाली का तोहफा

### स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल व पर्यटन संबंधी योजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को दीपावली की सौगात देने के लिए रविवार को वाराणसी पहुंचेंगे। अपने सांसद का ग्रैंड वेलकम करने के लिए काशी तैयार है। तीसरी बार वाराणसी से सांसद और प्रधानमंत्री बनने के बाद काशी को पीएम मोदी विकास की परियोजनाओं की सौगात देंगे। काशी से ही देश को 6,611.18 करोड़ की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करके देशवासियों को सौगात देंगे।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, धर्म, पर्यटन से रोजगार, आवास, विमानन जैसी कई सुविधाओं का लोकार्पण करके जनता को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी एयरपोर्ट के विस्तारीकरण व नए टर्मिनल भवन की नींव भी रखेंगे। वह आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय को आमजन के लिए लोकार्पित करेंगे और सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में 20 हजार से अधिक लोगो से संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा संस्कृत विद्यालयों और अस्पतालों में तीमारदारों के लिए शुरू की गई निःशुल्क भोजन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

व्यवस्था की घोषणा मंच से कर सकते है। कार्यक्रम के अंतर्गत, करीब 1 बजे पीएम वाराणसी पहुंचेंगे और लगभग 6 बजे काशी से रवाना हो जाएंगे।

प्रधानमंत्री की अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री समेत कई केंद्रीय और कैबिनेट मंत्रियों के मौजूद रहने की भी संभावना है। सिविल एविएशन, ओलिंपिक संघ आदि के पदाधिकारी भी मौजूद रह सकते है। विकास की परियोजनाओं से काशी का कायाकल्प करने वाली भाजपा की डबल इंजन की सरकार एक बार फिर पूर्वांचल समेत देश के अन्य भागों को दीपावली में विकास की सौगात देने जा रही है। भाजपा, काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमत्री के रविवार को काशी आगमान पर उनका स्वागत काशीवासी ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा से करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओ ने भी जगह-जगह स्वागत की तैयारी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबतपुर इंटरनेशल एयरपोर्ट से हरहुआ-गाजीपुर रिंग रोड स्थित शंकरा नेत्रालय के उद्घाटन के बाद सड़क मार्ग से सिगरा ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उपचुनाव में जीत का योगी ने दिया मंत्र

### सीएम योगी ने उपमुख्यमंत्री, जिलों के प्रभारी मंत्री और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

## लोगों से संवाद और बूथ प्रबंधन जरूरी, जीतेंगे सभी सीटें : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्री, जिलों के प्रभारी मंत्री और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उपचुनाव को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ और रणनीतियां तैयार की गईं। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 9 सीटों पर उपचुनाव को जीतने के लिए मंत्रियों और पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित किया।

बैठक के दौरान मंत्रियों और पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। यह भी तय हुआ कि उपचुनाव में पार्टी का कोई भी नेता अपने निर्धारित क्षेत्र में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में कोई कमी न छोड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपचुनाव जीतना केवल चुनावी सफलता नहीं बल्कि जनता के विश्वास की जीत होगी, इसलिए हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया जाना चाहिए। सीएम योगी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओ



को बूथ स्तर तक चुनाव प्रबंधन को मजबूती से संभालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हर सीट महत्वपूर्ण है और इसके लिए बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने और जमीनी स्तर पर लोगों के बीच जाकर चौपाल लगाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि चौपाल के माध्यम से जनता की समस्याओं को समझा जाए और उनका समाधान किया जाए जिससे लोगों का विश्वास पार्टी में बढ़े। बैठक में मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रभारी मंत्री और पदाधिकारी उन जिलों में अधिक समय बिताएं जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जिलों के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चुनावी तैयारियों को और सुदृढ़ किया जाए। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीएम योगी ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश और देश में सदस्य बनाने का काम कर रही है। इस कड़ी में शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ पार्टी के सदस्य बने। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के घर जाकर उन्हें पार्टी का सदस्य बनाया। पार्टी का गमछा ओढ़ाने के साथ एक पेपर पर उन्हें सदस्य बनाने की औपचारिकता पूरी की गई। मुख्यमंत्री के अलावा डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मालूम हो कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भाजपा के सदस्य बने थे। प्रदेश के सभी मंत्री अलग-अलग क्षेत्र में सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते दिनों भारतीय जनता पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने और साथ ही उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरूआत भी की। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और इस अभियान के संयोजक महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में सक्रिय सदस्यता ली। प्रधानमंत्री मोदी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लापरवाही में एक्सईएन व एसडीओ निलंबित

लखनऊ/ जानकीपुरम क्षेत्र में अनुरक्षण कार्यों के लिए शट डाउन के कारण 4 घंटे से ज्यादा विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही। शट डाउन की सूचना संचार माध्यम से उपभोक्ताओं को उचित प्रकार नहीं भेजी गई। इसके कारण उपभोक्तओं को परेशानी हई। इसको उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने अत्यंत गंभीरता पूर्वक लेते हुए जानकीपुरम के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा सम्बन्धित अधिशाषी अभियंता और एसडीओ को निलंबित करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी डिस्कॉम के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि लगातार इसके लिए निर्देशित किया जा रहा है कि जहां कहीं शट डाउन लिया जाए उसका व्यापक स्तर पर प्रचार किया जाए। ट्विटर, 1912, के साथ समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों, ग्रुप्स सहित विभिन्न माध्यमों से उपभोक्ताओं को अवगत कराया जाए। लेकिन अभी भी लापरवाही की सूचनाएं मिल रही हैं। इसे बर्दाश्त ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बहराइच हिंसा : दुकानें खाली कर रहे लोग

### प्रशासन के नोटिस चस्पा करने के बाद उठाया कदम

विशेष संवाददाता

लखनऊ/बहराइच (उप्र)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले की महसी तहसील के हिंसा प्रभावित महराजगंज इलाके में दुकानों को ध्वस्त किए जाने की आशंका को देखते हुए दुकानदारों ने शनिवार सुबह अपनी दुकानों को खाली करना शुरू कर दिया, जिसकी तस्वीरें समाचार चैनलों पर भी दिखाई गईं। महसी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक ने घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि जो लोग अपनी दुकानें खाली नहीं करेंगे उनके खिलाफ प्रशासन कार्रवाई करेगा। हालांकि, उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता



प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने घटना की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। महसी से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने शनिवार को कहा लोग अपनी दुकानें ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ज्ञानवापी मामले में 25 को आ सकता है फैसला

वाराणसी। ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की खुदाई कर सर्वेक्षण कराने का अनुरोध करने वाली याचिका पर हिन्दू और मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस पूरी हो गयी। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने संभावना जतायी कि अदालत 25 अक्टूबर को होने वाली अगली सुनवाई पर अपना आदेश सुना सकती है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि ज्ञानवापी परिसर की खुदाई कर भारत पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे कराने की मांग वाली याचिका पर शनिवार को दीवानी न्यायाधीश युगल किशोर शम्भू ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 30 विमानों को मिली बम की धमकी

### सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा मंत्रालय

एजेंसी

नई दिल्ली। देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। लेकिन इसमें सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी शनिवार के दिन देखी गई है, जानकारी के मुताबिक सिर्फ शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों में बम की धमकी मिली है। फिलहाल नागरिक उड्डयन मंत्रालय एयरलाइनों को बम की झूठी धमकी देने की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा है, जिसमें ऐसा करने वालों को नो-फ्लाई सूची में डालना भी शामिल है।



सूत्रों के अनुसार, शनिवार को विस्तारा, एयर इंडिया और इंडिगो समेत कई भारतीय एयरलाइनों की 30 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया, इंडिगो, ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** योनेक्स सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट का भव्य समापन

# यूपी बैडमिंटन संघ युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : ब्रजेश पाठक









बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में चल रही योनेक्स सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट के समापन अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते उप्र बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास, खिलाड़ियों को सम्मानित करते विराज सागर दास, विजेताओं के साथ गणमान्य अतिथि फोटो : अमित वर्मा

शैलेन्द्र श्रीवास्तव

लखनऊ। विपिनखंड गोमती नगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में चल रही योनेक्स सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 के आखिरी दिन शनिवार को सभी फाइनल मुकाबले खेले गये। इसमें बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किये और उप्र बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास ने प्रमाण पत्र व अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने सोविनियर सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को प्रदान किये। महिला एकल में गुजरात की अदिति राव ने हरियाणा की टॉप सीड अनमोल खरब को एक कड़े मुकाबले में 21-6, 11-21, 21-12 से हराकर उलटफेर किया। वहीं, पुरुष एकल में हरियाणा के भरत राघव, एयर इंडिया के राहुल भारद्वाज को 25-23, 21-10 से हराकर चैंपियन बने। इसी तरह महिला युगल में कर्नाटक की शिखा गौतम व अश्विनी भट्ट

❍ **डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के सपनों को कर रहे साकार : विराज सागर दास**

की जोड़ी ने पांडिचेरी की कवि प्रिया व महाराष्ट्र की सिमरन सिंघी को 21-17, 21-16 से हराकर महिला युगल का खिताब जीता जबकि मिश्रित युगल में उत्तराखंड के ध्रुव रावत व पंजाब की राधिका शर्मा की जोड़ी ने हरियाणा के अक्षित महाजन व अनधा पाई की जोड़ी को 21-6, 23-21 से हराकर चैंपियन बनी। पुरुष युगल में तमिलनाडु के संतोष गजेंदरन व आरबीआई के शिवम शर्मा की जोड़ी ने कर्नाटक के प्रकाश राजेश व आंध्र प्रदेश के गोउश साइक को 23-21, 17-21, 21-12 से हराकर पुरुष युगल के चैंपियन बने। उप्र बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास ने सम्पूर्ण भारत से आये हुए सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. अखिलेश दास गुप्ता का स्मरण करते हुए कहा कि उनके सपनों को साकार करने एवं उप्र बैडमिंटन खेल को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का लगातार प्रयास करते रहेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को अधिक से अधिक उपलब्धियां अर्जित करायी जा सकें। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# ऐप बेस्ड 'वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम' बनेगा जल प्रबंधन का आधार

## महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत प्रयागराज में वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये जल प्रबंधन पर योगी सरकार का फोकस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जनवरी 2025 में शुरू होने वाले महाकुंभ को लेकर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में तेजी ला रही है।

- **मोबाइल ऐप व वेबसाइट बेस्ड वॉटर मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग जल प्रबंधन की विभिन्न गतिविधियों की करेगा निगरानी व पूर्ति**
- **यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड करेगा वॉटर मॉनिटरिंग सिस्टम का निर्माण, आधुनिक सुविधाओं से होगा युक्त**



सीएम योगी का विजन है कि महाकुंभ दिव्य व भव्य होने के साथ ही आधुनिक तकनीक का समावेश करते हुए नव्य स्वरूप में श्रद्धालुओं व पर्यटकों के समक्ष प्रदर्शित हो। ऐसे मेंए योगी सरकार द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र को नवीन सुविधाओं से युक्त करने के साथ ही पूरे प्रयागराज में तमाम इनोवेशन व टेक बेस्ड इनीशिएटिव्स को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में, योगी सरकार वेबसाइट व मोबाइल ऐप बेस्ड 'वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम' के जरिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में जल प्रबंधन की प्रक्रिया को पूरा करने पर फोकस कर रही है। यह मोबाइल ऐप बेस्ड वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के लिए निर्मित किया जाएगा जो आधुनिक सुविधाओं युक्त होगा और इसके जरिए जल प्रबंधन की विभिन्न गतिविधियों की निगरानी व पूर्ति जैसे कार्यों को पूरा कर सकेगा। सीएम योगी के विजन अनुसार, इस आधुनिक सुविधा युक्त ऐप बेस्ड सिस्टम के विकास व निर्माण का कार्य यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सौंपा गया है। परियोजना के अनुसार, महाकुंभ जल निगरानी प्रणाली एक व्यापक समाधान है जो एक वेब पोर्टल और एक मोबाइल एप्लिकेशन को एकीकृत करता है जिसे विभिन्न पूर्वनिर्धारित नियंत्रण बिंदुओं पर जल स्तर की निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य डाटा को त्वरित समीक्षा के लिए संक्षिप्त, पूर्व संगठित प्रारूप में समेकित करना और बढ़े हुए जल स्तर, भारी वर्षा और बाढ़ जैसी स्थितियों के दौरान त्वरित निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करना है। यह प्रणाली महाकुंभ आयोजन और भविष्य की विभागीय जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण है। इस प्रणाली को एफिशिएंट रिपोर्टिंग, क्विक डिसीजन मेकिंग, रोल बेस्ड एक्सेसिबिलिटी, अलर्ट व नोटिफिकेशंस, डाटा एनालिसिस व ट्रेंड मॉनिटरिंग तथा वॉटर लेवल ट्रेंड प्रेडिक्शन मैट्रिक्स से लैस किया जाएगा। वहीं, जलस्तर की निगरानी के लिए कंट्रोल प्वॉइंट्स के जीपीएस को ऑर्डिनेट्स का डाटाबेस तैयार किया जाएगा।

### ऐप व वेबसाइट को इन सुविधाओं से किया जायेगा युक्त...

- **सिक्योर रोल बेस्ड लॉग-इन, रोल स्पेसेफिक डैशबोर्ड व सिक्योर ऑथेंटिकेशन।**
- **नये कंट्रोल प्वॉइंट्स को बनाने के लिए जीपीएस को ऑर्डिनेट्स का संकलन, कंट्रोल प्वॉइंट्स की रेगुलर अपडेट्स व लॉग रिपोर्ट तैयार करने में सक्षम होगा।**
- **ऑटोमैटिक डाटा कंपाइलेशन, कंट्रोल प्वॉइंट्स की जियो टैगिंग, समरी रिपोर्ट तथा अलर्ट व नोटिफिकेशन मैकेनिज्म से युक्त होगा।**
- **गूगल मैप्स के साथ इंटीग्रेशन आर्क जीआईएस तथा मैप्स पर वन व्यू डाटा की जानकारी, क्लिक एबल्ड मैप मार्कर्स व डेंजर जोन की कंप्लायंस रिपोर्ट का संकलन कर सकेगा।**
- **यूजर फ्रेंडली इंटरफेस, हाइपरलिंक एक्सटेंशन, ईजी नेविगेशन तथा डीटेल्ड डाटा का एक्सपोर्ट ऑप्शन उपलब्ध कराने में सक्षम होगा।**
- **मैप पर उपलब्ध जियोग्राफिकल फीचर्स के रोबस्ट फिल्टरिंग मैकेनिज्म को डेवलप करने में सक्षम होगा।**
- **कंट्रोल प्वॉइंट्स के ट्रेंड एनालिसिस व प्रेडिक्शन मैट्रिक्स लेआउट एनालिसिस के लिए ग्राफ व चार्ट का संकलन उपलब्ध करायेगा।**

# ग्राम चौपालों में निपटे 4.21 लाख प्रकरण : केशव मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण के लिए प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया

- **अब तक 1 लाख 5 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन**

जा रहा है और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1292 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3594 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 3331 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5913 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 75 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 1 लाख 5 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 73 लाख 93 हजार से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 4 लाख 21 हजार से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# इत्र उद्योग के विस्तार की समस्याएं होंगी दूर

विशेष संवाददाता (vol)

**कन्नौज/लखनऊ।** कन्नौज दौरे पर आए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भारत सरकार के सचिव एससीएल दास ने इत्र उद्योग को बढ़ावा देने और निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। कन्नौज स्थित एफएफडीसी सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने प्रमुख उद्यमियों और औद्योगिक संगठनों के साथ इत्र उद्योग की मौजूदा चुनौतियों

- **कन्नौज दौरे पर पर आए एमएसएमई के सचिव ने की बैठक, समस्याओं को दूर करने का दिया आश्वासन**

और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया।




बैठक के दौरान उद्यमियों ने सैंडलवुड की जगह अन्य बेस ऑयल विकल्प तलाशने और फूलों व मसालों की स्थानीय स्तर पर खेती करने की आवश्यकता पर चर्चा की। साथ ही, इत्र उत्पादों की पैकेजिंग के महत्व को देखते हुए, जनपद में एक पैकेजिंग संस्थान या उसकी शाखा स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा गया। अतर एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी ने गंगा के किनारे फूलों की खेती को बढ़ावा देने और औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार की मांग की। उद्यमियों ने निर्यात में कस्टम से जुड़ी समस्याओं को भी उठाया, खासतौर से चंदन के तेल और उससे जुड़े उत्पादों के निर्यात में आने वाली बाधाओं को लेकर। उन्होंने इत्र और परफ्यूम के लिए अलग-अलग मानक तय करने की मांग की और भारत मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा इत्र का मानकीकरण किए जाने का सुझाव दिया। औद्योगिक आस्थान के अध्यक्ष आदित्य कुमार मिश्रा ने इत्र उद्योग में रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए विशेष पैकेज की मांग कीए और सूक्ष्म इकाइयों के लिए टेस्टिंग में सब्सिडी की सुविधा दिए जाने का अनुरोध किया। बैठक में सचिव दास ने एफएफडीसी के प्रधान निदेशक को इत्र उत्पादों के मानकीकरण पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि वाणिज्य मंत्रालय और जीएसटी काउंसिल से समन्वय स्थापित कर सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही, जनपद में एक सामान्य सुविधा केंद्र की स्थापना की दिशा में भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। दौरे के दौरान, सचिव दास ने गोपाल सैनी फार्मलैंड में फूलों की खेती का भौतिक निरीक्षण किया और एफएफडीसी कन्नौज कैंपस का भी दौरा किया। वहां उन्होंने एरोमेटिक्स प्लांट्स की जानकारी ली और आईसीएआर-डीएफआर पुणे से आए वैज्ञानिकों के साथ संवाद किया। सचिव ने जिला उद्योग केंद्र कन्नौज द्वारा संचालित ओडीओपी योजना के तहत आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लिया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से संवाद कर उनकी प्रगति की जानकारी ली और प्रमाण-पत्र वितरित किए। अपने संबोधन में सचिव ने प्रशिक्षार्थियों को उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार उनके साथ हर संभव सहयोग के लिए तैयार है।

# प्रत्याशियों की संख्या तय होने के 3 दिन के भीतर मिलेगी मतदाता सूची

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को मतदाता सूची दिए जाने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत आलेख्य एवं अन्तिम प्रकाशित

- **अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूचियां समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है**
- **मतदाता सूची की प्रविष्टि में संशोधनों की सूचियां जन सामान्य के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है**

मतदाता सूचियां समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती रही हैं।

इसके क्रम में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के आधार पर हुए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के अन्तर्गत आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर 2023 एवं अन्तिम प्रकाशन 23 जनवरी 2024 की प्रकाशित मतदाता सूचियां समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी थीं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के अन्तिम प्रकाशन-2024 अर्थात 23 जनवरी 2024 के पश्चात से प्रारम्भ हुए निरन्तर पुनरीक्षण की अवधि में परिवर्द्धित या विलोपित किए गए नामों तथा मतदाता सूची की प्रविष्टि में संशोधनों की सूचियां जन सामान्य के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर प्रत्येक माह की उपलब्ध हैं, जहां से सम्बन्धित सूचियां प्राप्त की जा सकती हैं। अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर 29 अक्टूबर 2024 से प्रारम्भ हो रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 की अवधि में आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों की दो प्रतियां (हार्ड एवं साफ्टकापी में) निःशुल्क सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय



राजनैतिक दलों को उपलब्ध करायी जाएंगी एवं मतदाता सूची (बिना फोटो) की पीडीएफ मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर जन सामान्य के लिए उपलब्ध रहेंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित सूचियां प्रत्येक सप्ताह समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को उपलब्ध करायी जाएंगी तथा यह सूचियां जन सामान्य के लिए भी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेंगी।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 कार्यक्रम के अन्तर्गत 6 जनवरी 2025 को अन्तिम प्रकाशन होगा। इस के लिए तैयार की जाने वाली मतदाता सूचियां समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को अंतिम प्रकाशन के समय दो प्रतियों में निःशुल्क उपलब्ध करायी जाएंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी भी निर्वाचन के समय निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाली अद्यतन मतदाता सूचियां प्रदेश के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों को निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती हैं। वर्तमान में 9 विधानसभाओं में गतिमान उप निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भी मतदान में प्रयुक्त होने वाली मतदाता सूची निःशुल्क समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों को नामांकन वापसी एवं निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की अन्तिम सूची तैयार होने के 3 दिन के भीतर उपलब्ध करायी जाएंगी।

# अयोध्या के कौशलेश सदन का होगा सुंदरीकरण : जयवीर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निकट स्थित कौशलेश सदन में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके लिए लगभग 2.5 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इस धनराशि में से 1.5 करोड़

- **2.5 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत**

रुपए जारी किए जा चुके हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों का प्राथमिकता के आधार पर विकास कराया जा रहा है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला विराजमान होने के बाद पर्यटन में तेजी वृद्धि दर्ज हुई है। वर्ष 2024 में जनवरी से जून तक प्रदेश में लगभग 33 करोड़ पर्यटक आए थे, जिसमें करीब 11 करोड़ लोग अयोध्याधाम पहुंचे। पर्यटन विभाग अयोध्या में निरंतर पर्यटक



सुविधाएं विकसित कर रहा है। सभी धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों को सजाया संवारा जा रहा है। जयवीर सिंह ने बताया कि कौशलेश सदन में पर्यटन सुविधाओं के विकास करने की तैयारी। तकरीबन 2.5 करोड़ रुपए की राशि से जीर्णोद्धार के साथ-साथ फसाड, स्ट्रीट लाइट, बेंचेज, लैंडस्केपिंग, हार्टिकल्चर, फुटपाथ, पेयजल सुविधा, शौचालय, सीसीटीवी, फुटपाथ आदि का कार्य कराया जाएगा। कौशलेश सदन में इन योजनाओं के पूरा होने के बाद पर्यटकों को अनेक सुविधाएं प्राप्त होंगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। पर्यटन सेक्टर में रोजगार तथा निवेश की असीमित संभावनायें हैं, इसको दृष्टिगत रखते हुए पूरे प्रदेश में पर्यटन का वातावरण बनाया जा रहा है। अयोध्या में पर्यटकों के लिए धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों के अलावा पर्यटन के अन्य आयाम जैसे वाटर स्पोर्ट, रूरल टूरिज्म, एयर टूरिज्म आदि पर तेजी से काम हो रहा है।

# 30 तक लखनऊ राजकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए जमा होंगे आवेदन

**लखनऊ।** राजकीय आईटीआई अलीगंज के नोडल प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि लखनऊ के सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2024 के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों के लिए प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर की शाम 5:00 बजे तक है। ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जिन्होंने आवेदन किया है, लेकिन किसी कारणवश प्रवेश नहीं ले सके हैं, अथवा जिनका चयन नहीं हुआ है, वे जनपद के किसी भी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को अपना प्रार्थना पत्र, ऑनलाइन किया हुआ आवेदन पत्र, रैंक पत्र और शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र साथ लाना होगा।

# रालोद के पूर्व महासचिव ओम पाल सिंह ने थामा कांग्रेस का हाथ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अलीगढ़ से राष्ट्रीय लोकदल पार्टी से खैर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पूर्व महासचिव रहे ओम पाल सिंह ने अपने समर्थकों के साथ शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस की प्राथमिक

- **कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की उपस्थिति में ग्रहण की सदस्यता**

सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा एवं उप्र महिला कांग्रेस की महासचिव डॉ. रिचा शर्मा और मेहताब जायसी भी मौजूद रहीं।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने ओम पाल सिंह के साथ आये हुए उनके सभी



समर्थकों के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर, पार्टी का सदस्यता कार्ड देते हुए विधिवत रूप से पार्टी की सदस्यता दिलायी। सदस्यता ग्रहण करने आए हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस प्रकार से देश के संविधान एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष की मुहिम चलायी है। उनकी इस मुहिम ने प्रदेश के विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं की सोच को परिवर्तित किया है और वह इस लड़ाई का हिस्सा बनने के लिए कांग्रेस में अपनी आस्था जताते हुए लगातर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं जिससे हमारा कांग्रेस संगठन और भी अधिक मजबूत हो रहा है। इस मौके पर उप्र कांग्रेस के ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा ने कहा कि आज के दौर में जनता, सामाजिक कार्यकर्ता यहां तक की सत्ता में काबिज भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता भी अपनी पार्टी की नीतियों एवं उसकी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं हैं और कांग्रेस में अपनी आस्था जताते हुए राहुल गांधी द्वारा देश एवं संविधान को बचाने की लड़ाई का हिस्सा बनने के लिए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। ओम पाल सिंह के साथ सदस्यता ग्रहण वालों में प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान विजय पाल, मास्टर विनय पाल, योगेश शर्मा, मास्टर हरिपाल सिंह आदि तमाम लोग शामिल रहे।

# महाकुम्भ में देखने को मिलेगा पुलिसकर्मियों का विनम्र व्यवहार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को वर्ल्ड क्लास सुविधा उपल्ब्ध कराने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है। वहीं मेले के दौरान श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार पर भी फोकस कर रही है,

- **पुलिसकर्मियों को मिलेगा तीन सेशन में दो तरह के प्रशिक्षण, पहले सेशन का प्रशिक्षण शुरू**
- **श्रद्धालुओं से तय किराया लेने समेत अन्य चीजों को लेकर ई-रिक्शा और टैंपो चालकों को भी मिलेगा प्रशिक्षण**

ताकि वह जब यहां से जाएं तो अच्छा और सुखद अनुभव लेकर जाएं। साथ ही वह अपने इस सुखद अनुभव को लोगों से शेयर कर सकें। इसमें सबसे अहम रोल पुलिस का होगा। ऐसे में योगी सरकार ने पुलिसकर्मियों का तीन सेशन में दो तरह के प्रशिक्षण कराने का निर्णय लिया है। इसके तहत पहले सेशन का प्रशिक्षण शुरू भी कर दिया गया है। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नाविकों, गोताखोरों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इतना ही नहीं श्रद्धालुओं से तय किराया लेने समेत अन्य चीजों को लेकर ई-रिक्शा और टैंपो चालकों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

महाकुंभ मेला एसएसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक में महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को अच्छा व्यवहार करने के लिए विभाग को रणनीति तैयार करने के निर्देश दिये थे। इसी के तहत पुलिसकर्मियों को तीन सेशन में प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। सीएम योगी से हरी झंडी मिलने के बाद पुलिसकर्मियों का पहले सेशन का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों को दो तरह के प्रशिक्षण दिये जाएंगे। इनमें अंतः और बाह्य प्रशिक्षण शामिल है। इसे तीन सेशन में विभाजित किया गया है। इसमें पहला सेशन 21 दिन, दूसरा सेशन 14 दिन और तीसरा सेशन 7 दिन का होगा। इसमें पहले सेशन का प्रशिक्षण 16 अक्टूबर से शुरू हो गया है। एसएसपी ने बताया कि अंतरू प्रशिक्षण (इन डेप्थ) को भी सात चरणों में विभाजित किया गया है। इसमें पुलिसकर्मियों को



सॉफ्ट स्किल के तहत श्रद्धालुओं से कैसा व्यवहार करना है, इसकी ट्रेनिंग दी जा रही है। इसी तरह जेंडर सेंसटाइजेशन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य बड़ी संख्या में आने वाली महिलाओं श्रद्धालुओं को लेकर है क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में हर जगह महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती नहीं की जा सकती है। ऐसे में इसके तहत पुरुष पुलिसकर्मियों से उनकी प्राइवेसी समेत अन्य चीजों को लेकर ट्रेनिंग दी जा रही है। वहीं महाकुंभ के दौरान पुलिसकर्मियों पर काफी दबाव होगा। ऐसे में इससे कैसे निपटना है, इसके लिए तनाव प्रबंधन की ट्रेनिंग दी जा रही है।

एसएसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि महाकुंभ के दौरान देश दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। ऐसे में उनकी भाषा भी अलग-अलग है। इसके लिए भाषिनी एप तैयार किया गया है। पुलिसकर्मियों को भाषिनी एप के संचालन की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके जरिये विभिन्न भाषा बोलने वाले श्रद्धालुओं की भाषा को समझने व गाइड करने के लिए एप के जरिये मदद कर सकेंगे। वहीं पुलिसकर्मियों को चैटबॉट के संचालन की भी ट्रेनिंग दी जा रही है ताकि श्रद्धालुओं की सवालों को जवाब दे सकें। उन्होंने बताया कि महाकुंभ को सुरक्षा और भव्य आयोजित करने के लिए एआई का इस्तेमाल किया जाएगा। ऐसे में पुलिसकर्मियों को एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की भी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि दूसरे बाह्य प्रशिक्षण के तहत पुलिसकर्मियों को महाकुंभ मेले के भौगोलिक क्षेत्र की जानकारी दी जाएगी। इसमें उन्हे उनके ड्यूटी प्वाइंट से जुड़ी अहम जानकारी, उसकी संवेदनशीलता और कठिन परिस्थितियों में लगातार ड्यूटी करने के लिए समर्थ बनाना शामिल है। महाकुंभ में आने वाले संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगे। इसे ध्यान में रखते हुए नाविकों और गोताखोरों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें नाविकों को सभी सुरक्षा उपकरण का इस्तेमाल करने एवं श्रद्धालुओं के इसके लिए प्रेरित करना आदि शामिल है। वहीं ई-रिक्शा और टैंपो चालकों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें उन्हे श्रद्धालुओं से तय किराया लेने, अच्छा व्यवहार करने, निर्धारित रूट पर चलने, चौराहों आदि पर जाम न लगाने आदि की ट्रेनिंग शामिल है।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने किया राजकीय बाल गृह का निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने शनिवार श्रीराम औद्योगिक अनाथालय, अलीगंज, लखनऊ से स्थानान्तरित की गयी 33 बालिकाओं एवं 2 नवजात शिशुओं का हाल-चाल लेने के लिए राजकीय बाल गृह, सिंधी खेड़ा, पारा, का निरीक्षण किया।

- **संस्था के कर्मचारियों को स्थानान्तरित बालिकाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए किया निर्देशित**

निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने सभी बालिकाओं से बातचीत की।

उन्होंने बालिकाओं को समझाया कि नये स्थान से सामंजस्य स्थापित करने में उन्हें को कुछ समय लगेगा। उपाध्यक्ष ने संस्था के कर्मचारियों को स्थानान्तरित बालिकाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया।



उपाध्यक्ष द्वारा संस्था की अधीक्षिका की कार्यप्रणाली एवं संस्था का वातावरण संतोषजनक पाया गया। सूडा के माध्यम से भवन की रंग-रोगन का कार्य व जिला होमगार्ड कमाण्डेंट के माध्यम से 12 महिला होमगार्ड तथा 3 पुरूष एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होमगार्ड उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। उपाध्यक्ष द्वारा संस्था की अधीक्षिका को बालिकाओं की काउंसलिंग कर उनके यथाशीघ्र घर वापसी कराये जाने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी, संस्था अधीक्षिका सफलता एवं सूर्यकान्त चौरसिया, बाल संरक्षण इकाई एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# कैसरबाग में महिला का शव रखकर प्रदर्शन, लगा जाम



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शुक्रवार रात रोडवेज बस से कुचलने से हुई महिला की मौत हो गई। शनिवार को परिजनों ने कैसरबाग बस अड्डे पर शव रख कर प्रदर्शन किया। लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित लोगों ने बस चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मुआवजा की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाने का काफी प्रयास किया मगर परिजन नहीं माने और हंगामा करने लगे। इसे ट्रैफिक पूरी तरह से जाम हो गया। बता दें, डालीगंज चौराहे पर शुक्रवार रात ब्रेक फेल होने से उत्तराखंड डिपो की बस ने खटिकाना की रहने वाली स्कूटी सवार रश्मि सोनकर को कुचल दिया था। रशिम स्कूटी सहित बस के अगले हिस्से में फंसकर घिसटती चली गई थीं। हादसे के बाद रश्मि के पास से बरामद फोन से पुलिस ने पति प्रदीप सोनकर को घटना की जानकारी दी थी। मृतिका रश्मि सोनकर के पति प्रदीप सोनकर उर्फ (कल्लू) ने बताया कि रात में उनके पास पुलिस का फोन आया कि उनकी पत्नी का एक्सीडेंट हो गया है तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचो। हम मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे तो देखा वाइफ की मृत्यु हो चुकी थी। पत्नी फैजुल्लागंज से वापस आ रही थी तभी रात में 7.45 बजे डालीगंज चौराहे पर हादसा हो गया। जिस बस ने रश्मि सोनकर को कुचला वह उत्तराखंड रोडवेज की थी। हम लोग बेहद गरीब परिवार से आते हैं। सरकार से हमारी मांग है कि हमारी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

**विधायक रविदास बोले- नौकरी और मुआवजा दे सरकार:** प्रदर्शन की सूचना मिलते ही सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा भी कैसरबाग चौराहे पर पहुंचे। रविदास मेहरोत्रा ने कहा- हमारे घर के पास रश्मि सोनकर रहती थी, उनके दो बेटे हैं परिवार में वही कमाने वाली थीं, सरकारी बस ने उन्हें बेरहमी के साथ कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। अगर चालक गाड़ी रोक देता तो यह घटना नहीं होती। परिजन की मांग है कि बड़े बेटे कृष्णा सोनकर को सरकारी नौकरी दी जाए और 20 लाख का मुआवजा भी मिले। विधायक रविदास ने कहा कि जब शव रखकर प्रदर्शन हो रहा था तो पुलिस ने हटाने के लिए लाठी चार्ज किया। जो लोग अपना हक अधिकार, मांग रहे थे पुलिस ने उन्हें लाठी के दम पर यहां से उठाया और अभद्रता की, जो लोग भी दोषी हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## अनाथालय से फरार सात लड़कियों का नहीं लगा सुराग

- डीएम के आदेश पर बालिका गृह कराया खाली, सरकारी आश्रय में किया गया शिफ्ट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अलीगंज स्थित श्रीराम औद्योगिक अनाथालय में रहने वाली 9 बालिकाओं के भागने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। प्रशासन ने आनन-फानन में वहां रहने वाली सभी बालिकाओं को विरोध के बीच रातों रात सरकारी संरक्षण गृह भेज दिया। सुरक्षा के नाम पर अब तक प्रशासन ने क्या इंतजाम किए इस पर कोई बोलने को तैयार नहीं है। अधिकारी सुरक्षा के सवाल पर परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगा होने की बात कहकर पल्ला झाड़ ले रहे हैं।

डीएम सूर्यपाल गंगवार ने जांच के बाद सभी लड़कियों को राजकीय बालिका गृह भेजने के निर्देश दिए। जब प्रशासन की टीम वहां पहुंची तो लड़कियों ने इसका विरोध किया। काफी देकर तक गहमागहमी का माहौल रहा। इसके बाद लड़कियों को वहां से ले जाया गया। अनाथालय में सुरक्षा के नाम पर 3 होमगार्ड की ड्यूटी 8-8 घंटे के हिसाब से लगती है। वहीं परिसर में 9 कैमरे लगे हैं। जिस तरफ से लड़िकयां भागीं उधर कैमरा नहीं होने की बात बताई कही जा रही है। इससे साफ है कि छात्राओं को पता था कि पीछे की तरफ से भागने में वह कैमरे में कैद नहीं होंगी। इसी के चलते उन्होंने रूम नंबर 2 के बाथरूम की तरफ की ग्रिल काटी। जिसके बाद एक-एक कर निकल भागीं।

## अजमेर जा रही फ्लाइट में मिली बम की सूचना, हड़कंप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अजमेर के किशनगढ़ जा रही एक फ्लाइट में बम की धमकी मिली है। जिस वक्त धमकी मिली, फ्लाइट उड़ान भरने की तैयारी में थी।

यात्री विमान में बैठ चुके थे। धमकी के बाद विमान को तुरंत रोक दिया गया। जल्दी-जल्दी सभी यात्रियों को उतार कर टर्मिनल पर ले जाया गया। फ्लाइट को रन-वे से आइसोलेशन में ले जाया गया। इसके बाद फ्लाइट के अंदर से सभी यात्रियों का सामान बाहर निकाला गया। कार्गो खाली कराया गया। एक-एक सामान की जांच की गई। धमकी कैसे मिली थी, इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। फ्लाइट को दोपहर 2 बजे रवाना होना था। करीब 4 घंटे तक चले चेकिंग के बाद 6.10 पर फ्लाइट ने टेकऑफ की। स्टार एयर की यह फ्लाइट अजमेर के किशनगढ़ जानी थी। क्रू मेंबर ने हौसला दिया। कहा- घबराएं नहीं, कुछ जरूरी चेकिंग करनी है। उसके बाद सभी यात्रियों को उतार दिया गया। टर्मिनल-3 पर सभी यात्रियों को वापस लाया गया, तो पता चला कि



फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। हमारे सामान भी उतार दिए गए हैं। चेकिंग की जा रही है। हालांकि इस मामले में एयरपोर्ट प्रशासन ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। सामान की जांच डॉग स्क्वायड की टीम कर रही है। यात्रियों ने बताया कि टर्मिनल पर बैठे-बैठे करीब 1 घंटे हो गए हैं। फ्लाइट कब टेकऑफ करेगी, इसका कुछ पता नहीं चल रहा। एयरपोर्ट प्रशासन भी कुछ क्लियर नहीं कर रहा है। स्टार एयर की यह फ्लाइट 16 फरवरी को शुरू हुई थी।

## पुलिस स्मृति दिवस परेड को लेकर हुआ फुल ड्रेस पूर्वाभ्यास

**लखनऊ।** पुलिस स्मृति दिवस-2024 की तैयारियों को लेकर आज शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन में 21 अक्टूबर को आयोजित की जाने वाली 'पुलिस स्मृति दिवस परेड 2024 का फुल ड्रेस पूर्वाभ्यास किया गया ।इस मौके पर डीजीपी प्रशान्त कुमार ने पूर्वाभ्यास परेड का निरीक्षण किया। पूर्वाभ्यास परेड की कमाण्ड सन्तोष कुमार मीणा, सेनानायक द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर तथा द्वितीय कमाण्ड अमित कुमावत, एडीसीपी अपराध कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा की गयी। परेड में नागरिक पुलिस, पीएसी, महिला पुलिस, जी०आर०पी०, फायर सर्विस, यातायात पुलिस, एटीएस, आर०आर०एफ०, एसडीआरएफ एवं एसएसएफ की कुल 12 टीमें सम्मिलित हुई ।पूर्वाभ्यास के दौरान पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को परेड के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।डीजीपी ने इस मौके पर परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों को 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस' की महत्ता के सम्बन्ध में अवगत कराया ।बतादे कि पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन 21 अक्टूबर को पुलिस लाइन लखनऊ में किया जायेगा ।इस मौके पर मुख्यमंत्री शहीदों को श्रद्धान्जलि अर्पित कर उनके परिवारों को सम्मानित करेंगे।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को किया प्रताड़ित

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र मे रहने वाली एक विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज में कार व फ्लैट की मांग पूरी न होने पर प्रताडित करने का आरोप लगा नामजद शिकायत की है । आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रश्मि खण्ड, शारदा नगर विवाहिता निवासिनी दीक्षा श्रीवास्तव के अनुसार उसका विवाह बीते 3 दिसम्बर 22 को शिखर चित्रांश पुत्र राजेश श्रीवास्तव मनमोहन नगर कीडगंज जनपद प्रयागराज निवासी के साथ हुआ था और उसके पिता ने उसके विवाह मे लगभग साठ लाख रुपये खर्च किये थे ।

# स्काई हिल्टन की पांचवीं मंजिल से गिरकर सिक्योरिटी गार्ड की गयी जान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित बाराबिरवा मे जेबी स्काई हिल्टन की पांचवी मंजिल से शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिरे एक सिक्योरिटी गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गयो चोटिल अवस्था में मौजूद कर्मियों ने लोकबंधु अस्पताल पहुँचाया जहाँ गार्ड की गंभीर हालत देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया लेकिन मौजूद साथी गार्ड को अवध अस्पताल ले गए जहाँ जाँच के बाद डॉक्टरों ने गार्ड को मृत घोषित कर दिया।

कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित बाराबिरवा अपोलो मेडिक्स अस्पताल निकट स्थित स्काई हिल्टन बिल्डिंग के चौथे तल पर स्टेट फास्ट सिक्युरिटी के द्वारा दो सप्ताह से नियुक्त गार्ड नितिन वर्मा (46) पुत्र राम आधार शनिवार सुबह करीब 9 बजे डियूटी दौरान फोन पर बात करते हुए पांचवे तल पर चला गया जहाँ बिल्डिंग का कुछ निर्माण कार्य चल रहा था और मजदुर मौजूद थे अचानक से फोन पर बात करते हुए बिल्डिंग से निचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया यह नजारा देख मजदूरों में हड़कंप मच गया और अपने ठेकेदार को मजदूरों ने जानकारी दी आनन फानन में बिल्डिंग कर्मियों ने बिना पुलिस को सूचना दिए घायल गार्ड को नजदीकी लोकबंधु अस्पताल ले गए` अस्पताल में डॉक्टरों ने गंभीर हालत देख गार्ड को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया लेकिन सहकर्मी अवध अस्पताल ले गए जहाँ इलाज उपरांत गार्ड की मौत हो गई अस्पताल की सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने मृतक गार्ड के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है `मृतक गार्ड कृष्णा नगर के वीआईपी रोड स्थित दामोदर नगर आलमबाग में अपने परिवार पत्नी अंजली वर्मा बेटे प्रियांश एवं बेटी नित्या के साथ रहता थो पुलिस के अनुसार गार्ड के मौत की जानकारी पुलिस को शाम समय हुई जिसके पश्चात मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज बिल्डिंग में लगे सीसी कैमरे की फुटेज आधार पर घटना की जाँच की जा रही है फिलहाल प्रथम दृष्टया में मामला हादसा प्रतीत हो रहा है परिजन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जाएगी।

**नशीली दवा खाने से बैंक रिकवरी एजेंट की मौत:** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाले एक निजी बैंक रिकवरी एजेंट की शुक्रवार रात नशीली दवा खाने से मौत हो गई कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि 25 वर्षिय मनोज पुत्र राम शंकर थाना क्षेत्र स्थित गोपालपुरी मे रहकर निजी बैंक में रिकवरी एजेंट का काम करता थो शुक्रवार रात में मृतक मनोज ने नशीली दवा खा लिया था जिसे हालत बिगडता देख परिजनो ने नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद डाक्टरो ने मृत घोषित कर थाने मे मेमो भेज जानकारी दी थीं अस्पताल की सूचना पर पहुंची स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**स्टेशनरी दुकानदार ने डिप्रेशन के चलते फंदे से लटक गवाई जान:** आलमबाग कोतवाली इलाके मे रहने वाले एक स्टेशनरी दुकानदार ने शुक्रवार रात डिप्रेशन के चलते अपने घर के कमरे में चादर के सहारे पंखे से फांसी का फंदा बना आत्महत्या कर लीं देर रात्रि चाचा ने पंखे से लटका देख कंट्रोल नंबर पुलिस को सूचना दीं आलमबाग कोतवाली प्रभारी कपिल गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र के बड़ा बरहा में रहने वाले 36 वर्षिय मनीष कुमार ने अपने घर के कमरे मे शुक्रवार रात अपने कमरे में चादर के सहारे फांसी लगा आत्महत्या कर लीं देर रात मृतक के चाचा विष्णु शौच के उठे तो भतीजे को फंदे से लटका देख कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दीं सूचना पर पहुंची आलमबाग पुलिस युवक को फंदे से निचे उतार शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है` मृतक के चाचा के मुताबिक उनका भतीजा लम्बे से मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा था और वह डिप्रेशन में रहता थो परिवार मे माँ लज्जा बड़ा भाई आशीष और छोटा भाई चन्दन सहित मृतक मनीष था और वह स्टेशनरी की दुकान चलाता था और अविवाहित था।

## स्कूल पहुंची छात्रा की हालत बिगड़ी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित नवयुग पब्लिक स्कूल प्रांगण में शनिवार सुबह एक कक्षा 10 की स्कूल छात्रा की हालत अचानक से बिगड़ गई स्कूल प्रशासन ने परिजनों को फोन पर जानकारी दे नजदीकी निजी अस्पताल ले गऐ जहाँ इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई` सूचना पर पहुंची आलमबाग पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं आलमबाग कोतवाली प्रभारी कपिल गौतम ने बताया कि मूलरूप से जनपद अमेठी जगदीशपुर के रहने वाले विजय सिंह का परिवार पत्नी साधना और चार बच्चे राजवीर, अनन्या, कुशल व अर्वतिका लखनऊ के पीजीआई डूडा कॉलोनी में रहते हैं पुत्री अनन्या (15) आलमबाग क्षेत्र में स्थित नवयुग पब्लिक स्कूल हाई स्कूल की छात्रा थो रोज की तरह शनिवार सुबह 7:40 बजे ऑटो से अपने स्कूल पहुंची थी छात्रा के चाचा राज कुमार के अनुसार स्कूल से दस मिनट बाद ही फोन आया कि उनकी पुत्री की हालत बहुत खराब है जिसे स्कूल द्वारा अस्पताल लेकर जा रहे हैं वहीं स्कूल प्रशासन पास के ही आलमबाग स्थित एक निजी अस्पताल इलाज के लिए ले गऐ अस्पताल में इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई स्कूल की सूचना पर पहुंची आलमबाग पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं परिजनों के अनुसार छात्रा पूर्ण रूप से स्वस्थ थी और अपने से अकेले ही स्कूल आती जाती थी जबकि अन्य भाई बहन दूसरे स्कूल में पढाई करते है पिता गाँव में किसानी का कार्य करते है।

## किशोर लापता

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाकेमेरहनेवाला एक किशोर शुक्रवार को अपने घर से साइकिल से रस्सी खरीदने निकला था और लापता हो गयो कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि किशोर सुबह अपनी साइकिल से रस्सी खरीदने गया था और वह वापस घर नही लौटा न ही उनके बेटे के पास कोई मोबाइल है।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 1987 अनुक्रमांक 716272 प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। **मोतीलाल पुत्र श्री गणेश पाल ग्राम परसा उर्फ अगलहवा पोस्ट ककरही, गोरखपुर।**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2459284 प्रमाणपत्र व सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **समीर अन्सारी पुत्र म. यासीन अन्सारी ग्राम अतरौरा गोला, पोस्ट गोला गोरखपुर।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मैने अपने पुत्र देवी सरन को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। बृजलाल पुत्र बुद्धा निवासी-ग्राम पलिया मसूदपुर, थाना जहांगीराबाद, बाराबंकी।

**सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा प्रतापगढ़ में मेरी पॉलिसी संख्या 312427862 में मेरा नाम मांडवी सिंह दर्ज है एजबकि आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेजों में नाम संध्या सिंह है। संध्या सिंह और मांडवी सिंह एक ही व्यक्ति है। संध्या सिंह पत्नी अनुराग सिंह, ग्राम बहोरापुर, मजरे कटरा फुलकुंवर जनपद अमेठी

## मदद करने के बहाने एटीएम बदल कर निकाले 43 000 रुपये

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनी नगर इलाके में एक महिला की मदद करने के बहाने ए टी एम बदल कर धोखाधड़ी कर दो हजार रुपए निकाल लिए ।जब पीड़िता को पता चला कि हम जालसाजी का शिकार बन गई हूं ।इसके लिए पीड़िता ने सरोजनी नगर थाने पर जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सरोजनी नगर के अवध बिहार कालोनी बाग नंबर में निवास करती हैं ।शाहनूर बानो ने पुलिस को बताया कि मेरा खाता संख्या 6489 02010003794 है ।हमने केनरा बैंक के एटीएम से दो हजार रुपए निकाले ।जो अमौसी एयरपोर्ट के पास है ।पैसा निकलते समय शाहनूर बानो की मदद करने के बहाने एक लड़के ने ए टी एम कार्ड बदल लिया और रात्रि लगभग 10,54 बजे 23000 रुपए तीन बार में निकल लिया ।12,05 पर बीस हजार रुपए दो बार में निकल लिया ।कुल रुपए 43 000 रुपए निकाल लिए ।पीड़िता बहुत गरीब परिवार से है ।

**डिजिटल अरेस्ट कर जालसाजों ने ट्रांसफर कराये 36 हजार :** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले एक खाताधारक को जालसाजों ने एक माह पूर्व घर पर ही डिजिटल अरेस्ट कर डरा धमका पेटीएम एप के माध्यम से 36 हजार रुपए अपने एकाउंट में ट्रांसफर करा लिऐ कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित एलडीए कॉलोनी सेक्टर डी1 में रहने वाले हरेन्द्र सिंह पुत्र भानू प्रताप सिंह के अनुसार बीते 18 सितम्बर की सुबह दो अलग अलग नम्बरो से आये काल द्वारा उन्हें घर पर ही डिजिटल अरेस्ट कर जालसाजों डराया धमकाया और पेटीएम माध्यम से उनके बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से 36 हजार रुपए अपने एकाउंट में ट्रांसफर करा लिए।

# बाघ के अंगों के दो तस्करों को एसटीएफ ने दबोचा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बाघ के दाँतो व पंजों की तस्करी करने वाले अंतराष्ट्रीय गिरोह के दो तस्करो दीनदयाल व सतीश को बाघ के पांच दाँतों व दो पंजो के साथ लखीमपुर खीरी जिले के पलिया मार्ग के निकट ग्राम बोझवा से गिरफ्तार किया हैं ।बरामद बाघ के अंगों की अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई गई है ।दोनों तस्कर लखीमपुर खीरी जिले के थाना सिगाही के भैरमपुर के रहने वाले है ।पकड़े गए आरोपियों के पास से बाघ के दांत व पंजे के आलावा दो मोबाइल फोन और तीन सौ रुपए नकद और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

एडीजी कानून व्यवस्था/एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि जानकारी मिली थी कि लखीमपुर खीरी जिले के निघासन- पलिया मार्ग के निकट ग्राम बोझवा में दो लोग बाघ के दाँतो व पंजो की खरीद फरोख्त कर रहे है ।इस सूचना पर क्षेत्रीय वन अधिकारी विनय कुमार को अवगत



कराते हुए क्षेत्रीय वन अधिकारी व वन्य जीव अपराध नियंत्रक ब्यूरो नई दिल्ली की टीम को साथ लेकर दो ब्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से बरामदगी हुई ।पकड़े गए आरोपियों का एक गिरोह है, जो वन्यजीवो का वध करके उनके अंगो की तस्करी करता है ।इस गिरोह का सरगना दीनदयाल है ।उन्होंने बताया कि यह लखीमपुर के जंगलो में जानवरों का बध करने वाले व्यक्तियों से संपर्क करके उनसे जानवरों के अंग दांत, नाखून आदि खरीदते है और उनकी ऊँचे दामो में सप्लाई करते है ।पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध खीरी प्रभाग बफर जोन की पलिया रेंज पर रेंज में मुकदमा दर्ज कर खीरी प्रभाग बफर जोन की पलिया रेंज द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है ।

**महिला से पर्स लूटने वाले दो आरोपित गिराफ्तार:** बीते सोमवार को सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित मॉल के सामने से पैदल गुजर रही एक महिला से बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा पर्स लूट के मामले में शनिवार की सुबह पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिराफ्तार कर उनके पास से लूट का माल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की।

इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि सरिता सिंह पत्नी डा० प्रदीप सिंह सेलेब्रिटी मिडोज अपार्टमेण्ट, ब्लाक जे, 501 सुशान्त गोल्फ सिटी में परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने बीते सोमवार को तहरीर देते हुए बताया है कि वह पैदल लुलु माल की सर्विस लेन पर पैदल जा रही थी। तभी दो अज्ञात मोटर साइकिल सवार पीछे से आए, और पर्स लूट कर फरार्टा भरते हुए भाग निकले। पर्स में 2 मोबाइल फोन (सैमसंग व रेडमी) 25,000 रुपये नकद, व समस्त कागजात ,6 ए टी एम कार्ड, डेबिड व क्रेडिट कार्ड सहित) तथा सोने की एक चेन थी। पुलिस घटना के खुलासे के लिए पड़ताल कर रही थी कि उसे मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध शहीदपथ सर्विस लेन पर खड़े है पुलिस ने छापेमारी कर पटेल नगर निलमथा निवासी सुजीत कुमार रावत व शुकुरपुर रेवतापुर निलमथा निवासी रविन्द्र गौतम को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उनके पास से महिला के दोनो मोबाइल फोन और 5350 रुपये की नकदी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि पर्स से उसे दस हजार रुपये व अन्य सामान मिला जिसे आधा आधा बाट लिया था।

# रेलवे लाइन पर मिला छात्र का शव , परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

- गोसाईगंज पुलिस ने करवाई शिनाख्त, रामपाल त्रिवेदी इंटर कालेज के छात्र का था शव, बाइक स्कूल के पास खड़ी मिली

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शुक्रवार की देर रात कैंट थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन पर मिला शव गोसाईगंज के रामपाल त्रिवेदी इंटर कालेज में कक्षा 12 (कामर्स) में पढ़ने वाले छात्र का था। कैंट पुलिस से सूचना प्राप्त होने के बाद गोसाईगंज पुलिस ने कालेज की ड्रेस से पहचान करवाकर प्रधानाचार्य की मदद से शव की शिनाख्त करवाई। जिसके बाद कैंट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। छात्र की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

एसएचओ गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार कैंट पुलिस द्वारा उन्हें देररात सूचना दी गई कि उनके क्षेत्र में मोहनगंज के पास रेलवे लाइन पर एक युवक का छत विक्षत शव मिला है। कपड़े के आधार पर शव गोसाईगंज के रामपाल त्रिवेदी इंटर कालेज के छात्र की लग रहा है । पुलिस रात के वक्त ही प्रधानाचार्य से संपर्क कर फोटो के आधार पर शव की शिनाख्त कराई। पुलिस के मुताबिक मृतक छात्र की पहचान दीपांशु (18) पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम अनूप खेड़ा मजरा सिठौली कला थाना गोसाईगंज का रहने वाला था। वह रामपाल त्रिवेदी इंटर कालेज में कक्षा 12 कार्मस का छात्र था। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की स्थित देख कर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के भाई दीपक का आरोप है कि चांद सराय गांव में रहने वाले दो लोगो ने हत्या कर शव रेलवे लाइन पर फेंका है।

**लेखाशास्त्र का था पेपर:** शुक्रवार को छात्र दिव्यांशु का लेखा शास्त्र का पेपर था। प्रधानाचार्य रोहित कुमार वर्मा ने बताया कि वह पेपर देने के बाद टीचर से कोचिंग पढ़ने के बाद घर चला गया था। उसके बाद वह फिर कही निकला होगा। परिजनों का आरोप मृतक छात्र पेपर खत्म होने के बाद घर नहीं पहुंचा। जब देर शाम तक वह घर नहीं पहुंचा तो खोजबीन शुरू हुई। विद्यालय परिसर के पास उसकी बाइक खड़ी मिली। भाई दीपक ने बताया कि उसके भाई की मौत ट्रेन से नही बल्कि पीट पीट कर मारा गया। उसके सर, गर्दन,शरीर पर चोट ने निशान थे। उसके पैरों व हाथों को तोड़ा गया। मृतक के भाई दीपक ने चाँदसराय गांव निवासी व अतुल पर हत्या कर शव रेलवे लाइन पर फेके जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि खोजबीन के दौरान अतुल ने फोंन कर गुमराह किया। मृतक की लोकेशन लोनीकटरा बताई।

**पुलिस को प्रेम प्रसंग का शक :** रेलवे लाइन पर मिले छात्र का शव दुर्घटना व हत्या है या आत्म हत्या। इस मामले की तफ्तीश के दौरान पुलिसमें सामने प्रेम प्रसंग का मामला आया है। पुलिस अब इस बात का पता लगा रही है कि वह गोसाईगंज से 15 किमी दूर कैसे और किसके पहुंचा। परिजनों की माने तो उसे यदि आत्महत्या करना होता तो गोसाईगंज से 15 किमी दूर क्यो जाता वह गोसाईगंज क्षेत्र में भी आत्महत्या कर सकता था। यह पूरी तरह हत्या है।

**धारदार हथियार से किया जान लेवा हमला मुकदमा दर्ज :** सरोजनी नगर इलाके में राम लीला देखने आए एक युवक पर धारदार हथियार से जान लेवा हमला कर दिया ।पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ जान लेवा हमला करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है ।थाना काकोरी के भदमत खेड़ा निवासी सनी यादव पुत्र तेज पाल यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया है कि मैं सरोजनी नगर के मुंशीखेड़ा के राम विलास यादव अपने मामा के यहां आया था और राम लीला देखने के लिए राम लीला मैदान पहुंचा ।जहां पर कुछ लोगो ने मेरे ऊपर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया ।जिसमे मेरे मामा ने बताया कि एक लड़का शुभम रावत व शिव चरण रावत और मुंशी खेड़ा गांव के लड़के थे ।जिसका मेरे मामा और हमे नही पता है ।इस हमले में मुझे काफी चोटे आई है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर विधिक कार्य वाई की मांग की है।

## हत्या करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखनऊ।** थाना बिजनौर पुलिस ने हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को पुलिस ने जेल भेज दिया। थाना बिजनौर के माती निवासी सुखराम रावत पुत्र शीतल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।अभियुक्त पर आरोपी है की श्रीमती सुरसती पत्नी रंगीलाल द्वारा अपने बेटे संदीप के हम हो जाने की बिजनौर में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। नगराम में एक अज्ञात शव बरामद हुआ था ।जिसकी शिनाख्त संदीप के रूप में की गई थी ।जिसकी हत्या कई लोगो ने जमीन के पैसों को लेकर कर दी गई थी ।जिसमे इसके पहले घटना शामिल सभी अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है ।जिसमे केवल सुखराम अभी पकड़ से दूर था ।जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।गिरफ्तार करने के बाद अभियुक्त सुखराम रावत पर विधिक कार्य वाई कर न्यायायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड आवश्यक सूचना** जनपद-अयोध्या के अन्तर्गत समस्त वितरण खण्डों में विद्युत संयोजन के आई.डी.एफ. मीटरों के प्रकरणों के निस्तारण के लिए कार्य करने हेतु अधिक से अधिक संख्या में योग्य वर्क एजेंसियों को आवद्ध किया जाना है। इच्छुक वर्क एजेंसियां विद्युत वितरण मण्डल कार्यालय, अयोध्या में विभागीय नियमानुसार कार्य करने हेतु अपने सहमति पत्र सहित दिनांक 21.10.2024 तक मण्डल कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी कार्यों को निरस्त करने/विभिन्न फर्मों के मध्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार करने का सर्वाधिकार सुरक्षित होगा। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या।**

**''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''**

**(पत्रांक 10309/दि. 19.10.2024)**


भूतनाथ बाजार में करवाचौथ के लिए करवा खरीदतीं महिलाएं


हजरतगंज में मेंहदी लगवाती महिलाएं


करवाचौथ पूजा की सामग्री की खरीदारी करती महिलाएं

# करवाचौथ आज, सुहाग की लम्बी उम्र की दुआ करेंगी सुहागिनें



- पूजा का शुभ मुहूर्त रविवार शाम 5.33 से 6.49 बजे तक
- लखनऊ में चंद्रोदय शाम 07.54 बजे होगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुहाग की लम्बी उम्र की दुआ...जन्म-जन्मांतर के साथ की कामना...सुख-समृद्धि की आस मन में लिए 20 अक्टूबर रविवार को सुहागनें अन्न-जल त्यागकर करवाचौथ का व्रत करेंगी। धार्मिक मान्यताओं, परम्पराओं से जुड़ा यह त्योहार अहसासों के साथ भी जुड़ा होता है। शादी को चाहे एक साल हुआ हो या कई बसंत बीत गए हों, इस दिन दुल्हन की तरह सजने की कामना हर सुहागन की होती है। जो महिलाएं इस दिन व्रत रखकर चन्द्रमा को अर्घ्य देंगी उनकी मनोकामनाएं जरूर पूरी होंगी। साथ ही वैवाहिक जीवन में सुख बना रहेगा। मान्यता है कि करवा चौथ के दिन मां गौरी और भगवान शिव के साथ गणेश भगवान का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**करवाचौथ में बन रहे शुभ योग:** इस बार करवा चौथ पर गजकेसरी योग, बुधादित्य योग और शश योग रहेगा। उच्च का चन्द्रमा रोहणी नक्षत्र में शुभ संयोग भी बना रहा है। यह संयोग सुहागिनों के लिए बहुत शुभ और फलदायी है।

कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ का व्रत होता है। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि इस वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरूआत 20 अक्तूबर रविवार को सुबह 6.46 बजे से शुरू होकर अगले दिन 21 अक्तूबर को सुबह 4.16 बजे तक रहेगी। ऐसे में करवा चौथ का व्रत 20 अक्टूबर रविवार को रखा जाएगा।

**चन्द्र दर्शन व अर्घ्य देकर पूर्ण होता है व्रत:** सुहागिन महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए करवा चौथ का व्रत करती हैं। इस दिन महिलाएं सुबह स्नान-ध्यान कर सुख सौभाग्य का संकल्प करते हुए व्रत रखती हैं। महिलाएं मेहंदी, सिंदूर, मंगलसूत्र, चूड़ियां, बिंदी, बिछिया के साथ शादी का जोड़ा या लहंगा पहन कर सोलह श्रृंगार करती हैं। शाम को शिव, गौरी, गणेश जी का पूजना और करवा चौथ की कथा सुनती हैं। चन्द्रोदय के बाद चन्द्रमा का दर्शन पूजन कर अर्घ्य देकर पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत पूर्ण करती हैं।



**करवा चौथ व्रत पूजा सामग्री:** मिट्टी का टोंटीदार करवा, ढक्कन के साथ, शिव-पार्वती और भगवान गणेश की एक फोटो, करवाचौथ व्रत कथा की किताब, दीपक और घी में भीगी बाती, गौरी बनाने मिट्टी या गाय का गोबर, गेंहू, पानी का लोटा, लकड़ी का आसन या पटा, आटा छानने वाली छलनी, कच्चा दूध, कुमकुम, अगरबत्ती, फल-फूल, शहद, शुद्ध घी, दही, गंगाजल, चावल, मिठाई, लाल सिंदूर, महावर रंग, कंघी।

**इन योगों के बनने से होगा लोगों को लाभ:** करवा चौथ पर बन रहे शुभ योग ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, अब की बार सूर्य और बुध दोनों ही ग्रह शुक्र की राशि तुला में हैं। ऐसे में बुधादित्य योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही शुक्र के वृश्चिक राशि में आने वह गुरु के साथ मिलकर समसप्तक योग का निर्माण कर रहे हैं। इसके अलावा शनि अपनी राशि कुंभ में रहकर शश राजयोग का निर्माण कर रहे हैं। इसके अलावा चंद्रमा वृषभ राशि में गुरु के साथ युति करके गजकेसरी राजयोग का निर्माण कर रहे हैं।

**सरगी से होती है करवा चौथ व्रत की शुरूआत :** करवा चौथ व्रत की शुरूआत हमेशा सरगी खाने से की जाती है, जो सूर्योदय से लगभग दो घंटे पहले तक खाई जाती है। व्रत शुरू होने से पहले सास अपनी बहू को उपहार देती है। यदि सास न हो तो घर की बड़ी महिला या ननद भी सरगी दे सकती है। सरगी की थाल में कुमकुम, बिंदी, मेहंदी, साड़ी, सिंदूर, बिछिया, सूखे मेवे, मिठाई, ताजे फल, शगुन मनी आदि शामिल होते हैं।

## महिलाओं ने सजने-संवरने के साथ लगवाई मेहंदी, बाजारों में रही भीड़







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में करवाचौथ की प्लानिंग जोरों पर है। बजारों में रौनक है। जगह-जगह दुकानें सज गई हैं। महिलाएं किसी भी मामले में पीछे नहीं रहना चाहती हैं। शायद इसीलिए अभी से हाथों में मेहंदी सजानी शुरू कर दी है। बताते चलें कि करवाचौथ महिलाओं का सबसे अहम और मुख्य त्यौहारों में से एक है। इसके लिए बाजार गुलजार हो गए हैं। चारों ओर रौनक है। कोई मेंहदी लगवा रहा है तो कोई पार्लर में मेकअप करवा रहा है। वहीं, करवा पूजा के लिए बाजारों में पूजा के लिए चूरा-गट्टा, खील-खिलौना, सजे हुए मिट्टी के करवा और सीकों की दुकानें सज गई हैं। करवाचौथ के लिए श्रृंगार का सामान जैसे चूड़ी, कंगना तो कोई करवा के साथ करवा कहानी के पोस्टर खरीद रहा है। रविवार 20 अक्टूबर को करवाचौथ का व्रत रखा जायेगा।

**देर रात तक सुहागिनों ने लगवायी मेहंदी :** शनिवार को मेहंदी लगवाने का दौर शुरू हो गया। सुहागिने अपने हाथों में मन पसंद मेंहदी लगवा रही थी। वहीं कई महिलाएं मेंहदी लगवाने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रही थी। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस बार मेंहदी में बेल 50,100, 200 रुपए में लगाया जा रहा है। वहीं भरा हाथ 300 से 500 रुपए तक लग रहा है। वहीं शनिवार को पार्लर में भी काफी भीड़ रही कई सुहागनों से करवा चौथ के दिन सजने के लिए पार्लरों में बुकिंग भी करवाई है।

**बाजारों में मेहंदी लगवाने का दिखा क्रेज :** करवाचौथ पर मेहंदी का क्रेज सबसे ज्यादा रहता है। मार्केट में मेहंदीवाले अपनी दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। महिलाओं को जहां विभिन्न डिजाइन पसंद आ रही हैं वहीं महिलाएं हाथ-पैरों में मेहंदी लगवा रही हैं। इसमें राजस्थानी, डिजाइनर बूटें, पोर्ट्रेट, फुल हैंड, अरेबिक स्टाइल आदि की डिमांड सबसे ज्यादा। इनकी शुरूआत डिजाइन के अनुसार 500 रुपये से लेकर हजारों में है। इसके अलावा, महिलाओं द्वारा करवाचौथ पर सजने के लिए मेकअप आर्टिस्ट समेत ब्यूटी पार्लर भी बुक कर हैं, जिसको लेकर लंबी वेटिंग भी चल रही है। ब्यूटीशियन मनीषा सिंह के मुताबिक, महिलाओं में बेसिक, एयर ब्रश और एचडी मेकअप की डिमांड सबसे ज्यादा बनी हुई है। इसमें फेशियल, मैनिक्योर.पैडीक्योर आदि भी शामिल है। इसकी शुरूआत दो हजार रुपए से होती है, जो पैकेज के अनुसार बढ़ती जाती है।

**नवविवाहिताएं कर रहीं लाल रंग की चूड़ियां पसंद:** :नवविवाहिताएं लाल रंग की चूड़ियां ज्यादा पसंद कर रही हैं। सिंपल व प्लेन लाल रंग की चूड़ियां 40 रुपये दर्जन से लेकर 100 रुपये दर्जन तक बाजार में मिल रही हैं। 50 रुपये से लेकर 500 रुपये तक का कंगन बाजार में मिल रहा है। सुहागिनें करवाचौथ ांतअं बींनजी पर सुहागिन बुजुर्ग महिलाओं को उपहार स्वरूप श्रंगार का सामान व चूड़ी भेंट करती हैं, उनको दिए जाने वाले इस उपहार की खरीदारी के लिए हर रेंज में सौदर्य प्रसाधन उत्पादन व चूड़ियां उपलब्ध हैं।





**डिजायनर गहनों की खूब रही डिमांड:** करवाचौथ को लेकर इस बार आभूषणों की दुकानों में शानदार और लेटेस्ट डिजाइनों के कलेक्शन युवा जोड़ों में काफी डिमांड में है। आभूषणों में ब्राइडल गोल्ड टेंपल ज्वेलरी, कुंदन ज्वैलरी, पोलकी, डायमंड व सिल्वर कलेक्शन खूब पसंद किया जा रहा है। सोने की घड़ी, ब्रोच, ब्रेसलेट की भी जमकर खरीदारी हो रही है। 20 से 40 वर्ष की आयु वाली महिलाएं आक्सीडाइज्ड सिल्वर ज्वेलरी और लाइट वेट पोलकी ज्वेलरी पसंद कर रही हैं। वहीं पुरुष इटेलियल ब्रेसलेट एंड चेन पसंद कर रहे हैं।

**डिजाइनर थाली पहली पसंद:** बाजार में कढ़ाई वाली साड़ियों को काफी पसंद किया जा रहा है । करवाचौथ में इस बार डिजाइनर थाली महिलाओं को लुभा रही है। थालियों की कीमत दो सौ से लेकर साढ़े सात सौ रुपये तक है। लाल रंग के वेलवेट पेपर से सजी थाली में तांबे का लोटा, दीपक और धूप.अगरबत्ती स्टैंड बना हुआ है। इसके अलावा मिट्टी के करवे एवं दीयों को भी नया लुक दिया गया है।

**खूब बिके मिट्टी के करवा:** इस पर्व पर सबसे महत्वपूर्ण करवा होता है, जिसके बिना व्रत पूर्ण नहीं माना जाता। मार्केट में मिट्टी के डिजाइनर व कलरफुल करवा आये हैं, जो देखने में बेहद आकर्षक लग रहे है। इनकी शुरूआत 50 रुपये से 150 रुपये तक है। हालांकि, महंगाई के चलते करवा के दामों में 20 फीसदी से अधिक का इजाफा हुआ है। वहीं, मार्केट में विशेष डिमांड पर चांदी-सोना के भी करवा मिल रहा है। इनका दाम वजन व डिजाइन के अनुसार है।

**डेढ़ लाख तक बिका सोने-चांदी का करवा:** लखनऊ में करवाचौथ को लेकर अमीनाबाद, चौक सहित शहर के अधिकांश बाजार दुल्हन की तरह सज चुके हैं। इस बार चांदी के चुरू, बिकानेरी, कोलकाता के साथ लखनवी डिजाइन के करवे सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। इनकी कीमत 08 हजार से 1.50 लाख रुपये तक है। इनका मुख्य आकर्षण इनपर हुई खूबसूरत डिजाइन है। इसके अलावा कोल्हापुरी और बनारसी करवे की मांग भी अधिक है। सोने के करवे अमूमन 01 लाख रुपये से ऊपर के हैं। हालांकि सोने की पानी चढ़ाई हुई करवे की कई रेंज उपलब्ध है। इंदिरा नगर के सराफा कारोबारी राघव रस्तोगी ने बताया कि 3.50 किलो चांदी का करवा सवा तीन लाख रुपये का है। इसमें दक्षिण भारत के मंदिरों की नक्काशी की गई है। लखनऊवा करवा 100-500 ग्राम तक उपलब्ध है। ये चांदी के पत्तर पर बना होता है।

# धन धन रामदास गुरु जिन सिरिआ तिनै सवारिआ...

## गुरु रामदास जी के प्रकाश उत्सव पर नाका गुरुद्वारे में नगर कीर्तन संग सजा दीवान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** शनिवार को सिक्खों के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी महाराज के प्रकाश उत्सव (जन्मोत्सव) पर एक नगर कीर्तन गुरूद्वारा श्री गुरु रामदास जी आर्या नगर से श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी की छत्रछाया में जिसकी अगुवाई परम्परागत वेशभूषा से सुसज्जित पांच प्यारे अपने हाथों में खुली कृपाण लेकर कर रहे थे, जिनके पीछे विशेष रूप से सजाई गई फूलों से सुसज्जित भव्य पालकी साहिब में सुशोभित श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी को ज्ञानी गुरजिंदर सिंह चांवर कर रहे थे। उक्त पालकी साहिब के आगे मार्ग की सफाई करके श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी की सवारी के लिये मार्ग पर पुष्प बिछा रहे थे।

दशमेश सेवा सोसाइटी के संचालक मंडल के ताजिंदर सिंह और इंद्रजीत सिंह ने बताया कि शहीद बाबा दीप सिंह जी गतका ग्रुप अमरोहा द्वारा गतके के जौहर दिखाते हुए प्रभात फेरी मोदीनगर चौराहा, गौड़िया मठ रोड, डीएवी कालेज ऐशबाग रोड, नाका चौराहा, होता हुआ नगर कीर्तन वापस गुरूद्वारा साहिब पहुंचा। इस नगर कीर्तन में खालसा इण्टर कालेज के एन.सी.सी. छात्रों एवं बैंड तथा श्री गुरूनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज बांसमंडी की बच्चियों ने बैण्ड बाजों के साथ भाग लिया। इस नगर कीर्तन में कई निष्काम जत्थों पंजाबी यूथ ऐसोसिऐशन, सिख यंग मेन्स एसोसियेशन, सिक्ख सेवक जत्था, सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी, माता गुजरी सत्संग सभा ने शबद कीर्तन गायन किया। नगर कीर्तन के सम्पूर्ण मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा, चाय, बिस्कुट, समोसे, पकौडे, बाबा दीप सिंह जी फाउन्डेशन द्वारा शीतल पेय स्टाल लगाकर प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। शाम का विशेष दीवान 6:30 बजे रहिरास साहिब के पाठ से आरंभ हुआ जो रात्रि 10:00 बजे तक चला जिसमें सिमरन साधना परिवार के बच्चों ने शबद धंन धंन रामदास गुर जिन सिरिआ तिनै सवारिआ।। गायन कर समूह संगत को निहाल किया उसके उपरान्त ज्ञानी गुरजिंदर सिंह जी ने श्री गुरु रामदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए दिल को छू देने वाले विचार व्यक्त किया विशेष रूप से पधारे रागी तथा भाई दविंदर सिंह जी हजूरी रागी गुरुद्वारा सदर ने रामदास सरोवर नाते सबि उतरे पाप कमाते गायन कर समूह संगत को मंत्र मुक्त कर दिया। प्रातः एवं सायं के कार्यक्रमों की समाप्ति के उपरान्त लंगर वितरित किया गया।

### यहियागंज गुरुद्वारे में मना प्रकाश पर्व

**लखनऊ।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी गुरुद्वारा यहियागंज में श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉक्टर गुरमीत सिंह के संयोजन मे विशेष रूप से भाई गुरप्रीत सिंह अटारी हजूरी रागी श्री दरबार साहब अमृतसर वालों ने शबद कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 7:00 बजे हुई एवं समाप्ति देर रात हुई। कार्यक्रम की समाप्ति पर गुरु का लंगर वितरित किया गया गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि श्री गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर शनिवार को प्रातः से लेकर दोपहर तक विशेष दीवान का आयोजन किया गया है।

# वक्रतुण्ड संकष्टी चतुर्थी आज भक्त करेंगे बप्पा की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इस साल आश्विन महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा जाएगा। अक्टूबर महीने की इस चतुर्थी को वक्रतुण्ड संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाएगा। इस चतुर्थी का व्रत संतान की लंबी उम्र व अच्छी सेहत के लिए रखा जाता है।

वक्रतुण्ड चतुर्थी के दिन गणेश भगवान और चंद्र देव की पूजा-उपासना की जाएगी। कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को भगवान गणेश की पूजा के लिए विशेष माना जाता है। कहा जाता है कि इस तिथि पर बप्पा की पूजा का सार्थक फल भक्तों को मिलता है. वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी की तारीख करीब आ रही है। ऐसे तो साल में 12 विनायक चतुर्थी और 12 संकष्टी चतुर्थियां होती हैं, लेकिन कार्तिक महीने में पड़ने वाली चतुर्थी को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।

**पूजा विधि:** कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन ब्रह्म बेला में उठकर भगवान गणेश का ध्यान कर दिन की शुरूआत करें। अब घर की साफ-सफाई करें। दैनिक कार्यों से निवृत्त होने के बाद गंगाजल युक्त पानी से स्नान करें। अब आचमन कर व्रत संकल्प लें और पीले रंग का वस्त्र का धारण करें। इसके बाद सूर्य देव को जल का अर्घ्य दें। अब पंचोपचार कर भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा करें। इस समय भगवान गणेश को पीले रंग का फूल, फल, मोदक, मालपुए और दूर्वा अर्पित करें। पूजा के समय गणेश चालीसा और गणेश स्तोत्र का पाठ एवं मंत्र जप करें। अंत में आरती करें। इस समय भगवान गणेश से सुख, समृद्धि और आय में वृद्धि की कामना करें। दिनभर उपवास रखें और संध्याकाल में आरती कर फलाहार करें। अगले दिन पूजा-पाठ कर व्रत खोलें।

**शुभ योग :** ज्योतिषियों की मानें तो कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर वरीयान योग का निर्माण दोपहर 02 बजकर 13 मिनट से हो रहा है। साथ ही शिववास योग का भी संयोग बन रहा है। इस योग में देवों के देव महादेव कैलाश पर विराजमान रहेंगे। इस दौरान भगवान गणेश की पूजा करने से व्रती को दोगुना फल प्राप्त होगा।

# दो रेलखंडों पर मरम्मत कार्य के कारण कई ट्रेनें प्रभावित



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन हेतु उत्तर रेलवे के अम्बाला मण्डल के चण्डीगढ़ स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या-1, 2, 3 एवं 4 तथा चण्डीगढ़ कॉनकोर्स एरिया में गर्डर कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, अतिरिक्त अस्थाई ठहराव, बर्थिंग बदलाव किया जायेगा।

शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन के तहत रामनगर से 21 अक्टूबर को चलने वाली 12527 रामनगर-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस चण्डीगढ़ के स्थान पर अम्बाला में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी अम्बाला से चण्डीगढ़ के मध्य निरस्त रहेगी। चण्डीगढ़ से 21 अक्टूबर को चलने वाली 12528 चण्डीगढ़-रामनगर एक्सप्रेस अम्बाला से चलाई जायेगी। यह गाड़ी चण्डीगढ़ से अम्बाला के मध्य निरस्त रहेगी। अतिरिक्त अस्थाई ठहराव के तहत सहरसा से 20 अक्टूबर को चलने वाली 15531 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस का चण्डीगढ़ के स्थान पर साहिबजादा अजीत सिंह नगर मोहाली स्टेशन पर अतिरिक्त अस्थाई ठहराव दिया जायेगा। अमृतसर से 21 अक्टूबर को चलने वाली 15532 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस का चण्डीगढ़ के स्थान पर साहिबजादा अजीत सिंह नगर मोहाली स्टेशन पर अतिरिक्त अस्थाई ठहराव दिया जायेगा। लखनऊ जं. से 19 से 23 अक्टूबर तक चलने वाली 15011 लखनऊ जं.-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस का चण्डीगढ़ के स्थान पर घग्घर स्टेशन पर अतिरिक्त अस्थाई ठहराव दिया जायेगा।चण्डीगढ़ से 19 से 24 अक्टूबर तक चलने वाली 15012 चण्डीगढ़-लखनऊ जं. एक्सप्रेस का चण्डीगढ़ के स्थान पर घग्घर स्टेशन पर अतिरिक्त अस्थाई ठहराव दिया जायेगा।

प्लेटफार्म में बदलाव के तहत चण्डीगढ़ से 19 से 27 अक्टूबर तक प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को चलने वाली 15904 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस चण्डीगढ़ स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-4 के स्थान पर प्लेटफार्म संख्या-6 से चलाई जायेगी। जबकि उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मण्डल के जलंधर कैण्ट स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के अन्तर्गत किये जाने वाली इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, मार्ग परिवर्तन, पुनर्निर्धारण एवं नियंत्रण किया जायेगा।

शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन के तहत सहरसा से 20 अक्टूबर को चलने वाली 15531 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस अमृतसर के स्थान पर चण्डीगढ़ में यात्रा समाप्त करेगी। अमृतसर से 21 अक्टूबर को चलने वाली 15532 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस अमृतसर के स्थान पर चण्डीगढ़ से चलाई जायेगी। जलंधर सिटी से 20 अक्टूबर को चलने वाली 22552 जलंधर सिटी-दरभंगा एक्सप्रेस जलंधर सिटी के स्थान पर अम्बाला से चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के तहत कटिहार से 20 से 22 अक्टूबर तक चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग लुधियाना-फिल्लौर-फगवाड़ा-जलंधर सिटी के स्थान पर लुधियाना-फिल्लौर-नकोदर-जलंधर सिटी के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 20 एवं 23 अक्टूबर को चलने वाली 04652 अमृतसर-जयनगर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग जलंधर सिटी-लुधियाना के स्थान पर जलंधर सिटी-नकोदर-फिल्लौर-लुधियाना के रास्ते चलाई जायेगी।

पुनर्निधारण/नियंत्रण के तहत पूर्णिया कोर्ट से 19 से 23 अक्टूबर तक चलने वाली 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। जयनगर से 19 से 23 अक्टूबर तक चलने वाली 14649/14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।जयनगर से 20 एवं 22 अक्टूबर को चलने वाली 04651 जयनगर-अमृतसर विशेष गाड़ी 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। अमृतसर से 24 अक्टूबर को चलने वाली 05006 अमृतसर-गोरखपुर विशेष गाड़ी 10 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। अमृतसर से 20 अक्टूबर को चलने वाली 22424 अमृतसर-गोरखपुर एक्सप्रेस 10 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। अमृतसर से 20 से 24 अक्टूबर को चलने वाली 14650/14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस 15 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। अमृतसर से 23 अक्टूबर को चलने वाली 14604 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस 15 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

## रेलवे लाइन के किनारे पड़े हुए अनधिकृत स्लीपर्स तुरंत हटायें : वर्मा

- संरक्षा महानिदेशक रेलवे बोर्ड ने संरक्षा व्यवस्था को लेकर की बैठक
- मण्डल की संरक्षा व्यवस्था से हुए अवगत, संरक्षा बैठक में सम्मिलित होकर किया मंथन, पारित किए निर्देश




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलयात्रियों की संरक्षित यात्रा एवं रेलों के संरक्षित परिचालन को सर्वप्रथम मानते हुए भारतीय रेल द्वारा अपनी संरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और सशक्त बनाने के लिए निरंतर नए प्रयास किए जा रहे है। संरक्षा संबंधी इन्हीं कार्यकलापों के अंतर्गत शनिवार को महानिदेशक संरक्षा रेलवे बोर्ड हरी शंकर वर्मा का उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल में पहुंचे। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा से मंडल की संरक्षा व्यवस्था की कार्यप्रणाली तथा इस विषय में किए जा रहे प्रयासों एवं गतिविधियों की क्रमवार जानकारी प्राप्त की। संरक्षा महानिदेशक इस अवसर पर मंडलीय कार्यालय के सभागार में आयोजित संरक्षा संबंधी बैठक में सम्मिलित हुए। इस सभा में संरक्षा से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे रेलवे लाइनों के पास रहने वाले लोगों को जागरूक किया जाए की वो अपने पालतू जानवर व स्वयं को भी रेलवे लाइन से दूर रखें। डाटा लॉगर को समय समय पर चेक किया जाए की यह काम कर रहा है या नहीं। मण्डल द्वारा समय समय पर सेफ्टी सर्कुलर की जानकारी से कर्मचारियों को जागरूक किया जाता रहे। मंडल स्तर पर नियमित तौर पर सेफ्टी सेमिनार एवं संरक्षा संबंधी अन्य कलापों का आयोजन किया जाता रहे। निरीक्षणों के दौरान रेलवे लाइन के किनारे पड़े हुए अनाधिकृत स्लीपर्स तथा संदिग्ध सामान तत्काल हटाए जाएं, जिससे कोई अप्रिय घटना न होने पाए इत्यादि पर चर्चा हुई। महानिदेशक ने इस बैठक में संरक्षा के संबंध में अपने सुझाव और निर्देश पारित किए।

इस अवसर पर महानिदेशक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संरक्षा प्रथम, संरक्षा सर्वोपरि के मूलमंत्र का अनुसरण करते हुए कार्य करने की बात पर विशेष बल दिया। उन्होंने संरक्षा कोटि से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मियों सहित अन्य सभी विभागों के आपसी तालमेल और उचित सहयोग के साथ संरक्षा संबंधी कार्य करने की बात कही। साथ ही उन्होंने संरक्षा संबंधी सभी उपकरणों, संकेतकों एवं यंत्रों का उचित रखरखाव तथा नियमित निगरानी करने पर अतिरिक्त बल दिया, ताकि वे सभी अपनी पूर्ण दक्षता से कार्य कर सकें एवं संरक्षा के सभी कार्यों को उचित मानकों के आधार पर सम्पन्न किया जा सके। इस बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक नीलिमा सिंह सहित सभी विभागों के शाखाध्यक्ष, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## त्रासदी और संघर्ष की कहानी है 'उठो अहल्या'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रंगनाद द्वारा रसमंच योजना के अन्तर्गत नाटक उठो अहल्या का मंचन रोजी मिश्रा के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर रंगनाद द्वारा जयदेवी नेपथ्य अलंकरण सम्मान का प्रारंभ किया गया जो पुष्पा मित्तल को दिया। यह सम्मान प्रत्येक वर्ष उन को दिया जाएगा जो पार्श्व से पूर्ण सहयोगी रहे। उठो अहिल्या सुरेंद्र दुबे द्वारा रचित एक प्रभावशाली नाटक है, जिसका कथानक पौराणिक कथाओं से प्रेरित है। यह नाटक अहल्या के जीवन और उसके उद्धार की कहानी पर आधारित है। अहल्या का चरित्र रामायण में महत्वपूर्ण स्थान रखता है, और इस नाटक में उसकी त्रासदी, संघर्ष, और मुक्ति की प्रक्रिया को दशार्या गया है।

अहिल्या, जो ऋषि गौतम की पत्नी थी, उसकी सुंदरता के कारण इंद्र ने उसे छल से वशीभूत किया। इंद्र के इस छल के कारण ऋषि गौतम ने अहल्या को श्राप दिया, जिसके परिणामस्वरूप अहिल्या पत्थर समान हो गई। इस शाप के कारण अहल्या वर्षों तक अपने पापों का प्रायश्चित करती रही। वह एक प्रतीक बन गई – स्त्रियों के सम्मान और उनके अस्तित्व के संघर्ष का इस में गौतम की भूमिका में सौरव, नवयुवती अहल्या अनुश्री, बड़ी अहल्या भूमिका गुप्ता, सुलभा भावना, घोषणा आद्या मिश्रा, ब्रह्मा की भूमिका में योगेन्द्र, इन्द्र में अक्षय सक्सेना, सोम-मरूत में शिखर -अश्वनी, राम प्रखर, लक्ष्मण में कृष्णा, विश्वामित्र आकाश दयाल साथ ही आश्रम ऋषि की भूमिका में नितीश वर्मा, विनय, प्रबल रहे। प्रकाश परिकल्पना देवाशीष मिश्रा, संगीत राहुल शर्मा का रहा। अहल्या की मुक्ति तब होती है जब भगवान राम उसके क्षेत्र में आते हैं और उसका उद्धार होता है। राम के इस कार्य को नाटक में न्याय और करुणा का प्रतीक माना गया है। अहल्या के जीवन की यह कहानी स्त्री सम्मान, नारी सशक्तिकरण, और समाज में नैतिकता के पुनर्स्थापन का संदेश देती है।

## सिखों के चौथे गुरु रामदास ने बसाया था अमृतसर शहर

- उ.प्र. पंजाबी अकादमी की संगोष्ठी में आमंत्रित कवियों ने प्रेरक काव्य पाठ भी किया



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी की ओर से श्री गुरु रामदास जी, श्री हरिमंदिर साहिब, श्री अमृतसर और राष्ट्रीय चेतना विषयक संगोष्ठी का आयोजन आलमबाग चन्दर नगर गेट स्थित श्री गुरु तेग बहादुर भवन में शनिवार को किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित विद्वानों ने बताया कि सिखों के चौथे गुरु रामदास ने अमृतसर शहर बसाया था। इस अवसर पर कार्यक्रम कॉर्डिनेटर अरविन्द नारायण मिश्र ने संगोष्ठी में उपस्थित विद्वानों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

संगोष्ठी में आमंत्रित विद्वान दविन्दर पाल सिंह बग्गा ने बताया कि गुरु रामदास जी ने कई गांवों से जमीन खरीद कर साल 1570 के बाद बड़े सुनियोजित ढंग से नए विकसित नगर बसाने का महती कार्य किया। उनकी दूरदर्शिता इसी से प्रकट होती है कि उन्होंने एक ओर जहां जल आपूर्ति के लिए बड़े-बड़े सरोवर बनाए वहीं कुटीर उद्योग और लघु उद्योगों के कारीगरों के लिए अलग-अलग बस्तियां तक बसायी। यह नगर सबसे पहले चक्क रामदास, फिर रामदासपुर और फिर अमृतसर के रूप में प्रसिद्ध हुआ। बाद में अमृतसर सरोवर और इसके मध्य हरमंदिर साहिब का निर्माण हुआ जो सिख धर्म के सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार के लिए केंद्रीय स्थान और आध्यात्मिक शक्ति का स्रोत स्थल बन गया। वरिष्ठ पंजाबी लेखक नरेन्द्र सिंह मोंगा ने बताया कि सिखों के चौथे गुरु श्री गुरु राम दास जी ने जिस क्षेत्र में श्री अमृतसर नगर बसाया वह पौराणिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अमृतसर में श्री हरिमंदिर साहिब से मात्र ग्यारह किलोमीटर की दूरी पर राम तीर्थ स्थित है, जहां वाल्मीकि आश्रम में वाल्मीकि रामायण लिखी गई थी। लव-कुश का यहीं जन्म हुआ और बाल्यकाल में वहीं पालन पोषण किया गया। इस स्थान पर कई पुरातन मंदिर हैं और महर्षि वाल्मीकि की आठ फिट ऊंची स्वर्ण मंडित मूर्ति स्थापित है।

## लखनऊ जं. पर कल लगेगी स्वच्छता चौपाल

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वच्छ भारत अभियान' के लक्ष्यों को प्राप्त करने के संबंध में भारतीय रेल निरंतर प्रतिबद्धता दिखा रही है। इसी उद्देश्य से, भारतीय रेलवे में स्वच्छता चौपाल एवं विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 के माध्यम से न केवल स्वच्छता के उच्च मानकों को स्थापित कर रही है, अपितु जन-भागीदारी को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में 21अक्टूबर को समय 15:00 बजे लखनऊ जं. स्टेशन के कोनकोर्स एरिया में मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छता चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य सीधे तौर पर रेल यात्रियों से जुड़ना है तथा भारतीय रेल के बेहतरीन प्रदर्शन एवं उच्च मानकों को स्थापित करना है। इस दौरान शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, कॉलेज के छात्र-छात्राएं, वरिष्ठ नागरिक तथा रेल उपभोक्ताओं के साथ मण्डल के रेल अधिकारियों द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में सीधा संवाद किया जाएगा।

## स्व. मोहन सिंह बिष्ट की स्मृति में टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**लखनऊ।** उत्तराखण्ड महापरिषद लखनऊ द्वारा आयोजित दस दिवसीय उत्तराखण्ड महोत्सव का आयोजन 09 नवंबर 2024 से 18 नवम्बर 2024 तक गोमती तल लखनऊ में किया जाना है। इसी क्रम में उत्तराखण्ड महापरिषद के पूर्व अध्यक्ष स्व. मोहन सिंह बिष्ट की स्मृति में महापरिषद द्वारा टी-10 क्रिकेट चैमपियनषिप का आयोजन दिनांक 19 व 20 अक्टूबर 2024 ( शनिवार व रविवार ) को प्रातः 07:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक सहारा स्टेट, क्रिकेट स्टेडियम, जानकीपुरम लखनऊ में किया गया है। जिसमें लखनऊ की 12 टीमों के बीच नॉक आउट मैन आज खेला गया। प्रथम दिवस टी-10 क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन हिमाशु असनौरा स्टार क्रिकेट खिलाड़ी रणजी उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्व0 मोहन सिंह बिष्ट की पत्नी श्रीमती हीरा बिष्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रही। सर्व प्रथम राष्ट्रीय गीत से सुभारम्भ किया गया। तदोपरांत सभी ने स्व0 मोहन सिंह बिष्ट की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित की। टी- 10 क्रिकेट टीम के प्रभारी कैलाश सिंह ने बताया कि 12 टीमों के बीच आज नॉक आउट मैच खेला गया।

## बच्चों ने पेड़ों की रक्षा की ली शपथ

**लखनऊ।** शी केयर फाउंडेशन और द संस्कृति स्कूल, सीजी सिटी लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में द संस्कृति स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को हुआ। पौधारोपण में केजी क्लास से लेकर 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व शपथ ली कि पेड़ पौधों की रक्षा करेंगे। इसके बाद भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं को ग्रीन और गुड हेल्थ एंड वेल्थ बीइंग विषय पर भाषण देने को कहा गया। भाषण प्रतियोगिता की खास बात थी कि इसमें स्पेशल छात्रों को भी भाग लेने का मौका दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संतुलन व स्वस्थ रहने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम अपराजिता, द्वितीय अनिका व तृतीया पुरस्कार सरन्या को समाज के समग्र सशक्तिकरण का कार्य कर रही है। शी केयर फाउंडेशन ने पुरस्कार स्वरूप शील्ड और प्रमाण पत्र वितरित किये। शी केयर की अध्यक्ष अर्चना त्रिपाठी ने बच्चों को उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने पर प्रोतसाहित किया। कार्यक्रम में द संस्कृति स्कूल के स्टाफ के अलावा शी केयर फाउंडेशन के मेंटॉर संजय पांडेय, स्औरं संस्था के सदस्य अमरेंद्र, गीतिका, प्रदीप शर्मा, स्तुति व मनीषा संजय की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## रावण वध व श्रीराम राज्याभिषेक देखकर दर्शक हुए भावविभोर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मयार्दा पुरूषोतम भगवान श्रीराम चन्द्र जी की रामलीला का आयोजन पर्वतीय महापरिषद भवन, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ में किया गया जिसमें आज अन्तिम दिवस पर शबरी प्रसंग, राम सुग्रीव मैत्री, हनुमान जी की सीता की खोज हेतु लंका भेजना, अशोक वाटिका, लक्ष्मण शक्ति, हनुमान को सुशेन वैद्य की खोज हेतु लंका भेजना, सुशैन वैद्य द्वारा हनुमान को संजीवनी हेतु भेजना, रावण द्वारा कुंभकर्ण की निद्रा भंग, कुम्भकर्ण वध, मेघनाद वध, रावण दरबार में मंत्री द्वारा युद्ध का हाल बताना, राम रावण युद्ध रावण वध, श्रीराम राज्याभिषेक आदि प्रसंग के दृष्य प्रस्तुत किये गये।

आज मेघनाद हनुमान संवाद में जिसमें हनुमान आनन्द सिंह कपकोटी एवं मेघनाद टी0 डी0 काण्डपाल का अभिनय प्रभावशाली रहा। हनुमान द्वारा राग मालकोश में को तुम श्यामला गौर शरीरा, क्षत्रिय रूप धरहुं... गीत बहुत मधुर स्वर में गाया गया। सुलोचना का अभिनय भारती काण्डपाल ने किया, कुम्भकर्ण शंकर पाण्डेय का अभिनय सराहनीय रहा। सुशैन वैद्य प्रसंग में सुधीर पंत एवं ख्याली सिंह कड़ाकोटी का अभिनय दर्शकों को बहुत भाया।

## शैल उत्सव : मूर्तिशिल्प सृजन अंतिम चरण में

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वास्तुकला एवं योजना संकाय, टैगोर मार्ग परिसर में लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग से हो रहे आठ दिवसीय समकालीन मूर्तिकला शिविर के छठें दिन सभी कलाकार अपने अपने मूर्तिशिल्प को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। प्रकृति विषय पर सभी कलाकार अपने भावनाओं को बखूबी पत्थर को तराश कर सुंदर मूर्तिशिल्प सृजित कर रहे हैं। वास्तव में यह सभी कलाकृतियां जब लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर लगेंगी तो एक अलग वातावरण का आभास होगा। अन्य प्रदेशों की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी एक कला का सुंदर स्वरूप बनेगा। साथ ही आमजनमानस को समकालीन कला से जुड़ने का भी एक अवसर प्राप्त होगा। यह सुंदर प्रयास शिविर के क्यूरेटर डॉ वंदना सहगल का है जिन्होंने इस प्रकार का शिविर नगर में लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग आयोजित कराया।

कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि इस मूर्तिकला शिविर में कलाकारों द्वारा बना रहे मूर्तिशिल्पों को देखने के लिए लगातार नगर के कलाकार, छात्र, कलाप्रेमी, वास्तुविद आ रहे हैं। मूर्तिशिल्प बनते देखना एक अलग अनुभव और आनंद का विषय है। शनिवार को एक वरिष्ठ मूर्तिकार प्रो कृष्णचन्द्र बाजपेयी और कला प्रेमी राज वर्मा भी आये। उन्होंने इस प्रकार के कलाशिविर की प्रसंशा की। उन्होंने कहा कि यह एक अलग अनुभव है। और यह कलाकृति आमजनमानस को समकालीन मूर्तिशिल्प से अवश्य जोड़ेगी। वास्तुकला एवं योजना संकाय और लखनऊ विकास प्राधिकरण के यह सामुहिक प्रयास वाकई सराहनीय है। शिविर डॉक्यूमेंटेशन टीम से रत्नप्रिया ने बताया कि शैल-उत्सव कला शिविर के छठे दिन सभी कलाकारों ने अपनी मूर्तियों को अंतिम चरण में बारीकियों को उकेरना प्रारंभ कर दिया है। इस शिविर में बन रही सभी कलाकृतियों के विषय तो समान है पर हर एक मूर्तिकार का उस विषय को व्यक्त करने का अपना अलग - अलग तरीका है जिसकी झलक अब उनकी मूर्तियों में नजर आ रही है। धीरज यादव ने बताया कि यहाँ आये सभी कलाकार कई वर्षों से अपनी विद्या में अभ्यासरत है और अपनी कला शैली में पारंगत है और इस शिविर में अपनी मूर्तियों को बखूबी तराशने का प्रयास कर रहे है।

## सारा किदवई बनी डांडिया क्वीन



**लखनऊ।** सेंट जोसेफ कालेज समूह की राजाजीपुरम शाखा में बुंदेली दशहरा मिलन समारोह शनिवार को धूमधाम से मनाया। जिसमें बड़ी संख्या में बुंदेलखंड समाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। कार्यक्रम का आयोजन बुंदेलखंड सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहयोग परिषद् की संरक्षक एवं सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की संस्थापक व अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल ने आयोजित किया। कार्यक्रम में बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य, राजधानी में रह रहे बुंदेलखंड के इंजीनियर, कैलाश जैन, महेंद्र भीष्म, एमपी वैश्य, विनोद कुमार गुप्ता, इंजीनियर कैलाश जैन, ज्ञानेंद्र शर्मा, बनारसी प्रसाद, विनोद कुमार गुप्ता देवकीनंदन शांत, नम्रता अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में बुन्देली समाज के गणमान्य उपस्थित रहे। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित श्याम बिहारी गुप्ता ने अपने सम्बोधन में आज के दूषित हो रहे जल, मृदा वायु और बिगड़ते पर्यावरण पर चिंता व्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों से गौमाता, गांव और प्रकृति की तरफ वापस लौटने की अपील की। इस अवसर पर बुंदेलखंड सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहयोग परिषद् की संरक्षक पुष्पलता अग्रवाल ने परंपरागत बुंदेली गीत गाये तो वही नृत्य और गायन भी प्रस्तुत किये गये। दशहरा मिलन समारोह का मुख्य आकर्षण डांडिया की मस्ती व गरबा रहा। सेंट जोसेफ समूह के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने सभी को दशहरा मिलन की शुभकामनायें देते हुये आमंत्रित अतिथियों व उपस्थित बुंदेली समाज के गणमान्यों के आगमन पर आभार जताया।

## भाजपा महानगर ने चलाया बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान



**लखनऊ।** भाजपा महानगर द्वारा सदस्यता अभियान पर्व के तहत आज सभी बूथों पर विशेष अभियान चलाया गया और प्रत्येक बूथ पर 10 नए सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ लखनऊ महानगर में 20000 से अधिक सदस्यों को जोड़ा गया। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शनिवार को कैंट विधानसभा में विशेष अभियान चलाते हुए बूथ संख्या 207 पर जाकर सदस्यों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलायी। वहीं कैसरबाग कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भाजपा सदस्यता अभियान को प्रभावी रूप से चलाने के लिए सदस्यता अभियान प्रमुखों और टोली सदस्यों को दिशा निर्देश दिए कि अभियान की अवधि के दौरान प्रतिदिन प्रत्येक पदाधिकारी को अपने बूथ में जाकर 10 लोगों को प्राथमिक सदस्यता दिलाकर भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का कार्य करना है। बैठक में सक्रिय सदस्यता सत्यापन प्रमुख मानसिंह, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, दीपू शुक्ला, विनायक पांडे, राकेश गुप्ता, जितेंद्र मिश्रा, विनय पटेल उपस्थित रहे।

## लखनऊ में एशिया की सबसे बड़ी गोल्ड प्लेटेड लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति का हुआ अनावरण

- फन रिपब्लिक मॉल एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ का वन स्टॉप शॉपिंग डेस्टिनेशन फन रिपब्लिक मॉल अब इतिहास में दर्ज हो गया है जी हाँ फन रिपब्लिक मॉल में दीपावली के उपलक्ष्य में 20 फीट ऊंची 24 कैरेट गोल्ड प्लेटेड गणेश लक्ष्मी की मूर्ति की स्थापना की गई है जोकि एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज की गई।,इस खास मौके पर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की टीम की तरफ से प्रेमिल द्विवेदी जी भी मॉल में उपस्थित थे। लखनऊ के लिए ये गौरव की बात है कि लखनऊ के सबसे चहते मॉल ने लखनऊ को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है।

फन रिपब्लिक मॉल लखनऊ में 24 कैरेट गोल्ड प्लेटेड गणेश लक्ष्मी की मूर्ति का अनावरण उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी ने किया, इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा की फन रिपब्लिक का यह कार्य बेहद सराहनीय और लखनऊ को गौरान्वित करने वाला है मै आशा करता हूँ कि फन रिपब्लिक मॉल आगे भी ऐसे सराहनीय कार्य करता रहेगा। इसके अलावा श्री हर्ष वर्धन अग्रवाल, प्रबंध न्यासी, हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट भी इस खास मौके पर उपस्थित रहे। फन रिपब्लिक मॉल की मार्केटिंग मैनेजर प्रीति पांडे ने कहा कि यह पल हमारे लिए बेहद गौरवपूर्ण क्षण है आखिरकार हमारी मेहनत रंग लाई और कई दिनों मेहनत के बाद आज 24 कैरेट गोल्ड प्लेटेड गणेश लक्ष्मी की मूर्ति का अनावरण उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि फन रिपब्लिक मॉल में फन उत्सव की शुरूआत 12 अक्टूबर को हो गई थी और यह 31 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमे 12 से 26 अक्टूबर तक शॉप एंड विन के अंतर्गत तीन हजार या उससे ऊपर की शॉपिंग करने वाले पांच टॉप शॉपर्स विजेताओं को प्रतिदिन तय ( अश्योर्ड ) गिफ्ट हैंपर मिलेगा। जबकि 27 से 31 अक्टूबर के बीच में खरीदारी करने वाले एक मेगा विजेता को प्रतिदिन एक ग्राम सोने का सिक्का मिलेगा। अभी तक फन उत्सव के अंदर 30 से ज्यादा लोग उपहार जीत चुके हैं।

संक्षेप

## किशोरी को भगा ले गया युवक



**सिरौली, बरेली।** थाना सिरौली क्षेत्र के एक गांव में 8 अक्टूबर को एक युवक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर कर अपने साथ भाग ले गया। इस संबंध में किशोरी की मां ने मामले की शिकायत थाना सिरौली पुलिस से की गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया था। लेकिन, इतने दिन बीत जाने के बावजूद भी

- पीड़ित परिवार को जान का खतरा, एसएसपी से गुहार

पुलिस ने ना तो लड़की को बरामद किया और ना ही आरोपियों को गिरफ्तार किया।

थाना सिरौली क्षेत्र की चौकी नवावपुरा के एक गांव की नाबालिग किशोरी को बीते 8 अक्टूबर को एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया।

इस मामले में किशोरी की मां ने पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें शीलेंद्र गुडडो, अरवेश, नन्हे और धर्मेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई। किशोरी के भाई का आरोप है कि आरोपीगण उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं तथा गांव से भाग जाने की धमकियां दे रहे हैं।

थक हार शनिवार को पीड़ित परिवार ने बरेली एसएसपी दरबार पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी तथा किशोरी की बरामदगी की गुहार लगाई है। सिरौली थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया जाएगा।

# जिलाधिकारी और एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

## मध्याह्न भोजन का अतिरिक्त धन निकालने वाले हेडमास्टर पर एफआईआर का निर्देश





जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आज भाटपाररानी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान उन्होंने जन समस्याओं को निस्तारण में कोताही बरतने पर चकबंदी लेखपाल

- भाटपाररानी में 124 में से 10 प्रकरणों का हुआ निस्तारण
- चकबंदी लेखपाल निलंबित ,बीडीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि

को निलंबित, बीडीओ भाटपाररानी को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं एक प्रधानाध्यपक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। लोगों को अकारण न दौड़ाया जाए।

कोताही मिलेगी तो उत्तरदायित्व तय कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ग्राम मधउर निवासी बृजनन्दन पुत्र रामप्रीत ने जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने चकबंदी लेखपाल अमरनाथ गुप्ता से कई बार नियमानुसार इंतखाप की दरख़्वास्त दी, किंतु, लेखपाल ने नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने चकबंदी विभाग के सीओ से शिकायत की, जिसपर उन्होंने लेखपाल को तत्काल इंतखाप देने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद भी लेखपाल ने तीन बार दौड़ाया और बाद में अहस्ताक्षरित इंतखाप दिया। उन्होंने जब लेखपाल से हस्ताक्षरित इंतखाप की मांग की तो वो टालमटोल करने लगा। बृजनन्दन ने डीएम से हस्ताक्षरित इंतखाप दिलाने की गुहार लगाई। डीएम ने प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया और तुरंत प्रकरण की जांच कराई। प्रथमदृष्टया आरोप सही पाया गया, जिस पर उत्तरदायित्व तय करते हुए डीएम ने चकबंदी लेखपाल अमरनाथ गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया। साथ ही बृजनन्दन को हस्ताक्षरित इंतखाप उपलब्ध कराया गया। प्राथमिक विद्यालय पिपरा दक्षिण पट्टी के प्रधानाध्यापक रामेंद्र कुमार गौतम द्वारा ग्राम प्रधान से धोखे से हस्ताक्षर कराकर मध्याह्न भोजन निधि से एक लाख रुपये अतिरिक्त धन का आहरण कर लिया गया। ग्राम प्रधान के द्वारा जिलाधिकारी से शिकायत की गई, जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने बीएसए को संबंधित प्रधानाध्यापक के विरुद्ध निलंबन की कारवाई एवं प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। ग्राम करौदा निवासी संतोष कुमार सिंह ने चकमार्ग पर अतिक्रमण से जुड़े प्रकरण के संबन्ध में प्रार्थनापत्र दिया। प्रकरण के निस्तारण के संबन्ध में डीएम ने बीडीओ भाटपाररानी को पूर्व में भी निर्देशित किया था। किंतु, बीडीओ द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई न करने तथा इसके संबन्ध में उच्चाधिकारियों को सूचित न करने पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई और बीडीओ भाटपाररानी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया।

कृति शाही पुत्री विनय कुमार शाही ने अपने शिकायती पत्र में कहा कि पात्र गृहस्थी राशनकार्ड के लिए उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया है, जो अभी तक नहीं मिला है। डीएम ने डीएसओ को प्रकरण जांचने के लिए कहा, जिसके कुछ मिनट बाद ही पात्र गृहस्थी राशनकार्ड की प्रिंट निकालकर डीएम ने उसे सौंपा। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारी, थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ितों को न्याय मिले। पुलिस अधिकारीगण प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। आज संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 124 प्रकरण आये, जिसमें से 10 प्रकरण का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों को 7 दिन के भीतर गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। आज आए प्रकरणों में राजस्व विभाग के 88, पुलिस के 11, विकास विभाग से 8, शिक्षा विभाग से 2, स्वास्थ्य विभाग से 2 एवं अन्य विभागों से 13 प्रकरण शामिल है। इस दौरान सीएमओ डॉ राजेश झा, एसडीएम भाटपाररानी रत्नेश तिवारी, सीओ दीपक शुक्ला, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, डीसी पीडी डीआरडीए अनिल कुमार, डीएसओ संजय पांडेय, नायब तहसीलदार अभिजीत प्रताप सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ प्रार्थना पत्रों का करें निष्पक्ष निस्तारणः जिलाधिकारी



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में आज तहसील पडरौना (सदर) के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए जनता/फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को बारी -बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध , गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 64 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 38 में से 15 को तत्काल निस्तारित किया गया ,पुलिस विभाग से संबंधित 11, विकास विभाग से संबंधित 08 तथा अन्य विभाग के 07 प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 64 में से 15 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 49 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर व्यास नारायण उमराव, सीओ सदर अभिषेक प्रताप, डीपीओ विनय कुमार, बीएसए राम जियावन मौर्य, डीएसओ जी एस शुक्ला, डीआईओएस रविंद्र सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, तहसीलदार पूर्णिमा सिंह, नायब तहसीलदार विशाल दत्त त्रिपाठी, अंजू यादव सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण, ईओ संत राम सरोज एवं थानाध्यक्ष गण,पूर्ति निरीक्षक, कानूनगो व लेखपाल उपस्थित रहे।

# कप्तानगंज मे सिलिंग की भूमि पर भू-माफियाओं का कब्जा बरकरार




जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** जनपद के कप्तानगंज तहसील अन्तर्गत भू-माफियाओं का वर्चस्व बरकरार है। नतीजतन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वपूर्ण अभियान में शुमार एंटी भू-माफिया यहां पूरी तरह हवा-हवाई साबित हो रहा है। कहना न होगा कि कराकर इन अवैध कब्जाधारियो से सरकारी भूमि को मुक्त कराया जाना जनहित मे अति आवश्यक है। रामनरेश ने अपने पत्र में लिखा है कि इस प्रकरण में मणि बहादुर दास बनाम डीडीसी व अन्य द्वारा हाईकोर्ट इलाहाबाद में रिट दाखिल कर स्टे लिया गया जबकि याचिकाकर्ता की वर्षो पहले मृत्यु हो चुकी है। उन्होने

- मुख्यमंत्री जी! कप्तानगंज के भू-माफियाओं पर कब होगी कार्रवाई..?
- रामनरेश अग्रहरी ने सीएम योगी को शिकायती पत्र भेजकर सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने की लगायी गुहार

बीते दिनो समाजिक कार्यकर्ता रामनरेश अग्रहरी द्वारा कप्तानगंज सिलिंग के भूमि पर भू-माफियाओं का अवैध कब्जा से संबंधित मुद्दा उठाने के बाद मीडिया ने इस प्रकरण को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद तहसील प्रशासन की कुंभकर्णी निद्रा टूटी और एक भू-माफिया के कब्जे से सिलिंग की जमीन को मुक्त कराते हुए नगर पंचायत कप्तानगंज को सुपुर्द किया था लेकिन दस बाद भी नगर पंचायत का उस भूमि पर बोर्ड नही लगा है। इसके अलावा आज भी लगभग ग्यारह एकड सिलिंग की भूमि पर भू-माफियाओं का अवैध कब्जा बरकरार है। इन भू-माफियाओं के खिलाफ रामनरेश अग्रहरी ने सूबे के वजीजेआला को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। मुख्यमंत्री को रजिस्टर्ड डाक से भेजे गये शिकायती पत्र मे समाजिक कार्यकर्ता रामनरेश अग्रहरी ने लिखा है कि जनपद के नगर पंचायत कप्तानगंज के बसहिया उर्फ कप्तानगंज स्थित सिलिंग की भूमि आराजी संख्या - 687, 688, 3295, 3324, 3336 व 3347, 3348, 3351(ग), 3352, 3369, 3449, 3822(क), 3843, 3846, 4048, 4050, 4087, 4078, 4081 व 4211(द) सीलिंग आदि नम्बरों के लगभग ग्यारह एकड जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा वर्षो से अवैध कब्जा किया गया है। पैमाईश याचिकाकर्ता के वारिश व वर्तमान समय मे मुकदमा के पैरवीकार पर सवाल उठाते हुए स्टे की असलियत जांच कराने की गुहार लगायी है। तहसील की कोरमपूर्ति कार्रवाई, दस माह बाद भी नगर पंचायत का नही लगा बोर्डः-भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा आवाज बुलन्द करने वाल व्यवसायी रामनरेश अग्रहरी ने मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र मे कहा है कि आराजी नम्बर 2128 व 2132 सिलिंग की जमीन कप्तानगंज के पंचायत अध्यक्ष सुशीला खेतान के चक से सटे है जिस पर अध्यक्ष द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। उन्होंने बताया कि लगातार मुद्दा उठाने के बाद तहसील प्रशासन हरकत में आया और तहसीलदार के अगुवाई मे 6 दिसंबर-2023 को सिलिंग की भूमि 2128 व 2132 को अवैध कब्जा से मुक्त कराते हुए नगर पंचायत कप्तानगंज को सुपुर्द कर दिया। किन्तु दस माह बाद भी तहसील प्रशासन द्वारा सुपुर्द किये गये आराजी संख्या- 2128 व 2132 सिलिंग की भूमि पर नगर पंचायत कप्तानगंज द्वारा बोर्ड नही लगवाया गया है। इसके पीछे वजह यह है कि मामाला नगर पंचायत अध्यक्ष से जुडा है इस लिए नगर पंचायत के ईओ उस जमीन पर बोर्ड नही लगवा रहे है। रामनरेश का कहना है कि अब तक बोर्ड नही लगने के संबंध में जब ईओ से पूछा तो ईओ ने कहा कि नगर पंचायत मे पैसा नही है।

# 27 निजी केंद्रों पर गर्भवती करा सकती हैं अल्ट्रासाउंड

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया।** जनपद में गर्भवती महिलाओं को ई-रुपी वाउचर से 27 अल्ट्रासॉउन्ड केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध है। माह के 1, 9 16 और 24 तारीख को चिन्हित स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित होने वाले

- एक माह तक मान्य होते हैं ई-रुपी वाउचर
- पीएमएसए पर डे जारी होते हैं ई-रुपी वाउचर

पीएमएसए डे पर इन अल्ट्रासॉउन्ड केंद्रों पर ई रुपी वाउचर से गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड होते हैं। यह ई रुपी वाउचर एक माह तक मान्य होते हैं।

एक माह के अंदर गर्भवती ई रुपी वाउचर अल्ट्रासॉउन्ड की सुविधा का लाभ ले सकती हैं। सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि मां एवं ?शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के ?लिए प्रसव पूर्व जांच एएनसी आवश्यक है। इससे समय रहते यह पता लग जाता है कि प्रसव के समय किसी तरह की परेशानी तो नहीं आने वाली।

गर्भवती रक्तअल्पता से पीड़ित तो नहीं है। गर्भ में पल रहे बच्चे की ग्रोथ सही से हो रही है या नहीं। किसी भी समस्या का समय से पता लग जाने से उसका चिकित्सकीय प्रबंधन किया जाता है। उन्होंने बताया कि गर्भवती आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के अंतर्गत प्रसव पूर्व जांच कराएं।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत चिकित्सक की सलाह पर ई-रुपी वाउचर के जरिए अल्ट्रासाउंड की सुविधा पूरे जनपद में 27 अल्ट्रासॉउन्ड केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही है। गर्भवती को प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत हर माह चार नियत दिवसों पर प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

## इन केंद्रों पर होते हैं अल्ट्रासॉउंड

**देवरिया।** जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल बताया कि सदर ब्लॉक में दक्ष डायगोनिसिस्ट, एसएस अल्ट्रासॉउन्ड सेंटर, शिवम डायगोनिसिस्ट सेंटर, देवरिया डायगोनिसिस्ट सेंटर, एनएच लारी डायगोनिसिस्ट सेंटर, मिलेनियम डायगोनिसिस्ट सेंटर, सावित्री नर्सिंगहोम, प्रज्ञा डायगोनिसिस्ट सेंटर शाामिल हैं।

जबकि सलेमपुर ब्लॉक में नर्वदा अल्ट्रासाउंड सेंटर, आकृति डायगोनिसिस्ट सेंटर, बुद्धा अल्ट्रासॉउन्ड सेंटर, सौरभ डायगोनिसिस्ट सेंटर हैं।

लार ब्लॉक में आकृति डायग्नोस्टिक सेंटर, नर्वदा डायग्नोस्टिक सेंटर पिपरा चौराहा, भाटपाररानी ब्लॉक में न्यू आनंद अल्ट्रासॉउन्ड सेंटर, न्यू आकृति अल्ट्रासॉउन्ड डायग्नोस्टिक, डॉ डायग्नोस्टिक सेंटर दुर्गा मंदिर रोड, रुद्रपुर ब्लॉक में दुग्धेदेश्वरनाथ डायग्नोस्टिक सेंटर, दीपा अल्ट्रासॉउन्ड सेंटर, डॉ अमरनाथ मल्ल हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, पथरदेवा ब्लॉक में शिवम अल्ट्रासॉउन्ड एंड एक्स रे सेंटर, न्यू शुभ डायग्नोस्टिक सेंटर रामपुर अवस्थी रोड, गौरी बाजार ब्लॉक के दिनेशा द मेडिसिटी हॉस्पिटल, आरएन अल्ट्रासॉउन्ड सेंटर, तरकुलवा ब्लॉक में न्यू शिवम अल्ट्रासॉउन्ड सेंटर, बरहज ब्लॉक में डॉ केपी सिंह सेंटर पर गर्भवती महिलाएं ई रुपी वाउचर अल्ट्रासॉउन्ड करा सकती हैं। पीएमएसएमए दिवस पर जांच के दौरान गर्भवती को ई-वाउचर जारी किया जाता है। यह वाउचर इन अल्ट्रासॉउन्ड केंद्रों पर एक माह तक मान्य होते हैं।

## दशहरा मेले का समापन

बरेली। रोटरी क्लब बरेली साउथ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय दशहरा मेला का समापन रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतला दहन के साथ संपन्न हुआ। शहर वासियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही साथ आतिशबाजी का भी लुत्फ उठाया।

बरेली क्लब ग्राउंड में तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन वन राज्य मंत्री डॉ अरुण सक्सेना ने और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने किया। हजारों की संख्या में मेले में आए शहर वासियों ने आतिशबाजी का जमकर आनंद लिया। खाने पीने के स्टालों पर भी भीड़ देखी गई। दशहरा मेले का आनंद लेने वालों में पूर्व महापौर डॉक्टर आईएस तोमर, रवि प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मेला डायरेक्टर अजय जसोरिया, विभोर अग्रवाल, संदीप मेहरा, रवि मेहरा, रोहित जिंदल, हिमांशु कौशिक, पंकज अग्रवाल, पवन जायसवाल समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# फर्जी डिग्री घोटाले में कसा जायेगा शिकंजा

जिला संवाददाता(vol)

**बरेली।** भाजपा नेता शेर अली जाफरी समेत छह लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। इनके खिलाफ डी-फार्मा और बी-फार्मा की जाली (फर्जी) डिग्रियां बांटने का आरोप है। इसमें शामिल

- भाजपा नेता शेर अली जाफरी समेत छह पर गैंगस्टर की तैयारी

सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मगर, अब एसआईटी (विशेष जांच दल) ने इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की तैयारी की है। जिसके चलते उनकी संपत्तियों की भी जांच की जा रही है। शहर के सीबीगंज थाना क्षेत्र में स्थित खुसरो मेमोरियल पीजी कॉलेज में वर्ष 2019-20 से बिना किसी मान्यता के डी-फार्मा, बी-फार्मा और पैरामेडिकल कोर्स चलाए जा रहे थे। इस घोटाले का पर्दाफाश होने के बाद जांच अधिकारी और जीटीआई के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी, कथित प्रधानाचार्य विश्वनाथ शर्मा और आस्था कंसल्टेंसी के प्रोपराइटर डॉ. विजय शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

## 400 स्टूडेंट से 3.69 करोड़ की धोखाधड़ी

पुलिस की जांच में पाया गया कि करीब 400 छात्रों से 3.69 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। जिसके चलते इस मामले में तीन और मुकदमे दर्ज किए गए थे। इसके बाद सभी मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी ने कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी, उनके बेटे फिरोज अली जाफरी, आस्था कंसल्टेंसी के प्रोपराइटर डॉ. विजय शर्मा, प्रधानाचार्य विश्वनाथ शर्मा, शिक्षक तारिक, और क्लर्क जाकिर अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अब पुलिस इन सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने की तैयारी में है।

नई प्रक्रिया के अनुसार गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट भेजने से पहले आरोपियों की संपत्तियों की पहचान और जांच की जा रही है। नई व्यवस्था के तहत गैंग चार्ट के साथ संपत्ति की रिपोर्ट भी संलग्न करनी होती है। इसके बाद गैंगस्टर एक्ट की मंजूरी मिलती है। इसलिए सभी आरोपियों की संपत्तियों को चिह्नित किया जा रहा है।

**डी-फार्मा फजीर्वाड़े में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए उनकी संपत्ति की जानकारी जुटाई जा रही है।**

**मानुष पारीक, एसपी सिटी**

# 3 महीने में 29 मुठभेड़ में दबोचे 59 शातिर बदमाश



**बरेली।** अपराधियों पर नकेल कसने के लिए बरेली पुलिस ने जो कदम उठाए हैं, उससे अपराधियों में खौफ का माहौल पैदा हो गया है। एसएसपी अनुराग आर्य के नेतृत्व में पिछले तीन महीनों में 39 हाफ एनकाउंटर किए गए हैं, जिससे जेल अस्पताल में जख्मी अपराधियों की संख्या बढ़ गई है। अब छोटे-मोटे मामलों में भी अपराधी जमानत तुड़वाकर जेल जाने को मजबूर हैं, ताकि पुलिस की सख्ती से बच सकें।

## पुलिस कप्तान की सख्ती से हड़कंपः

एसएसपी अनुराग आर्य के बरेली की कमान संभालने के बाद अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में तेजी आई है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने कई गंभीर मामलों में कार्रवाई की है, जिनमे पीलीभीत बाईपास गोलीकांड, गोकशी, आंवला में सरार्फा व्यापारी की हत्या और सरेआम लूट की घटना शामिल हैं। पुलिस कप्तान के इस सख्त रुख ने अपराधियों में डर पैदा कर दिया है। पिछले तीन महीनों में कुल 29 मामलों में कार्रवाई की गई है, जिसमें 59 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 15 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

## 39 अपराधी मुठभेड़ में घायल

30 जून से 15 अक्टूबर के बीच बरेली पुलिस ने 39 अपराधियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। इन मुठभेड़ों में शामिल कुछ प्रमुख अपराधियों में केपी यादव, सुभाष लोधी, धनुष यादव, और अमर सिंह जैसे नाम शामिल हैं। हाल ही में आंवला में सरार्फा व्यापारी की हत्या के मामले में शामिल दो अपराधियों को भी पुलिस ने उनके दोनों पैरों में गोली मारकर गिरफ्तार किया था।

## जनसमस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

**बरेली।** दीपावली पर्व पर नई एलईडी लाइट, निर्माण कार्य, डोर-टू-डोर कलेक्शन से जुड़ी समस्याओं को लेकर सपा, कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों ने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को ज्ञापन सौंपा। इन नेताओं ने नगर आयुक्त से मांग की है कि नगर निगम की बोर्ड बैठक में तय हुए प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना के नेतृत्व में सपा पार्षद दल, कांग्रेस और निर्दलीय पार्षद नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से मिले। इस दौरान सपा नेता गौरव सक्सेना ने कहा कि नगर निगम बोर्ड की सामान्य बैठक में दीपावली पर्व पर प्रत्येक वार्ड में 50-50 नई एलईडी लाइटें लगाए जाने के स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार लाइटें लगाई जाए और इसके साथ ही 30-30 लाख के निर्माण कार्य काफी समय बीत जाने के बाद भी पूरे नहीं कराये जाने की शिकायत की। उन्होंने 50-50 लाख के नये निर्माण कार्य स्वीकृत कर अविलंब टेंडर निकाले जाने की मांग की। इसके आलावा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, जीआईएस सर्वे के बाद बिल जारी करने वाले सॉफ्टवेयर कि खामियों को दूर करने कि समस्या से भी अवगत कराया।

# रियल स्टेट कम्पनी और मदरसा के लोगों की उड़ी रातों की नींद

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों मे रहा नकली नोट मामले में रियल स्टेट कम्पनियों व मदरसे की संदिग्ध भूमिका का साक्ष्य जब से जांच एजेंसियों के हाथ लगा है तब से जिले के रियल स्टेट कम्पनियों व मदरसे के लोगो की दिन का चैन और

- जाली नोट मामले मे गृह मंत्रालय भी जमाये हुए है नजर
- अब तक ग्यारह अभियुक्त जा चुके है सलाखों के पीछे
- नकली नोट प्रकरण

रातो की नींद हराम हो गयी है। यही वजह है कि कानून के घेरे से बचने के लिए कोई राजनीतिक जुगाड़ लगाने मे जुटा है तो कोई अपनी समाज सेवा का किस्सा प्रचारित कर जांच एजेंसियों के रडार से बचाना चाहता है। अब सवाल यह उठता है कि जाली नोट मामले मे जांच की जद में आने के बाद अपनी समाज सेवा का कार्य प्रसारित करने के पीछे राज क्या है ? आम लोगों का मानना है कि इसके पीछे कही जांच एजेंसियों को




भ्रमित करने का कोई उद्देश्य तो नही है। अनुमान चाहे जो भी हो जांच के बाद ही सच्चाई सामने आयेगी। बतादे कि सितम्बर माह के 23 तारीख को पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र के निर्देश पर कुशीनगर जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने संयुक्त आपरेशन के तहत जिले में जाली नोट कारोबार के गिरोह के खिलाफ बडी कार्रवाई करते हुए गिरोह के सरगना रफी अहमद सहित दस लोगो को गिरफ्तार कर तमकुहीराज कस्बा से जाली नोट व हथियारो का जखीरा बरामद किया था। दुसरे दिन जिले की पुलिस ने इस गिरोह के एक और सदस्य को मुठभेड में दबोच लिया। इस तरह इस मामले मे अब 11 अभियुक्त जेल जा चुके है। इसके बाद यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा मे आ गया है। मामला देश के अर्थ व्यवस्था से जुडे होने के कारण एटीएस और एनआईए प्रकरण की जांच शुरू कर दी। यही वजह है कि इस मामले में गृह मंत्रालय भी नजर जमाये हुए है। पुलिसिया जांच पड़ताल में इस बात का खुलासा हुआ कि इस गिरोह ने ज्यादातर नकली नोट जमीन की खरीद-फरोख्त में खपाया है। मामले की जांच मे जुटी स्थानीय पुलिस सहित एटीएस व एनआईए की टीमों को जाली नोटों के कारोबारियों द्वारा नकली नोटों के अवैध कारोबार से रियल स्टेट का एक बडा सिंडिकेट तैयार किये जाने का अहम सुराग हाथ लगा है। कहना ना होगा कि जांच टीम अपने हाथ लगी साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई करती है तो कुशीनगर, गोरखपुर सहित तमाम जगहो पर रियल स्टेट का कारोबार कर सडक से हवेली और साइकिल से लग्जरी वाहनों का सैर करने वाले लोगो की मुश्किलें बढ़ सकती है। सूत्रों की माने तो जांच एजेंसियों को इस गिरोह के तार नेपाल और सऊदी अरब से भी जुडे मिले है। इसके अलावा जांच एजेंसी के हाथ तमकुहीराज स्थित मदरसा गौसिया इमदादुल उलूम की संदिग्ध भूमिका का साक्ष्य भी मिला है। इसके पीछे वजह यह है कि नकली नोट मामले मे गिरफ्तार कर जेल भेजे गये गिरोह के रफी अहमद, नौशाद खान और हासिम अंसारी मदरसा के प्रबंधकीय कमेटी में शामिल है। सूत्र बताते है कि पिछले काफी दिनो से इस मदरसे में बाहरी लोगों का आवाजाही होता रहता है।

## रियल स्टेट कम्पनी के मालिक का अलग-अलग बयान

रियल स्टेट कारोबार मे जाली नोटों के खपत होने की बात उजागर होने के बाद मीडिया ने कसया स्थित रेडहिल रियल स्टेट कम्पनी मालिक आलमगीर से बातचीत किया। आलमगीर ने कहा कि उन्हे अब तक न तो कोई नोटिस मिला है और न ही किसी ने कोई पूछताछ की है जबकि रेडहिल के मालिक आलमगीर पिछले तीन अक्टूबर को प्रकाशित खबर " जांच की जद मे रियल स्टेट कम्पनियां, मचा हडकंप " शीर्षक से प्रकाशित खबर मे अपना पक्ष देते हुए कहा था कि उनकी कम्पनी की जांच चल रही है, कानून पर पुरा भरोसा है। जाली नोटों के कारोबारियों से कोई लेना-देना नही है और न ही उनसे दूर - दूर तक कोई संपर्क और संबध है। इसी खबर मे उनके सहयोगी द्वारा खबर प्रकाशित करने नोटिस भेजवाने की धमकी दी गयी थी। अब सवाल यह है कि आखिरकार रेडहिल रियल स्टेट कम्पनी के सीएमडी आलमगीर दो तरह का बयान क्यो दे रहे है। जाली नोट प्रकरण से संबंधित स्थानीय पुलिस व जांच एजेंसियों द्वारा उनसे कोई पूछताछ नही की गयी और उन्हें कोई नोटिस नही मिला था तो उन्होने मीडिया से यह क्यो कहा कि जाच चल रही है कानून पर उन्हें पूरा भरोसा है। हालाकि इस संबंध में जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कोई संतुष्ट पूर्ण जबाब नही दिया बस इतना कहा कि हमे जानकारी नही था, लगा की हमारी कम्पनी की भी जांच चल रही है लेकिन जब पता किया तो ऐसा कुछ नही है। उन्होंने कहा हम कही से गलत नही है। हम कानून के साथ है और मेरा जो भी सहयोग होगा वह करेगे।

संक्षेप

## लम्बित वादों की सूचनाओं पर की समीक्षा

**ललितपुर।** परियोजना निदेशक राज्य स्वच्छ गंगा मिशन लखनऊ डा.राजशेखर की अध्यक्षता में वर्चुअल मीटिंग का आयोजन सामाजिक वानिकी प्रभाग कार्यालय में किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए परियोजना निदेशक द्वारा राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण में लंबित वादों में भेजे जाने वाली सूचनाओं की समीक्षा की। मीटिंग के दौरान उन्होंने प्रदेश के प्रत्येक जनपद द्वारा भेजे जाने वाले गंगा एक्शन प्लान के बारे में सभी सम्बंधित विभागों को विस्तृत जानकारी देने के साथ गंगा एक्शन प्लान तैयार करने की रूपरेखा भी साझा की। उनके द्वारा गंगा और उसकी सहायक नदियों में गिरने वाले सीवेज जल के प्रवाह की भी समीक्षा की गई। सम्बंधित अधिकारीयों को सीवरेज और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में जारी निर्देशों के अनुपालन के साथ केवल एसटीपी के बजाय बेहतर घरेलु जल निकासी नेटवर्क की स्थापना करने पर जोर दिया गया। मीटिंग के दौरान प्रभागीय निदेशक गौतम सिंह, सहायक अभियंता मनोज कुमार, नगर पालिका से राजेंद्र प्रसाद, कृषि विभाग से रिशु उपाध्याय, भू-गर्भ जल विभाग से राकेश पाण्डेय, जल निगम से राहुल सिंह एवं परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे आदि मौजूद रहे।

# सात वर्ष से कम की सजा वाले लंबित अभियोगों की सीओ स्वयं समीक्षा कर निस्तारण करायें: डीआईजी

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी द्वारा सदर तहसील परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग कर वहां मौजूद फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा राजस्व सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण हेतु पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को स्थलीय निरीक्षण हेतु मौके पर भेजा गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अतिरिक्त प्रत्येक दिन थानों पर संयुक्त टीम के साथ जनसुनवाई का समय निर्धारित करते हुए शिकायतों को संवेदनशीलता पूर्वक सुनकर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए है। इसके उपरान्त डीआईजी द्वारा सिटी सर्किल जनपद ललितपुर के थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। डीआईजी ने धनरतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज आदि त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सजग एवं सतर्क होकर कार्य करने के निर्देश दिए है। धनतेरस और दीपावली पर्व के दौरान बस स्टैंड, स्टेशन, चैराहों आदि स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के साथ ही सभी पुलिस अधिकारी/थाना प्रभारी लगातार भ्रमणशील रहेगें। धनतेरस और दीपावली पर्व के दौरान बाजारों में भारी भीड़ को लेकर बाजारों में जाम आदि की समस्या उत्पन्न होने की सम्भावना के दृष्टिगत व्यापारिक प्रतिष्ठान के मालिकों/ व्यापारियों से वार्ता कर सीसीटीवी, यातायात डायवर्जन, वाहन पर्किंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाये। सर्किल के थानों पर थानो पर लंबित विवेचना, विशेषकर एससी एसटी एक्ट, महिला संबंधी अपराध, पाक्सो एक्ट पंजीकृत अभियोगों की विवेचनाओं की समीक्षा कर सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी का दायित्व निर्धारित करते हुए पर्यवेक्षण में सुधार लाने तथा साक्ष्य संकलन एवं गुणदोष के आधार पर अभियान चलाकर विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये है। सात वर्ष से कम की सजा वाले लंबित अभियोगों की क्षेत्राधिकारी स्वयं समीक्षा करते हुए उनका निस्तारण कराएं। अवैध खनन, अवैध शराब व भूमाफियाओं को गैंगस्टर एक्ट के अपराधियों को अभियान चलाकर चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया तथा जुआ, सट्टा व मादक पदार्थ की बिक्री आदि संगठित अपराधों पर पूर्ण रुप से रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। विवेचनाओं में गुणवत्तापूर्ण साक्ष्य संकलन करते हुए नए आपराधिक कानून के अन्तर्गत नियमानुसार साक्ष्यों को सम्मिलित करते हुए समय से निस्तारण के निर्देश दिये गए है। गम्भीर अपराधों के अभियुक्त जैसे हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, गौ तस्करी, वाहन चोरों, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर के अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 14(1) अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गये।

- धनतेरस व दीपावली पर्व के दौरान विशेष सतर्कता के साथ ही साथ यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश



# दलित व वंचित समाज के लोग भी सरकारी योजनाओं के हकदार: आयोग सदस्य



**बिजनौर।** भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य लव कुश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें सदस्य लव कुश कुमार ने समस्त विभागीय अधिकारियों से कहा कि शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी सेवाभाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और दलित एवं वंचित समाज के लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराएं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को प्रथम पंक्ति पर खड़ा करने के लिए विभागीय समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य लव कुश कुमार ने कहा कि जब तक समाज के वंचित और असहाय लोगों को केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का लाभ पूर्ण गुणवत्ता के साथ नहीं पहुंचाया जाता, तबतक उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का सपना साकार नहीं हो सकता। उन्होंने एससी/एसटी योजना के तहत अनुसूचित जाति व्यक्तियों के लिए जिले में किए जा रहे विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि विशेषकर अनुसुचित जाति के गरीब बच्चों को प्राथमिकता से लेते हुए बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने में किसी भी स्तर से देरी एवं अनदेखी न की जाय। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसमें जागरूकता की विशेष जरुरत है यदि लाभार्थी जागरूक हो जायेगा तो उसे वेवजह भटकना नही पडेगा। निदेशक, राज्य अनुसूचित जाति आयोग वीके सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रास फुड लेविल पर कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हुमन विंयिग अनुसार अपनी अहमियत को समझते हुए कार्य व दायित्वों का निर्वहन करें।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकाय एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि सड़क एवं शौचालय निर्माण सहित दलित बस्तियों को प्राथमिता देकर उन्हें लाभान्वित करें। इस अवसर पर पुलिस अधिक्षक अभिषेक झा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, सभी अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित विभागिय अधिकारी मौजूद थे।

## ग्राम प्रधानों से रंगदारी मांगने का सिलसिला जारी, मुकदमा दर्ज

**आंवला, बरेली।** आंवला के गांव कंथरी जाफरपुर के ग्राम प्रधान पति राकेश कुमार ने आंवला पुलिस से शिकायत कर बताया था कि वह अनुसूचित जाति के व्यक्ति हैं और उनकी पत्नी ग्राम प्रधान हैं। आरोप है कि सिरौली थाना क्षेत्र के गांव गुड़गांव के तरुण और एक अन्य व्यक्ति ने उन्हें धमका कर 5 लाख रुपये मांग की है। पीड़ित राकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने पहले ही 50 हजार रुपये दे दिए थे, लेकिन बाकी राशि की मांग को लेकर आरोपित उनकी पत्नी को आंवला में बुलाकर उन्हें धमकी दे रहे है। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए, जिससे आरोपित भाग निकले।

पुलिस ने उनकी शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इससे पहले भी मनौना के ग्राम प्रधान पति मुमत्याज मलिक से पांच लाख की मांग की गई थी, जिसमें उन्होंने 50 रुपये दे दिए थे। आंवला प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह का कहना कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# समाधान दिवस में मिलीं 126 शिकायतें, 5 का निस्तारण



**बांदा।** तहसील नरैनी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समय पर करने के साथ शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में 126 आवेदन मिले जिनमें 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। 121 मामलों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस निर्देश के साथ दिए गये कि इनका गंभीरता से समय पर निस्तारण कराया जाए। शिकायती पत्रों में राजस्व, पुलिस, विकास व अन्य विभागों से संबंधित मामले आए। डीएम ने पड़मई गांव के फरियादी की जमीन पर बाउंड्री वाल बनाने व रास्ता बंद करने की शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम शिवपुर के चंद्रपाल की जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत पर तहसीलदार को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पटेल नगर नरैनी के फरियादी ने सड़कों के गड्ढे ठीक कराए जाने का प्रार्थना पत्र दिया इस पर डीएम ने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए। पनगरा गांव निवासी रमेश एवं शिवपुर गांव की सतरूपा ने जमीन की नाप कराए जाने के बारे में आवेदन दिया। इस पर संबंधित लेखपाल को नाप कर निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित निराकरण करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, एसडीएम नरैनी सत्यप्रकाश, तहसीलदार व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कृषि मेला किसान व वैज्ञानिकता का साझा कार्यक्रम: कुलपति



**बांदा।** कृषि विश्व विद्यालय में किसान मेले का उद्घाटन बुंदेलखण्ड विकास बोर्ड के निवर्तमान अध्यक्ष अयोध्या सिंह पटेल ने जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप व गण्यमान्य लोगों की उपस्थिति में फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। अयोध्या सिंह पटेल ने कहा कि आजादी के बाद भारतीय कृषि में सकारात्मक परिवर्तन देखा गया है। अन्य दुग्ध, फल, सब्जी व मांस में हम आत्मनिर्भर हैं। खेती में कृषि वैज्ञानिकों का योगदान व कुछ कृषक वैज्ञानिकों ने इसे और सुदृढ़ बनाया है। खेतीबारी करने के लिए कभी भी हीन भावना मन में नही लानी चाहिए। कहा कि बिना मन से की गयी खेती हमेशा घाटे का सौदा होती है। पहले किसान अच्छी सड़कें न होने से अपने उत्पाद बाजार तक नहीं पहुंचा पाते थे लेकिन अब ऐसा नही है। उन्होने कहा कि विश्व विद्यालय विभिन्न फसलों के उन्नतिशील प्रजातियों के बीज उपलब्ध करा रहा है यह एक सराहनीय कार्य है। डीएम नगेन्द्र प्रताप ने किसान मले में स्टॉलों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होने कृषि प्रसार, शोध एवं प्राकृतिक खेती, सामुदायिक विकास, केन्द्रीय दलहन अनुसंधान के स्टॉल, जल संरक्षण, वानिकी मॉडल देखे और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने व किसानों को जागरूक करने पर जोर दिया। विश्व विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि किसान मेला इस क्षेत्र के किसानों एवं अन्य हित धारकों के लिए एक बड़ा कार्यक्रम है। कहा कि बुंदेलखण्ड के किसान विश्व विद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार को जान सकें इसके लिए वैज्ञानिक, कृषक एवं अनाज वितरक एक प्लेटफार्म पर हित साझा करते हैं। किसान मेला विश्व विद्यालय का एक नियमित कार्यक्रम है जिसे विश्व विद्यालय बीते कई वर्षों से आयोजित कर रहा है। मेले में बकरी पालन के बारे में केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मकदूम, मथुरा के प्रधान वैज्ञानिक डॉ वी के राय ने कहा कि बुंदेलखण्डी बकरी इस क्षेत्र के लिए वरदान है। इससे आजीविका के साथ किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। निदेशक प्रसार प्रो0 एन के बाजपेयी ने बताया कि किसाने मेले में 104 स्टॉल जिसमें सरकारी विभाग, खाद्य, बीज, पादप रसायन, खाद्य सामग्री, हस्त शिल्प, आयुर्वेद, कृषि यंत्र, मशीनरी बनाने वाली संस्थाओं व छात्रों ने लगाए हैं। मेले में बुंदेलखण्ड के 7 जिलों के कृषि विज्ञान केन्द्रों के मार्गदर्शन में करीब 300 किसान व युवाओं ने भाग लिया। कृषि मेले का समापन रविवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही करेंगे।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने भरे नमूने, जांच को भेजे



**बांदा।** शहर के जवाहर नगर स्थित राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालय में खाद्य सुरक्षा टीम ने शनिवार को भोजन सामग्री की जांच की। दाल, चना और दलिया का नमूना संकलित किया। रसोईयों को हांथों में निर्धारित दस्ताने पहनने और रसोई की बेहतर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। सतर्कता समिति के निर्देश पर की गयी छापेमारी में भंडार ग्रह की भी जांच पड़ताल हुई। सहायक आयुक्त खाद्य जय प्रकाश तिवारी ने बताया कि जिला स्तरीय सतर्कता समिति के निर्देश पर राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालय जवाहर नगर की मेस का औचक निरीक्षण किया गया। प्रधानाचार्य कौशल कुमार के साथ आवासीय विद्यालय के बच्चों का भोजन भंडार ग्रह जांचा गया। टीम ने अरहर दाल, साबुत चना तथा दलिया का नमूना संकलित कर जांच को भेज दिए। सहायक खाद्य आयुक्त के मुताबिक विद्यालय के रसोईयों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने को कहा गया है। रसोईयों को हैंड ग्लव्स का उपयोग करने तथा रसोई की नियमित बेहतर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये हैं। इस दौरान बच्चों को आई ई सी के तहत जागरूक किया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र पटेल व रामनरेश आदि मौजूद रहे।

## तलाक के मुकदमे से लौटते समय सुमन की हत्या

**बांदा।** पति से तलाक के मुकदमे की पेशी से लौटने के दौरान गुरूवार को लापता हुई पत्नी की गुमशुदगी को लेकर बबेरू कोतवाली पुलिस ने संवेदनहीनता दिखाई। मामला बांदा शहर कोतवाली का बताकर पल्ला झाड़ लिया। लेकिन शुक्रवार की शाम इलाके में ही लापता शव मिलने से बबेरू कोतवाली पुलिस चेहरा छिपाती नजर आ रही है। बबेरू कोतवाली के अहार गांव निवासी राजाभईया पटेल ने लगभग 15 साल पहले पुत्री सुमन की शादी बिंसडा थाना के कैरी गांव निवासी मूलचंद्र पटेल के बेटे रामबाबू से की थी। पति समेत ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करते थे। परेशान हाल सुमन मायके में रह रही थी। बीते 6 माह पहले पति रामबाबू ने तलाक का मुकदमा कर दिया। उसी मुकदमें में गुरूवार को सुमन बांदा कचेहरी आई थी। तारीख कर वापस मायके जा रही थी लेकिन घर नही पहुंची। सुमन के न पहुंचने पर पिता ने रिश्तेदारों के साथ खोजा लेकिन कहीं पता नही चला। पिता का कहना है कि वह बबेरू कोतवाली गया पूरी बात बताई। रिपोर्ट लिखानी चाही। परंतु बबेरू पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र का मामला बताकर उसे चलता कर दिया। बबेरू पुलिस संवेदनशीलता दिखाती तो शायद सुमन की जान बच जाती। शुक्रवार सुबह पिता ने शहर कोतवाली में भी दस्तक दी। बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई लेकिन शाम को बबेरू क्षेत्र के अहार गांव के बंधे के निकट सुमन का शव मिला। आंख निकाली हुई नजर आई, चोंट के निशान दिखे। सीओ सौरभ सिंह ने कहा कि हत्या प्रतीत होती है। छानबीन की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## कृष्णकांत ने किया जिले का नाम रोशन



**बांदा।** जिले के कालिंजर कस्बा निवासी डॉ बुद्ध विलास द्विवेदी के बड़े पुत्र कृष्णकांत ने दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय से राजनीतिक विज्ञान तथा अंतर्राष्ट्रीय संबंध में जूनियर रिसर्च फिलोशिप में 99.89 प्रतिशत अंक हासिल कर देश, जिले एवं गांव का नाम रोशन किया है।

कृष्णकांत द्विवेदी की प्राथमिक शिक्षा केन्द्रीय जवाहर नवोदय विद्यालय रमखेरिया जिला पन्ना मध्य प्रदेश से हुई थी। ग्रेजुएशन दिल्ली विश्वविद्यालय हिन्दू कालेज दिल्ली एवं परानास्तक की शिक्षा जवाहर लाल नेहरू विश्व विद्यालय दिल्ली से राजनीतिक विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध में हुई। कृष्णकांत की इस सफलता के लिए गांव व क्षेत्र के लोग डॉ बुद्ध विलास को बधाई देने पहुंच रहे हैं।

# नाबालिग और बिना लाइसेंस प्राप्त बच्चों को कदापि न दें वाहन: आलोक

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** करबा चौथ के साथ आगामी समय में आने वाले धनतेरस, दीपावली जैसे महापर्वों के दृष्टिगत इन दिनों शहर के प्रमुख बाजारों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में कहीं जाम की स्थिति उत्पन्न न हो और कहीं भी संदिग्ध वाहन विचरण न कर सकें, इसको दृष्टिगत रखते हुये शनिवार को यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने अपने हमराहियों के साथ शहर भर में भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने संदिग्ध वाहनों के खिलाफ सघन चैकिंग अभियान चलाया तो वहीं जाम न लगे इसके लिए समुचित ट्रेफिक व्यवस्था बनाये रखी।

गौरतलब है कि पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी के आदेश, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश और एएसपी अनिल कुमार व सीओ ट्रैफिक के निकट पर्यवेक्षण में शहर की यातायात व्यवस्था को आम दिनों की अपेक्षा त्यौहारी सीजन में सुद्रढ़ बनाये रखने के लिए यातायात पुलिस काफी संजीदा है। त्यौहारों पर शहर के प्रमुख बाजारों में खरीददारी के लिए उमड ? वाली भीड़ और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए यातायात पुलिस कड़ी मशक्कत भी कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने शहर के प्रमुख बाजार, चैराहों, तिराहों, मार्केटों और धार्मिक स्थलों के आसपास सघन चैकिंग अभियान चलाया। यहां वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाते हुये वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। साथ ही बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे वाहन कदापि न चलायें, अन्यथा चालान के अलावा अन्य विधिक कार्यवाही से गुजरना पड़ सकता है। उन्होंने अभिभावकों से भी आह्वान किया कि लाइसेंस बनने के पहले बच्चों को वाहन चलाने को न दें। इस दौरान यातायात प्रभारी के साथ अन्य यातायात आरक्षी भी मौजूद रहे।

- नगर के प्रमुख बाजारों में चला अभियान

**सदरकांटा और सावरकर चौक पर डायवर्ट रहा रूट**

शहर के प्रमुख बाजारों में भीड़ होने के चलते दो पहिया वाहनों को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों का रूट सदरकांटा और वीर सावरकर चैक से डायवर्ट कर दिया गया, जिससे ऐसे वाहनों के बाजारों में प्रवेश करने से किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## हादसे में बाइक सवार की मौत

आंवला, बरेली। सिरौली के गांव चंदूपुरा के रहने वाले शेर सिंह ने आंवला पुलिस से शिकायत कर बताया कि उसके पिता व एक अन्य व्यक्ति मोटरसाइकिल से बदायूं जा रहे थे। तभी मऊ और रामनगर के बीच पूले भरकर ला रहे एक ट्रैक्टर ट्राली ने गलत दिशा में आकर टक्कर मार दी। उसमें उसके पिता की मौत हो गई। उसने आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र सौंपा था, इसके आधार पर आंवला पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। बताया जाता है कि ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल को पुलिस थाने ले आई है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है। जांच करके विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# युवा नशे की लत से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में करें योगदान: डॉ. सौरभ




जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** मेरा युवा भारत अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र ललितपुर के तत्वावधान में शहर के पहलवान गुरुद्दीन प्रशिक्षण महाविद्यालय, पनारी के सभागार मेंयुवाओं में नशे की लत व मादक द्रव्यों के सेवन विषय पर आधारित एक जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सौरभ यादव, निदेशक पहलवान गुरुद्दीन ग्रुप आफ इण्स्टीट्युट ललितपुर, जिला युवा अधिकारी विशाल सिंह, डॉ महेश झा, डॉ विनोद यादव, जिला नशामुक्ति केन्द्र से श्रीमति कंचन परमार ने स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। सर्वप्रथम जिला युवा अधिकारी विशाल सिंह ने युवाओ को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए बताया कि युवाओ में नशे की आदत उनके लिये ही नही बल्कि उनके परिवारों के लिये भी अभिशाप है। अतः सभी युवाओं को नशे की लत व अन्य किसी भी प्रकार के मादक पदार्थो के सेवन से बचना चाहिए और सदैव अपने जीवन मे सकरात्मक होकर अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निरन्तर ईमानदारीपूर्वक प्रयासरत रहना चाहिए साथ ही सभी से आगामी एक सप्ताह तक विभिन्न पैम्फलेट व अन्य आई ई सी मटेरियल द्वारा जागरुकता गतिविधियों के माध्यम से आमजन को भी इसके प्रति जागरूकता का आव्हान किया। मुख्य अतिथि डॉ सौरभ यादव, निदेशक ने युवाओं से हर प्रकार के नशे की लत से दूर रहने व विभिन्न शारीरिक, सामाजिक गतिविधियों में सहभागी बन राष्ट्र निर्माण में अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। डॉ महेश झा ने कहा कि नशा आज देश की ज्वलंत समस्या है, वह युवा पीढ़ी को लगातार गिरफ्त में ले रही है। बच्चे अपने माता पिता से सीखते हैं, माता पिता को भी अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए स्वयं आगे आकर इस बुराई को दूर करने में सहायक सिद्ध होना होगा। स्वस्थ होना अपने आप मे अमूल्य धन है। डॉ विनोद यादव ने भी युवाओं को नशे के विरुद्ध दृढ़ता से कार्य करने हेतु प्रेरित किया, श्रीमति कंचन परमार ने युवाओं से इस जागरुकता अभियान में आगे आने का आव्हान किया, श्रीमति राजकुँवर ने भी अपनी ऊजार्वान वाणी से युवाओं को नशे से दूर रहने की बात कही। कार्यक्रम में नशा मुक्ति से सम्बंधित पोस्टर्स का भी विमोचन किया गया व सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए और समस्त युवाओं को आगे आकर इस बुराई को समाप्त करने के लिये अपने प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया। युवाओं ने भी नशा मुक्ति के संबंध में अपने बहुमूल्य सुझाव भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम आयोजन में लेखा एवं कार्यक्रम सहायक विकास चैरसिया, पूर्व स्वयंसेवक सचिन तिवारी, नीरज, विजय, सहित अन्य शिक्षक व स्टॉफगण का विशेष सहयोग रहा।

- नशा सेवन विषय पर आधारित जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# एलयूसीसी के मुख्य सरगना समीर अग्रवाल पर डीआईजी ने घोषित किया 50 हजार का इनाम

**ललितपुर।** एलयूसीसी कम्पनी बनाकर लोगों के करोड़ों-अरबों रुपये हड़पकर विदेश में छिपकर बैठे मुख्य सरगना पर अब पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इससे पहले एक और बड़े सरगना मास्टर माइण्ड रवि तिवारी, उसके भाई राहुल तिवारी, आलोक जैन समेत आधा दर्जन से अधिक अभियुक्तों को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर जेल भेजा जा चुका है। डीआईजी झांसी कलानिधि नैथानी ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये दुबई में में छिपकर बैठे एलयूसीसी के मुख्य सरगना सागा ग्रुप के चेयरमैन समीर अग्रवाल पर 50 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। प्रकरण को लेकर पुलिस विभाग द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुये एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में एसओजी, सर्विलांस और कोतवाली पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाहियों को अंजाम दिया था।

- चिटफण्ड कम्पनी बनाकर अरबों रूपया हड़प कर फरार
- आधा दर्जन से अधिक धोखेबाज जा चुके हैं जेल

लम्बे समय से चचाओं में रहे इस प्रकरण में बताया गया कि एलयूसीसी कम्पनी में लोगों द्वारा कम समय में दोगुनी धनराशि के प्रलोभन में आकर रुपये जमा कराये थे। जमा कराये गये रुपयों को निवेशकों को वापस नहीं किया गया और करोड़ों-अरबों रुपया हड़प कर लिया गया। प्रकरण की जांच हुयी तो परत दर परत मामला खुलता गया, जिसमें शहर के मोहल्ला रामनगर निवासी रवि शंकर तिवारी उर्फ रवि तिवारी, राहुल तिवारी, आलोक जैन के अलावा आधा दर्जन से अधिक एजेण्टों को पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। अब प्रकरण में मुख्य सरगना सागा ग्रुप के चेयरमैन समीर अग्रवाल जिसका पता मुम्बई महाराष्ट्र और हाल पता बिजनेश-वे, बिल्डिंग नम्बर 10, 4 फ्लोर, ऑफिस नम्बर 404 दुबई बताया गया है के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। डीआईजी झांसी ने मुख्य सरगना समीर अग्रवाल पर 50 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। बताया जा रहा है कि समीर अग्रवाल पुत्र स्व.राजेन्द्र अग्रवाल के खिलाफ बीएनएस की धारा 11, 318, 61(2), 352, 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज है। डीआईजी के आदेश पर समीर अग्रवाल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा एसआईटी टीम का गठन किया है। इसके अलावा डीआईजी द्वारा समीर अग्रवाल की सूचना देने वाले को 50 हजार रुपये का ईनाम दिये जाने की घोषणा की गयी है।

## अतिक्रमण पर चला सरकारी बुलडोजर

**आंवला, बरेली।** शासन द्वारा सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और उक्त संपत्ति को कब्जा मुक्त कराया जा रहा है। कुछ समय पहले मऊ चंदपुर के लोगों द्वारा रास्ते पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण करने की शिकायत की गई थी। शिकायत में बताया गया था कि कुछ लोगों के द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रास्ते को संकरा कर दिया गया था।

## नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप

**ललितपुर।** रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपय की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। नेहरू नगर सिद्धंन के पास रहने वाले देवेन्द्र यादव पुत्र शिशुपाल यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके साथ शांकरवार खुर्द निवासी जितेन्द्र यादव पुत्र घनश्याम, राजघाट बड़ेरा निवासी पवन पुत्र कैलाश नारायण चैबे, मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चन्देरी के ग्राम प्रानपुरा निवासी मुलायम पुत्र जगत सिंह कुशवाहा एवं राजघाट 1 नम्बर कालोनी बाईपास निवासी रतीभान पुत्र हुकुम सिंह हैं। बताया कि उक्त सभी लोगों से राजघाट कालोनी बड़े मंदिर के पास रहने वाले जितेन्द्र कुमार चैबे पुत्र रामसहाय चैबे ने विगत वर्ष 2021 में रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी को अंजाम दिया है।

बताया कि जितेन्द्र कुमार चैबे ने देवेन्द्र यादव से 32650 रुपये फोन पे पर, जितेन्द्र से 62 हजार रुपये फोन पे पर, रतीभान से 10 हजार रुपये फोन पे पर, पवन से 30 हजार रुपये फोन पे पर, मुलायम से 25 हजार रुपये फोन पे पर और कुछ अन्य लोगों के साथ नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी की है। आरोप है कि उक्त लोग काफी बदमाश किस्म के लोग हैं और लूटपाट करने के उद्देश्य से कागज बनवाकर व्हाट्स ऐप पर भेजता है। रुपये मांगने पर जितेन्द्र कुमार चैबे द्वारा गालियां देते हुये धमकाता है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 420, 406 व 504 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षेप

### विशिष्टजनों का मनाया गया जन्मदिन

सोनभद्र। धर्म, संस्कृति, साहित्य, कला के क्षेत्र में अनवरत रूप से कार्यरत श्री राम दरबार अखाड़ा समिति सोनभद्र नगर के कार्यालय में शुक्रवार देर शाम को आयोजित बैठक में इतिहासकार/विंध्य संस्कृति शोध समिति उत्तर प्रदेश ट्रस्ट के संस्थापक निदेशक दीपक कुमार केसरवानी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ई0 रमेश सिंह पटेल, जिला मंत्री रजनीश, नगर पालिका परिषद सोनभद्र नगर के पूर्व सभासद नातिक अशरफ को अखाड़ा समिति के पदाधिकारी ने तिलक लगाकर अंगवस्त्रम ओढ़ाकर, मिष्ठान खिलाकर जन्मदिन की बधाई दिया। इस अवसर पर अखाड़ा समिति के पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, रविंद्र केसरी, धर्मवीर तिवारी, प्रमोद गुप्ता, अवधेश गुप्ता, आनंद मिश्रा, आशीष अग्रवाल, माला चौबे आदि पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

### अपात्र लाभार्थियों की सूची हुई चस्पा

सोनभद्र। परियोजना अधिकारी डूडा सोनभद्र ने अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र के प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को विभिन्न डी0पी0आर0 में स्वीकृत लाभार्थी भिन्न-भिन्न कारणों से अपात्र पाये गये है, उनकी नगर निकायवार सूची ओबरा 38, रेनूकूट 02 एवं राबर्ट्सगंज 51 संबंधित नगर निकाय कार्यालयों के नोटिस बोर्ड एवं जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), सोनभद्र के कार्यालय के नोटस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है। सबंधित लाभार्थीयों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त सूची का अवलोकन कर लें और अपनी पात्रता के सम्बन्ध में अपने अभिलेखीय साक्ष्य आगामी 7 कार्य दिवस में अपने सम्बन्धित नगर निकाय में अथवा जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), सोनभद्र कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उक्त समय के बाद किसी भी लाभार्थी का कोई भी दावा मान्य अथवा स्वीकार नहीं होगा और उसको अन्तिम रूप से अपात्र मानते हुये कर्टेलमेन्ट डी0पी0आर0 मुख्यालय/शासन को प्रेषित कर दी जायेगी।

### पुलिस मुठभेड़ में गैंगरेप का आरोपी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। जिले में पुलिस ने एक महिला से सामूहिक बलात्कार करने और उसकी हत्या का प्रयास करने के मामले में मुख्य आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नैपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान शमशाद के रूप में हुई है। शमशाद ने उसे गिरफ्तार करने पहुंचे पुलिस दल पर गोली चलाई जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और इसी दौरान आरोपी के पैर में गोली लग गई। शमशाद के दो साथियों राजीव और दीपेंद्र को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी ने बताया कि शमशाद ने राजीव और दीपेंद्र के साथ मिलकर 14 अक्टूबर को मितौली थाना क्षेत्र के गांव की एक महिला से सामूहिक बलात्कार किया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद वे पीड़िता को गोली मारकर फरार हो गए थे। इस हमले में पीड़िता गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इसके बाद मितौली थाने में इस मामले में राजीव, दीपेंद्र और शमशाद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एसपी ने बताया कि राजीव और दीपेंद्र को पहले एक गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था, जबकि शमशाद को शुक्रवार देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया।

### होटल से लाखों रुपये के अवैध पटाखे बरामद

नोएडा। नोएडा में पुलिस ने सेक्टर 12 स्थित एक होटल में शनिवार को छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए और इस मामले में होटल संचालक सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रामबदन सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर 24 पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 12 स्थित एक होटल में कुछ लोग ठहरे हैं जिनके पास अवैध पटाखे हैं और वे दीपावली के अवसर पर इन्हें बेचने की फिराक में हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सूचना के आधार पर वहां छापा मारा तथा मौके से अभिनव, अमन तथा केशव नाम के आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से पांच बोरों में भरे हुए लाखों रुपए के अवैध पटाखे बरामद हुए। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि होटल के संचालक को भी इस संबंध में पूरी जानकारी थी जिसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच जारी है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जन शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण :डीएम

जिला संवाददाता(vol)



सम्पूर्ण समाधान दिवस

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अक्टूबर महीने के तीसरे शनिवार को किया गया। तहसील राबर्ट्सगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को बड़े ही सरलभाव से सुना और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाना है, सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने अधीनस्थों को अवगत करा दें कि किसी प्रकार की योजनाओं को आम जनता को देने में पैसे की मांग किये जाने, लाभार्थीपरक पत्रावलियों के निस्तारण में, जनता की समस्याओं के निस्तारण के दौरान पैसे की मांग करने की शिकायत प्राप्त होती है, तो सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। ऐसे मामले जो मौके पर जाकर निस्तारण किया जाना है, दोनों पक्षों के समक्ष वार्ता कर प्रकरण का निष्पक्ष तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर उत्कर्ष द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान आदि ने 133 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 17 मामलें निस्तारित किये गये और 4 टीम को क्षेत्र में भेजकर 4 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबट्र्सगंज में कुल 21 मामले निस्तारित हुए, बाकी 112 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये हैं। इसी प्रकार तहसील ओबरा में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्याओं को बड़े ही सरलभाव से सुना और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया, इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, तहसीलदार ओबरा सुशील कुमार आदि ने 55 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 6 मामलें निस्तारित किये और 3 टीम को क्षेत्र में भेजकर 3 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। बाकी 46 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार तहसील घोरावल में उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह, तहसीलदार नटवर सिंह, नायब तहसीलदार विदित तिवारी, सी0ओ0 घोरावल आदि ने 59 शिकायतें सुनते हुए ,मौके पर ही 5 मामलें निस्तारित किये गये और 1 टीम को क्षेत्र में भेजकर 1 प्रकरण को निस्तारित किये गये। बाकी 53 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।इसी प्रकार तहसील दुद्धी में तहसीलदार ज्ञानेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।इस मौके पर तहसीलदार दुद्धी ज्ञानेन्द्र यादव, सी0ओ0 दुद्धी आदि ने 37 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 2 मामलें निस्तारित किये गये और 1 टीम को क्षेत्र में भेजकर 1 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस दुद्धी में कुल 3 मामले निस्तारित हुए, बाकी 34 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# दस हाथों वाले मोदी की होर्डिंग बनी चर्चा का केंद्र

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रविवार को वाराणसी दौरे से पहले उनके संसदीय क्षेत्र में 500 से अधिक होर्डिंग लगाए गए हैं। इनमें से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमन सोनकर द्वारा लगाए गए एक होर्डिंग में मोदी को 10 हाथों के साथ दिखाया गया है, जिनमें से प्रत्येक हाथ स्वच्छ भारत मिशन , जन धन योजना और मेक इन इंडिया जैसी अलग-अलग सरकारी योजनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। शहर के लंका, चितईपुर और सारनाथ इलाकों में लगाया गया यह होर्डिंग लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। सोनकर ने कहा कि यह होर्डिंग विकास और लोगों के कल्याण के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया ने अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को युग पुरुष के रूप में स्वीकार कर लिया है। प्रधानमंत्री मोदी काशी से लगातार सांसद रहे हैं और काशी शिव की नगरी है। उन पर भगवान शिव का आशीर्वाद है। सोनकर ने कहा कि देश की जनता और काशी निवासियों को मोदी जैसा प्रतिनिधि मिलने पर गर्व है और यह होर्डिंग उसी प्रेम एवं कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।इस बीच, भाजपा के काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत और जम्मू-कश्मीर में इसके बेहतरीन प्रदर्शन से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के स्वागत की व्यापक तैयारियां की हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबतपुर हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री की अगवानी करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब हवाई अड्डे से बाहर आएंगे तो पिंडरा से विधायक अवधेश सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता पुष्प वर्षा करके और ढोल, डमरू एवं शंख बजाकर उनका भव्य स्वागत करेंगे।पटेल ने बताया कि अजगरा से भाजपा विधायक टी. राम के नेतृत्व में कार्यकर्ता वाजिदपुर तिराहे पर और शिवपुर विधानसभा के कार्यकर्ता अतुलानंद तिराहे पर प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के काशी आगमन से पहले उनके यात्रा मार्ग और प्रमुख चौराहों को पार्टी के झंडों और बैनरों से सजाया जा रहा है। प्रधानमंत्री के स्वागत और अभिनंदन के लिए 500 से अधिक छोटे-बड़े होर्डिंग लगाए जा रहे हैं। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी और देश के अन्य शहरों के लिए नेत्र अस्पताल, हवाई अड्डे एवं छात्रावास समेत 6,600 करोड़ रुपये से अधिक की 20 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

# डॉ.बृजेश कुमार सिंह की पुस्तक स्वर्णिम सोनभद्र का विमोचन



सोनभद्र। जिला मुख्यालय पर उरमौरा स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सोनभद्र परिसर में शनिवार को डॉ बृजेश कुमार सिंह ष्महादेवष शिक्षक पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय पल्हारी नगवां, सोनभद्र द्वारा लिखित पुस्तक ह्यह्यस्वर्णिम सोनभद्रह्यह्य का विमोचन किया गया। इस पुस्तक से सोनभद्र के बारे में जानने में काफी सहूलियत मिलेगी।

डॉ बृजेश कुमार सिंह महादेव की पुस्तक स्वर्णिम सोनभद का विमोचन जागृति अवस्थी मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र, शेषबाला वर्मा मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) विंध्याचल मंडल, मृदुल आनंद पाण्डेय डायट प्राचार्य/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र, राकेश कुमार तिवारी मंडलीय समन्वयक एमडीएम विंध्याचल मंडल, ओम प्रकाश त्रिपाठी राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक, डॉ अरमा देवी, डॉ ऋचा ओझा, राजेश मौर्य डायट प्रवक्ता, देवेंद्र गंगवार जिलामंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। सभी लोगों ने इस पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि सोनभद्र के बारे में जानने के लिए यह पुस्तक बहुत ही उपयोगी साबित होगी।

बता दें कि भरहरी सोनभद्र निवासी डॉ बृजेश महादेव की एक दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। आप एशियन एजुकेशन अवार्ड, नेशनल बिल्डर्स अवार्ड व राज्य आईसीटी के साथ दर्जनों सम्मान पत्र प्राप्त किए हैं। आप जनपद के नवाचारी शिक्षक के साथ अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त स्काउट मास्टर भी हैं और पत्रिकाओं का सम्पादन भी करते हैं।

डॉ बृजेश महादेव ने बताया कि सोनभद्र जनपद पर यह मेरी पहली पुस्तक है जो जनपद के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व प्राकृतिक पहलुओं को समेटे हुए है। इस पुस्तक के माध्यम से जनपद सोनभद्र को जानने का अवसर मिलेगा।इस उपलब्धि के लिए लेखक डॉ बृजेश महादेव वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ को सभी शुभचिन्तकों ने बधाइयां दी है। विमोचन के अवसर पर डायट प्रवक्तागण सर्वश्री नीरज शर्मा, जयेन्द्र शंकर मिश्रा, सबनम, अवधेश कुमार, हरिवंश सिंह, हीरालाल प्रजापति, राज कुमार, सौरभ सिंह, जिज्ञासा यादव, सुनिल कुमार मौर्य, शंकर सिंह, मनोज कुमार सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी द्वय सर्वश्री अशोक कुमार सिंह, बृजेश कुमार सिंह, धन्नजय सिंह, विश्वजीत कुमार व एआरपी द्वय सर्वश्री हृदेश कुमार सिंह, विमल कुमार, डीसी अवधेश कुमार भारती, जय किशोर वर्मा सहित सैकड़ों शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# चीनी मिल चलाने की तैयारी, किसानों को एक साल बाद भी नहीं मिला गन्ना भुगतान

- **राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने उठाई गन्ना भुगतान की मांग**

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा है कि नवीन पेराई सत्र 2024 -025 की तैयारियां शुरू हैं।8 नवम्बर से बजाज ग्रुप की चीनी मिलों के गन्ना पेराई करने की सम्भावना जताई जा रही है, किंतु पिछले सत्र का बकाया गन्ना भुगतान अब तक पेराई सत्र के एक वर्ष व्यतीत होने पर भी नहीं दिया गया है।

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने बीते 30 सितम्बर को प्रदेश के गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण और चेयरमैन कुशाग्र बजाज समेत गन्ना समिति के सचिव बलवंत चैधरी तथा चीनी मिल गोला के गन्ना महा प्रबंधक सहित शाहजहांपुर के चीनी मिल मकसूदापुर व पीलीभीत की चीनी मिल बरखेड़ा के गन्ना महा प्रबंधक को रजिस्टर्ड डाक द्वारा ज्ञापन भेजकर 30 अक्टूबर तक पिछले सत्र का बकाया गन्ना भुगतान करने और इस सत्र के खरीदे गन्ने का गन्ना अधिनियम और हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में 14 दिन में गन्ना भुगतान करने का नोटेरियल शपथ पत्र गन्ना समितियों में देने के लिए ज्ञापन भेजा है। अन्यथा पर 8 नवम्बर को राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन गन्ना समिति में किसान पंचायत कर पंचायत के निर्णय अनुसार कार्यवाही को विवश होगा। श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा है कि एक तरफ बजाज ग्रुप की चीनी मिलें भुगतान नही दे रही हैं तो वही दूसरी तरफ शारदा और घाघरा नदी ने किसानों के बसे गाँव और हजारों एकड़ खेतिहर जमीन काटकर अपने में मिला लिया है। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि गण उनकी अनदेखी कर गन्ना समितियों के जैसे छोटे - छोटे चुनावों में अनैतिक धन उगाही के लिए आम किसानों के चुनाव लड़ने पर उन्हें दबा कर अपना बर्चस्व बनाने में जुटे रहे,किंतु गन्ना भुगतान के मामले में चीनी मिलों के आगे घुटने टेके हुए हैं। जबकि जिले की बजाज चीनी मिलों के ऊपर किसानों के गन्ना भुगतान का अभी अरबों रुपये बकाया है।

# ब्लॉक स्तरीय विज्ञान, गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

घोरावल (सोनभद्र)राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय विज्ञान/गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र घोरावल में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी घोरावल राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में विकासखंड घोरावल के सभी कंपोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रति विद्यालय तीन-तीन छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 25 प्रश्नों की गणित एवं विज्ञान की प्रश्नावली दी गई जिसमें उच्चस्थ दस छात्रों को विज्ञान किट (स्टेशनरी, मोमेंटो, ट्राफी तथा प्रमाण पत्र) देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम और उपजिलाधिकारी द्वारा वीणा वादिनी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया। वंदना एवं स्वागत गीत कंपोजिट विद्यालय घोरावल के छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी घोरावल अशोक कुमार सिंह द्वारा माल्यार्पण करते हुए स्मृति चिन्ह देकर उपजिलाधिकारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए ब्लाक संसाधन कक्षा में सभी प्रतिभागी एवं अतिथि एकत्रित होकर शीर्षस्थ 10 छात्रों को विज्ञान किट (साइंस बुक, प्रिज्म, लिटमस पेपर, थर्मामीटर, तापमाननापी, अवतल लेंस, उत्तल लेंस, स्टॉपवॉच, माइक्रोस्कोपिक लेंस) स्टेशनरी, स्मृति चिन्ह के साथ प्रमाण पत्र देकर उपजिलाधिकारी घोरावल एवं खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। उप जिला अधिकारी घोरावल द्वारा सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं के साथ अपने जीवन के सफलतम सोपानों पर प्रकाश डाला गया। इस प्रतिस्पर्धा में शीर्षस्थ तीन स्थानों पर आलोक सिंह कक्षा 8 उच्च प्राथमिक विद्यालय ढूढेर को प्रथम, अधिकृत पांडेय, उच्च प्राथमिक विद्यालय ढूढेर एवं अर्चना पाल उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरवार को संयुक्त रूप से द्वितीय, संदेश पांडे कंपोजिट विद्यालय खजूरी तृतीय स्थान पर रहे। उजाला पांडे कंपोजिट विद्यालय लोहंडी एवं अन्य छह छात्र संयुक्त रूप से पंचम स्थान पर रहे। शीर्षस्थ 5 छात्र जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। शीर्षस्थ तीन छात्रों को उनके खाते में तीन-तीन हजार रुपए जनपदीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिए भेजा जाएगा। साथ ही प्रतिभागी 50 छात्रों को शैक्षिक भ्रमण हेतु ले जाया जाएगा। कार्यक्रम संपादन में एसआरजी विनोद कुमार, एआरपी दीनबंधु त्रिपाठी, धर्मराज सिंह, अखिलेश सिंह, मिथिलेश द्विवेदी एवं अविनाश चंद्र शुक्ला के साथ सभी शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपस्थित शिक्षकों में रमेश सिंह, संजय सिंह, मयंक दुबे, राकेश शुक्ला, आलोक भारती, गुलाब प्रसाद उपस्थित रहे। आभार ज्ञापन पीएम श्री विद्यालय घोरावल के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार के द्वारा किया गया। संचालन दीनबंधु त्रिपाठी एवं अविनाश शुक्ला ने किया।

# चंदना कुमारी ने किया एनटीपीसी विंध्याचल सर्वेश्वर मंदिर का दौरा



सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल परिसर में स्थित सर्वेश्वर मंदिर का वरिष्ठ सदस्या, संयुक्ता महिला समिति चंदना कुमारी ने दौरा किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्या, अर्पिता महिला समिति पुबाली घोष, उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ) सारिका चतुवेर्दी, महासचिव (सुहासिनी संघ) शिल्पा कोहली, उप महाप्रबंधक( मानव संसाधन) कामना शर्मा के साथ-साथ सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारीगण एवं सदस्याएं उपस्थित रही। सर्वप्रथम वरिष्ठ सदस्या, संयुक्ता महिला समिति चंदना कुमारी नें मंदिर परिसर के अंदर भगवान शिव का जल अभिषेक किया। तत्पश्चात सभी लोगों ने पुजा अर्चन किया। उन्होंने हमारी संस्कृति के प्रति समर्पण और उत्साह के लिए एनटीपीसी विंध्याचल के लोगों की प्रशंसा भी की। तदोपरांत उन्होंने मंदिर समिति को अत्यधिक सांस्कृतिक गतिविधियां करने को कहा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल हों सकें और उसका भरपूर आनंद उठा सकें।

# वायुसेना के जांबाजों ने बनाया डॉल्फिन-डबल एरो क्रॉस लीप

जिला संवाददाता(vol)

कानपुर। शहर में पहली बार सारंग एयरोबेटिक डिस्प्ले टीम ने दांतो तले अंगली दबाने वाले आश्चर्यजनक कारनामे दिखाए। शनिवार को चकेरी स्थित वायु सेना स्टेशन पर एयरशो का आयोजन किया गया, इसमें एचएएल निर्मित पांच ध्रुव हेलीकॉप्टर के जरिए वायुसेना के जांबाजों ने डॉल्फिन लीप, डबल एरो क्रॉस, सारंग स्प्लिट, क्रॉस ओवर ब्रेक बनाए।

एक साल पहले 24 नवंबर को एक बेस रिपेयर डिपो बीआरडी के प्लैटिनम जुबली समारोह में आकाश गंगा की टीम ने आकाश से लेकर जमीन तक कारनामों का प्रदर्शन किया था। भारतीय वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ समारोह के हिस्से के रूप में कानपुर वायु सेना स्टेशन में प्रदर्शन किया।

एयर शो में एयर कमोडोर एमके प्रवीण वीएम एयर ऑफिसर कमांडिंग, वायु सेना स्टेशन कानपुर के साथ-साथ भारतीय वायुसेना के अधिकारी और रक्षा बल शामिल हुए। बताया गया कि 2003 में स्थापित सारंग टीम भारतीय वायु सेना के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करती है। सारंग टीम दुनिया की एकमात्र सैन्य प्रदर्शन टीम है, जो पांच हेलीकॉप्टरों का उपयोग करती है।

टीम ने स्वदेशी रूप से विकसित एचएएल ध्रुव हेलीकॉप्टर का प्रदर्शन करते हुए भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 386 से अधिक स्थानों पर 1,200 से अधिक प्रदर्शन किए हैं। टीम कानपुर के युवाओं को प्रेरित करने और उन्हें भारतीय सशस्त्र बलों में करियर चुनने के लिए प्रोत्साहित करने के अपने मिशन को कायम रखते हुए वायु सेना स्टेशन कानपुर के हवाई क्षेत्र में प्रदर्शन कर रही है।

ध्रुव परंपरागत डिजाइन का हल्का हेलीकॉप्टर है। यह भारी एमआई-17 की तुलना में ज्यादा ऊंचाई वाले हेलीपैड से ज्यादा लोगों को ले जा सकता है। यह वहां उतर सकता है। जहां हल्का बेल 407 नहीं उतर सकता है। इसमें हथियार प्रणाली एकीकृत संस्करण प्रणाली लगी है। 12.7 मिमी के गोलों के खिलाफ कवच सुरक्षा भी। इसमें सबसे आगे 20 मिमी की बुर्ज गन लगी है। रॉकेट लांचर से लैस हेलीकॉप्टर में हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल, और हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल के साथ ही दिन और रात दोनों में लक्ष्यों को भेदने की ताकत हैं।

# वन कर्मियों को किया सम्मानित

पलियाकलां-खीरी। संपूर्णानगर बाजार में सड़क के दोनों तरफ वनविभाग की तरफ से पेड़ पौधे लगाए गए हैं। पेड़ पौधे लगाने से पर्यावरण एवं पोल्यूशन की स्थिति तो सुधरेगी ही साथ ही साथ संपूर्णानगर की खूबसूरती भी बढ़ गई हैं एवं आज कल जंगल से निकल कर बाघ आदि जानवरों का आबादी की तरफ आने की शिकायतें मिल रही हैं। जिसको देखते हुए वन विभाग ने त्वरित एक्शन लेते हुए कई जगह पिजड़े, कैमरे आदि लगाए तथा लोगों को जागरूक भी किया और रात्रि गश्त बढ़ा दी ।जिससे प्रभावित हो कर कई सम्मान पा चुके संपूर्णानगर के पर्यावरण प्रेमी एवं समाजसेवी डॉ. आई ए खान ने वन संपूर्णानगर वनविभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार सहित पूरी टीम को गुड वर्क के लिए अंग वस्त्र एवं मोमेंटो आदि दे कर सम्मानित किया तथा सभी से अपील किया कि संपूर्णानगर क्षेत्र और देश की भलाई के लिए जो भी कार्य हो सके करते रहें तथा डॉ. खान ने बाघ संरक्षण के लिए किए गए कार्यों के लिए प्रधानमन्त्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी की प्रसंशा भी की। बताते चलें डॉ.खान एवं उनका परिवार हमेशा ही दीन दुखियों की मदद को तैयार रहता है तथा पर्यावरण से प्रेम होने के नाते हर वर्ष हजारो पेड़ बाटते और लगाते हैं। इस मौके पर सम्पूर्णानगर वन रेंज के वन दारोगा पुष्कर सिंह एवं सधनलाल, वनरक्षक अजय कुमार, हीरालाल, शमशेर सिंह ,टी°सी। सलीम, महेन्द्रराम, वायरलेस ऑपरेटर हरीश कुमार, राहुल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# एनसीएल निदेशकमंडल ने स्वच्छता पहलों का लिया जायजा



सोनभद्र। हाल ही में एनसीएल निदेशकमंडल ने स्पेशल कैंपेन 4.0 के आलोक में एनसीएल में चल रही गतिविधियों का जायजा लिया है। इस कड़ी में गुरुवार को निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार एवं निदेशक (तकनीकी), कोयला मंत्रालय मारापल्ली वेंकटेश्वरलू एनसीएल ने मुख्यालय में स्वच्छता पहलों की गहन समीक्षा की।

समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वच्छ कार्य संस्कृति पर जोर देते हुए उपस्थित सभी को स्वच्छता को घरेलू स्तर से लेकर अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने व संस्थागत बनाने हेतु प्रेरित किया।

बिरकुनिया स्थित सैनिटरी पैड निर्माण इकाई का किया दौरा। इसी तारतम्य में निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेंद्र मालिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, निदेशक (तकनीकी) कोयला मंत्रालय, मारापल्ली वेंकटेश्वरलू, इंडिपेंडेंट डॉयरेक्टर, एनसीएल सुबीना बंसल ने स्वच्छता समीक्षा के दौरान एनसीएल द्वारा आईआईटी बीएचयू, वाराणसी के सहयोग से बिरकुनिया ग्राम पंचायत में स्थापित सैनिटरी पैड निर्माण इकाई का दौरा किया। इस दौरान निदेशकगण द्वारा सैनिटरी पैड निर्माण प्रक्रिया का जायजा लिया गया। इसके अलावा उन्होंने शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिंगरौली का भी दौरा किया, जहां उन्होंने एनसीएल द्वारा विशेष अभियान 4.0 के दौरान स्थापित सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन और इंसिनेरेटर का भी निरीक्षण किया।

स्पेशल कैंपेन 4.0 के दौरान चल रही गतिविधियों के निरीक्षण के क्रम में शुक्रवार को निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेंद्र मालिक, निदेशक, (तकनीकी) कोयला मंत्रालय, मारापल्ली वेंकटेश्वरलू एनसीएल की अमलोरी परियोजना तथा बरेजा ईको- पार्क, निगाही गए। इस दौरान उन्होंने विशेष अभियान 4.0 के तहत अमलोरी परियोजना में वेस्ट टू वेल्थ पहल के तहत कचरे से निर्मित मयूर प्रतिमा तथा अन्य गतिविधियों का भी निरीक्षण किया व अमलोरी के इस अभिनव प्रयास को सराहा। वहां पर निदेशकगणों ने स्वच्छता श्रमदान में हिस्सा लिया और स्वच्छता सिपाहियों को सम्मानित भी किया। तत्पश्चात निदेशकगणों ने एनसीएल निगाही परियोजना में स्थित बरेजा ईको-पार्क में चल रही नवाचारी गतिविधियों का अवलोकन किया व एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बरेजा इको-पार्क में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने बरेजा इको-पार्क में वेस्ट टू वेल्थ के तहत कचरे से निर्मित विभिन्न वस्तुओं, ट्री हाउस तथा अन्य प्रयासों को सराहनीय बताया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक (अमलोरी) आलोक कुमार, क्षेत्रीय महाप्रबंधक (निगाही) सुमन सौरभ तथा महाप्रबंधक (कार्मिक) प्रमोद कुमार सिन्हा एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा विशेष अभियान 4.0 के तहत 69 स्थानों को साफ-सफाई के लिए चिन्हित किया गया है, जिनमें से 23 स्थलों की सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही 2,180 मैट्रिक टन स्क्रैप निस्तारण के लक्ष्य के अनुरूप अभी तक 1,661 मैट्रिक टन स्क्रैप का निस्तारण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 07 भौतिक फाइलों और 3,729 ई-फाइलों की समीक्षा के साथ-साथ 11 भौतिक फाइलों और 177 ई-फाइलों का निस्तारीकरण भी किया गया है। लोक शिकायतों के निपटान हेतु विभिन्न माध्यमों से एनसीएल को प्राप्त 37 लोक शिकायतों में से अभी तक 30 शिकायतों का सफलतापूर्वक निवारण किया जा चुका है।

# जनपद स्तरीय युवा उत्सव व साइंस मेला संपन्न



सोनभद्र। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, जनपद-सोनभद्र के तत्वावधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला का आयोजन शनिवार को राजकीय बालिकाइण्टर कालेज, राबर्ट्सगंज, में किया गया। इस आयोजितह्य युवा उत्सव में जनपद के समस्त विकास खण्डों/शैक्षिक संस्थानों से 15 से 29 वर्ष की मध्य आयु वर्ग के कुल 83 पुरूष एवं महिला कलाकारों तथा साइंस मेला में जनपद के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कालेजों से कुल 98 पुरूष एवं महिला युवा वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

युवा उत्सव प्रतियोगिता सांस्कृतिक अवयव के अन्तर्गत लोकनृत्य (समूह/एकल), लोकगीत (समूह/एकल) एवं जीवन कौशल अवयव के अन्तर्गत कविता, कहानी लेखन, चित्रकारी, डिक्लेमेशन तथा थीमेटिक अवयव के अन्तर्गत साइंस मेला (समूह/एकल) की विधाओं में आयोजित किया गया है। साइंस मेला भारत सरकार द्वारा आवंटित थीम-की प्रतियोगिताओं को सम्मिलित कर आयोजित किया गया। आयोजन का शुभारम्भ कैप्टन आशुतोष चैधरी जिला सैनिक कल्याण अधिकारी तथा जय राम सिंह,जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र ने प्रतिभागी कलाकारों तथा युवा वैज्ञानिकों को सम्बोधितकरते हुए कहा कि आप इस प्रतियोगिता में विजयी होकर आगे की प्रतियोगिताओं क्रमशः मण्डल स्तर, प्रदेश स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर विजेता बनें तथा अपने माता-पिता व जनपद का नाम रोशन करें। इन विजेता कलाकारों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रमोद कुमार प्रधानाचार्य, राजकीय पालिटेक्निक सोनभद्र एवं वन्दना सिह प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज राबर्ट्सगंज द्वारा संयुक्त रूप से वितरित किया गया। शशि भूषण शर्मा, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी द्वारा इस युवा उत्सव के विजेता खिलाड़ियों को शुभकामना सहित आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप क्रमशः उच्च स्तर पर प्रतिभाग कर विजयी बनें एवं राष्ट्र स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव-2025 में प्रतिभाग कर अपने जनपद का नाम रोशन करें साथ ही इस प्रतिस्पर्धा में जो कलाकर विजयी नहीं हो सके हैं उनका उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि वे अत्यधिक लगन व मेहनत से तैयारी करें तथा आगामी वर्षों में प्रतिभाग कर विजेता बनें। इस युवा उत्सव के विजेता कलाकारों द्वारा मीरजापुर में आयोजित मण्डल स्तरीय युवा उत्सव की प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग किया जाएगा। इस अवसर पर अमरेश चन्द्र त्रिपाठी, युवा कल्याण विभाग के प्रदीप कुमार सिंह, व्यायाम प्रशिक्षक, रवि शंकर कुशवाहा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राबट्र्सगंज, धर्मेन्द्र कुमार सिंह क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दुद्धी, अनुज त्रिपाठी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी घोरावल, महफूज अली खान कनिष्ठ सहायक, जितेन्द्र कुमार, विजय कुमार विश्वकर्मा, अवधेश कुमार, सहित आदि लोग उपस्थित रहें।

संक्षेप

## नवनियुक्त प्राचार्य ने विभागों का किया औचक निरीक्षण

**अयोध्या।** का.सु. साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नव नियुक्त प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी ने शनिवार को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। जिसमें भौतिक विज्ञान विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग ,रसायन विज्ञान विभाग, जन्तु विज्ञान विभाग,सैन्य विज्ञान, राजनीति शास्त्र विभाग, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास और अर्थशास्त्र का निरीक्षण किया गया। जहां बिना अवकाश लिए हुए प्राध्यापको व विभाग में पाई गई कमियों के संदर्भ में प्राचार्य ने विभागाध्यक्ष से कहा कि आप अपने-अपने विभाग के संरक्षक हैं। आप विभाग की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्वतंत्र है, यदि आपको किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो आप यथाशीघ्र हमें सूचित करें। मैं आपकी हर समस्या का समाधान तत्काल करने का आश्वासन देता हू।साथ ही यदि कोई भी प्राध्यापक कक्षाओं में अध्यापन के लिए नहीं जाता है तो आप तत्काल लिखित रूप से सूचित करें। कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित कराना समस्त विभागाध्यक्षों का दायित्व है।

# मुख्य राजस्व अधिकारी ने सुनी शिकायतें



जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर शनिवार को मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।समाधान दिवस में रेउना निवासी भानमती पत्नी जगई ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पति की मौत के बाद से उसे विधवा पेंशन मिल रही थी, जिससे परिवार का गुजर बसर हो रहा था, लेकिन बगैर किसी कारण के विभाग द्वारा पेंशन बंद कर दी गई है।18माह से पेंशन बंद है।पुनः पेंशन बहाली की मांग की है।हिसामुद्दीन पुर निवासिनी सुरता देवी पत्नी रामनरेश ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में अवैध कब्जे को लेकर गाटा संख्या 83 रकबा 0.14 हेक्टर वह गाटा संख्या 85 नवीन परती रकबा 0.039 हेक्टर दर्ज

**● 42 शिकायतों के सापेक्ष 1 शिकायती प्रार्थना पत्र का हुआ निस्तारण**

कागजात है गुप्ता देवी ने आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र में कहां है गांव के ही निवासी रामानंद पुत्र राम प्रकाश में अवैध कब्जा किया हुआ है क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा अपनी रिपोर्ट में रामानंद का नाम नहीं दशार्ते हुए गांव के अन्य लोगों को अवैध कब्जा होने की रिपोर्ट प्रस्तुत की है।तहसील समाधान दिवस में क्षेत्र से कुल 42 शिकायतों के सापेक्ष मात्र 1 शिकायती प्रार्थना पत्र का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर मामले सरकारी भूमि पर अवैध कब्जेदारी व समाज कल्याण विभाग,पुलिस विभाग से संबंधित रहा। मुख्य राजस्व अधिकारी सतीश कुमार त्रिपाठी ने समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों व प्रतिनिधियों को खाना पूर्ति न करने का निर्देश देते हुए कहा कि स्थल पर जाकर पीड़ित से मिलकर तभी कोई रिपोर्ट लगाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, तहसीलदार मिल्कीपुर प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार आनंद प्रकाश राय, क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्री यश त्रिपाठी, वीडीओ मिल्कीपुर कमला प्रसाद श्रीवास्तव, मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों के प्रतिनिधि व अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सोहावल में 163 शिकायतों में 10 का मौके पर हुआ निस्तारण

सोहावल-अयोध्या। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।समाधान दिवस में कुल 163 फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज करायी।मौके पर 10 शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया।शेष बची हुई शिकायतों को निश्चित समयावधि में सम्बंधित विभागों को निस्तारित करने के लिये आदेशित किया गया।इस मौके पर उप-जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी, तहसीलदार सुमित सिंह, नायब तहसीलदार रौनाही सुश्री रेशू जैन, नायब तहसीलदार मसौधा शेखर शुक्ला आदि सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# भाजपा का सक्रिय सदस्य बनने के लिए बनाने होंगे 50 प्राथमिक सदस्य



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता महाअभियान के तहत महानगर में शनिवार को सक्रिय सदस्यता महाअभियान चलाया गया। सक्रिय सदस्यता अभियान के क्रियान्वयन के लिए सहादतगंज कार्यालय पर तैयारियों को लेकर मंडल अध्यक्ष, सदस्यता टोली के प्रमुख के साथ महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा सत्यापन अधिकारी महेश मिश्र ओम ने की बैठक की गई। बैठक में सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि सदस्यता महाअभियान के तहत सक्रिय सदस्यता महाअभियान के तहत शनिवार को प्रत्येक बूथ पर सदस्यता अभियान चलाया गया। महानगर में कई स्थानों पर कैम्प लगाकर सदस्यता कराई गई।जलकल के समाने लगाए कैम्प में 126 लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। सक्रिय सदस्य बनने के लिए पचास प्राथमिक सदस्य बनाना आवश्यक है। जिसके लिए कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय से बुकलेट प्राप्त कर लें।जिस विवरण के साथ बनाए सदस्यों की डिटेल भर कर कार्यालय में जमा करा दें।उन्होंने बताया कि सत्यापन के उपरान्त सक्रिय सदस्यों की सूची कार्यालय पर चस्पा की जाएगी।सत्यापन अधिकारी महेश मिश्र ओम ने बताया कि सक्रिय सदस्य 25 अक्टूबर तक अपनी बुकलेट जिला कार्यालय में जमा करा दें।बैठक में शैलेन्द्र कोरी, अनुराग त्रिपाठी, दिव्य प्रकाश तिवारी, शशि प्रताप सिंह, अनीता सिंह, तिलक राम मौर्य, आसिफ अंसारी हुसैन जिया, राकेश पांडे, रीना द्विवेदी, शकुंतला गौतम, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तीन थानों की फोर्स के सुरक्षा घेरे में निकली राम बारात

जिला संवाददाता(vol)

जिला संवाददाता(vol)

**शाही, बरेली।** देहात के शाही में इस वर्ष पहली बार राम बारात निकालने के लिए तीन थानों की पुलिस को बुलाना पड़ा। जबकि, हर साल एक थाने की निगरानी में शांतिपूर्ण तरीके से बारात का आयोजन होता था। शनिवार को पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश रस्तोगी ने भगवान रामचंद्र का तिलक करके बारात की शुरूआत की।

बारात पूरे नगर में घुमाई गई, जहां डीजे, बाजे की धुन पर राम भक्त झूमते-नाचते नजर आए।नगरवासियों ने जगह-जगह बारात का स्वागत किया। वाल्मीकि पुलिया पर पहुंचने पर लोगों ने फूलों की वर्षा की और छतों से रंग व गुलाल उड़ाए। भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, परशुराम, हनुमान और भगवान शिव की झांकियां इस बारात का आकर्षण रहीं। जलपान की व्यवस्था भी जगह-जगह की गई थी। ठाकुरद्वारा मंदिर से शुरू होकर बारात पंतनगर मोहल्ला, नेहरू नगर, सुभाष नगर और गांधीनगर मोहल्ला होते हुए रामलीला मंच पर पहुंचकर करीब 5:00 बजे समाप्त हुई।सुरक्षा की दृष्टि से सिरौली, मीरगंज और शाही थाने की पुलिस मुस्तैद रही।बारात के समापन के बाद आयोजकों द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई और झांकियों के कलाकारों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाही चेयरमैन वीरपाल मौर्य, मंडल अध्यक्ष शिवम शर्मा, दीपक रस्तोगी, धर्मेंद्र सिंह, अनुरोध सिंह, हरिराम चंद्र, अंशु शर्मा, केपी सिंह, सुभाष रस्तोगी, हरिओम कश्यप, छत्रपाल सिंह, राघवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पर्यटन सुविधाओं के विकास और सुंदरीकरण का निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने शनिवार को सरयू नदी के नयाघाट से लक्ष्मणघाट तक पर्यटन सुविधाओं का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने

**● निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर जतायी नाराजगी, ठेकेदार को लेबर बढ़ाने का दिया निर्देश**

नाराजगी व्यक्त की तथा सम्बंधित ठेकेदार को लेबर बढ़ाकर चलित कार्य को दो दिवस में पूर्ण करायें एवं सम्बंधित अभियन्ता को स्वयं उपस्थित रहकर चलित कार्यो को पूर्ण कराने के निर्देश दिये। अगले चरण में राम की पैड़ी पर दीपोत्सव एवं अन्य मेले/महोत्सवों हेतु दर्शक दीर्घा का निर्माण कार्य की परियोजना के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चलित कार्य एवं पाथवे की सफाई 02 दिवस में पूर्ण करने, बाउण्ड्रीवाल के कालम से निकली सरियां को काटने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्बंधित ठेकेदार एवं अभियन्ता को रेलिंग किन बिन्दुओं पर लगाया जाना है, के सम्बंध में निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने राम की पैड़ी के निरीक्षण के बाद हनुमान गुफा से लेकर दीन बन्धु चिकित्सालय तक चल रहा है विभिन्न निर्माण कार्यों व पंचकोसी परिक्रमा का निरीक्षण किया जहां पर गड्ढा हुआ है वहां पर जीएसबी व मिट्टी डालकर समतल कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति काफी धीमी पाई गई है, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित अधिकारी को कांशीराम कालोनी पंचकोसी परिक्रमा मार्ग में कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजकरन नैय्यर, मुख्य विकास अधिकारी श्री कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर श्री सलिल कुमार पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर सहित अतिरिक्त मजिस्ट्रेट संदीप श्रीवास्तव, उपनिदेशक पर्यटन, संबंधित विभाग के अधिकारी गण व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद ने घर-घर जनसम्पर्क कर दिलायी भाजपा की सदस्यता





**अयोध्या।** भाजपा के सदस्यता महाअभियान में शुक्रवार को पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने विधानसभा रूदौली के मवई मंडल क्षेत्र के पटरंगा गांव में में घर-घर जनसम्पर्क कर भाजपा की सदस्यता दिलाई।इस दौरान पूर्व सांसद के द्वारा सदस्यता कैम्प भी लगाया गया।

जनसम्पर्क के दौरान सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। सैकड़ो लोगों को पार्टी की डिजिटल सदस्यता दिलाई गई।पूर्व सांसद ने कहा कि हम जन समान्य व गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।सरकारी की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्रों को दिलाना हमारा संकल्प है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की अवधारणा के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे है।

उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति की उत्थान की परिकल्पना को सार्थक करने के उपरान्त समाज के हर वर्ग का साथ भाजपा को मिल रहा है। सबका साथ सबका विकास के साथ हमारा उद्देश्य सबका विश्वास हासिल करना है। घर-घर सम्पर्क कर बड़ी संख्या में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी जायेगी।

# हार के डर से मिल्कीपुर में समय पर चुनाव नहीं चाहती भाजपाः अवधेश प्रसाद



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** शनिवार को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पूरबगांव ग्राम पंचायत में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए फैजाबाद अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि मिल्कीपुर में भारतीय जनता पार्टी हार के डर से घबरा गई है। इसलिए मिल्कीपुर में समय से चुनाव नहीं करना चाहती है। लेकिन मिल्कीपुर की जनता ने बना बना लिया है कि जब भी मिल्कीपुर में उपचुनाव होगा भारतीय जनता पार्टी की करारी हार होगी और समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी। आज मिल्कीपुर की जनता भ्रष्टाचार और छुट्टा जानवरों से परेशान है। लेकिन सरकार के मंत्री व स्वयं मुख्यमंत्री छुट्टा जानवरों की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

छुट्टा जानवर किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। और किसानों व आम आदमी पर जानलेवा हमला भी कर रहे हैं।लेकिन सरकार की तरफ से कोई इंतजाम नहीं किया गया।कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष रामजी पाल पृथ्वीराज यादव, रामसतन कोरी,राम तेज यादव, आजाद सिंह चैहान सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा महासचिव सुनील कुमार कोरी ने किया।इस मौके पर बड़ी संख्या में सपा के नेता कार्यकर्ता के अलावा ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### अप्रबंधित कार्य स्थल तनाव का होता है मनोशारीरिक दुष्प्रभावः डा. आलोक

**अयोध्या।** स्ट्रेस या तनाव जीवन का अभिन्न अंग है परन्तु मनो-स्वस्थ व्यक्ति रोजमर्रा के तनावों को सकारात्मक मनोप्रबंधन करते हुए कार्य क्षमता का सम्यक उपयोग करता है।इन रोजमर्रा के तनावों में अहम हिस्सेदारी कार्य स्थल तनाव की होती है। बदलते परिवेश में जहां एक ओर वर्क प्लेस स्ट्रेस बढ़ता जा रहा ,वही दूसरी ओर मनोसंबल कम होता जा रहा है जिससे स्ट्रेस बढ़कर डिस्ट्रेस का रूप ले रहा है। डिस्ट्रेस एक हताशा या मनोथकान की अवस्था है जिसके मनोशारीरिक दुष्प्रभाव अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, भूख में कमी,पेट खराब रहना, सर दर्द, थकान , उदासी, कार्य मे मन न लगना, सहकर्मियों व आ गंतुकों से वाद विवाद, अधिक अनुपस्थिति,डायबिटीज,हाई ब्लड प्रेशर, हाइपोथाइराडिज्म व पी सी ओ डी आदि रुप मे दिखाई पड़ते है। लेफ्ट ब्रेन बौद्धिक व राइट ब्रेन भावनात्मक प्रक्रिया के लिये जिम्मेदार होता है।

# कवीन्द्र साहनी फिर बने उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश नेतृत्व द्वारा अयोध्या जिले का जिला अध्यक्ष कविंद्र साहनी, महामंत्री रमेश चैरसिया को पुनः मनोनीत किए जाने पर अयोध्या जिले के व्यापारियों द्वारा माला और मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया जिला अध्यक्ष कविंद्र साहनी ने प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा अध्यक्ष मयूर जैन महामंत्री दिलीप सेठ महामंत्री राजेंद्र गुप्ता प्रदेश कार्यालय प्रभारी सुनील पांडे का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा जो नेताओं ने मुझ पर विश्वास किया है उसे पर खरा उतरूंगा और व्यापारियों के हक के लिए व्यापारियों की समस्या के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा चाहे आंदोलन करना हो तो आंदोलन भी करूंगा।वही महामंत्री रमेश चैरसिया ने बताया कि हमारे व्यापारियों का यह प्रेम है और हमारे प्रदेश मनसा थी कि जो कार्य हम लोग अच्छा कर रहे थे इस कर को देखते हुए दोबारा महामंत्री का कार्यभार मुझे दिया गया है और जो भी व्यापारियों के साथ उत्पीड़न हो रहे हैं उनकी जो समस्या है उसको हम लोग हाल करेंगे प्रशासन द्वारा भेजो व्यापारियों की परेशानियां है उसकी हर महीना एक मीटिंग करके उसे समस्या को लेकर डी एम से वार्ता करके समस्या का समाधान कराएगे स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार गुप्ता प्रेमनाथ राय अजय मिश्रा विनोद कुमार श्रीवास्तव पवन चैरसिया सैयद परवेज हुसैन प्रभात अग्रवाल अंकित जैन राजू जायसवाल अरुण साहू जय गुरु शुक्ला दिवाकर सिंह साहित जिले के व्यापारी मौजूद रहे।

# दीपोत्सव के लिए सरयू घाटों के 95 प्रतिशत मार्किंग का कार्य पूरा



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप अयोध्या के दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में शनिवार को राम की पैड़ी के घाटों का 95 प्रतिशत मार्किंग कार्य सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव मोहम्मद सहील व डॉ0 रंजन सिंह की देखरेख में कर्मियों ने घाटों पर दीए सजाने वाले स्थलों की नाप-जोख कर मार्किक का कार्य कराया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीपोत्सव को अलौकिक एवं भव्य बनाने के लिए मार्किंग को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। 20 अक्टूबर तक मार्किक का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।विवि दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रा.0 संत शरण मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप 25 लाख दीए प्रज्ज्वलित करने के लिए सरयू के घाटों पर 28 लाख दीए सजाने के लिए मार्किंग का कार्य अंतिम चरण में है। वहीं वालटियर्स के आईकार्ड को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। एक दो दिन में संस्थानों को उपलब्ध करा दिए जायेंगे। उन्होंने बताया कि रामनगरी के आठवें दीपोत्सव को लेकर वालंटियर्स में काफी उत्साह है।वालटियर्स दीपोत्सव पिछला रिकार्ड तोड़कर दीपोत्सव में एक नया इतिहास बनायेंगे।

# नेशनल चैंपियनशिप प्राप्त कर लौटी अयोध्या की बेटियों का हुआ स्वागत

**अयोध्या।** प्रभु श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में स्थित यश विद्या मंदिर दर्शन नगर की बेटियों ने एक नया इतिहास रचा श्री राम ग्लोबल स्कूल करनाल हरियाणा में 13 अक्टूबर से आयोजित अंडर 14

**● अंडर 14 सीबीएसई नेशनल खो खो क्लस्टर के फाइनल मैच में यश विद्या मंदिर की टीम हुई विजयी**



सीबीएसई नेशनल खो खो क्लस्टर का फाइनल मैच जीतकर नेशनल चैंपियनशिप प्राप्त की यश विद्या मंदिर की टीम ने फाइनल मैच में गाजियाबाद की टीम को 10 - 8 व एक पारी के अंतर से हराया टीम की कैप्टन अंशिका व अन्य खिलाड़ी नेहा, देवाक्षी, आंचल, काजल, वैष्णवी, स्वाती, आकृति, अलका, पलक व दिव्या ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया इस जीत के अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सरिता त्रिपाठी ने कहा की इस टीम ने सिर्फ मैच ही नहीं बल्कि सभी का हृदय भी जीत दिया। इस टीम का मार्गदर्शन मुख्य प्रशिक्षक शिवेंद्र सिंह एवं स्वप्निल सिंह कर रहे हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती मंजुला झुनझुनवाला , विद्यालय के उपप्रधानाचार्य गिरीश चंद्र वैश्य, प्रसून श्रीवास्तव, नीतू श्रीवास्तव ,अरुण कुमार सिंह, अश्वनी यादव एवं समस्त विद्यालय परिवार ने बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी विद्यालय के उपप्रधानाचार्य गिरीश चंद्र वैश्य ने कहा कि यह हमारे विद्यालय ही नहीं पूरे जनपद के लिए बहुत ही गौरवशाली क्षण है एक बार फिर से हमारी बेटियों ने स्वर्णिम अक्षरों में इतिहास रचा है। वो आंधी है ,तूफान है , कोहिनूर है जहां जहां भी खेल रही है वहां उनकी रफ्तार से उनकी चमक से विरोधी अचंभित रह गए हृदय से बधाई एवं आभार हम सब नतमस्तक है।शनिवार को सुबह टीम के अयोध्या पहुंचने पर सहादतगंज बाईपास पर समस्त विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों द्वारा विजेता बच्चों का माल्यार्पण कर मिष्ठान एवं ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस विजय के उपलक्ष में सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

# प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित झांकियां बनेंगी आकर्षण का केंद्र



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** राम नगरी अयोध्या में योगी सरकार की ओर से लगातार सात वर्ष से भव्य दीपोत्सव का आयोजन कर गिनीज बुक में रिकॉर्ड दर्ज कराया जाता रहा है।पिछले वर्षों में आयोजित हुए दीपोत्सव के सभी रिकॉर्ड को तोड़ते हुए आठवें दीपोत्सव को हर बार के दीपोत्सव से और अधिक भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है। अयोध्या जिला प्रशासन रात दिन एक कर दीपोत्सव को यादगार बनाने में जुटा है। उल्लेखनीय है कि दीपोत्सव ने केवल देश बल्कोकि पूरी दुनिया में यूनीक इवेंट की तौर पर अपनी पहचान सशक्त कर चुका है जिसे देखने के लिए देश विदेश से दर्शक अयोध्या आते हैं। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि दीपोत्सव के लिए हर कार्यक्रम को अनूठा बनाने की व्यापक तैयारी की जा रही है।दीपोत्सव में विभिन्न प्रकार की लाइटिंग से अयोध्या को सजाया जा रहा है। इनमें प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित्र से जुड़े 18 प्रसंगों पर आधारित झांकियां रहेंगी। इनमें 11 झांकियां सूचना विभाग की ओर से और सात झांकियां पर्यटन विभाग की ओर से तैयार की जा रही हैं। आठवें दीपोत्सव पर आयोजित होने वाली झांकियों में श्रीराम की शिक्षा, सीता- राम विवाह , राम- वन गमन , भरत मिलाप, शबरी प्रसंग , अशोक वाटिका, हनुमान का लंका गमन, शक्तिबाण लगने से लक्ष्मण का मूर्छित होना, रावण वध, राम का पुनः अयोध्या आगमन और दीपोत्सव पर आधारित झांकियां निकाली जाएगी। ट्रकों पर यह झांकियां सजाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।साकेत महाविद्यालय में रामायण कालीन प्रसंग मंचन करने के लिए 18 झांकियां सजाई जा रही हैं, जिसमें 11 झांकियां सूचना विभाग और सात झांकियां पर्यटन विभाग की ओर से तैयार की जाएंगी। पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव पर सात झांकियां निकाली जाएगी। जिसमें तुलसीकृत राम चरित मानस के सात अध्याय बाल काण्ड, अयोध्या काण्ड, अरण्य काण्ड, सुन्दर काण्ड,किष्किंधा काण्ड, लंका काण्ड व उत्तर काण्ड पर आधारित सात झांकियां निकाली जाएगी।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** मूर्ति विसर्जन में शामिल होने के बाद स्कूटी से सुलतानपुर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल अवस्था में युवक को सुलतानपुर से लखनऊ ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। गोसाईगंज थाना क्षेत्र सोनारा तोर का पुरवा गांव निवासी संदीप कुमार शर्मा (25) पुत्र महावीर शर्मा शुक्रवार रात को मोतीगंज में मूर्ति विसर्जन में शामिल होने के बाद स्कूटी से सुल्तानपुर जा रहा था। रात करीब 09:30 बजे वह टांडा बाँदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर इनायतपुर गांव के पास पहुंचा था कि अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने के कारण संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद संदीप को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। शनिवार को इलाज के दौरान संदीप की लखनऊ में मौत हो गई। दोपहर बाद शव घर आने पर परिजनों में हाहाकार मच गया। थाना प्रभारी प्रेम चंद्र सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। मिलने पर आगे कार्यवाही की जाएगी।

## देर रात तक हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

**कादीपुर, सुलतानपुर।** स्थानीय क्षेत्र की दुर्गा पूजा समितियों ने देर रात तक मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। विसर्जन कार्यक्रम शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कस्बे में लगी हुई दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कार्यक्रम शुक्रवार की देर रात तक चला रहा। कस्बे के पटेल चौक पर आरएसएस के विभाग प्रचारक प्रकाश, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, अयोध्या जिले के एएसपी अयोध्या सिंह, नगर पंचायत कादीपुर के अध्यक्ष आनंद जायसवाल एवं केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति के अध्यक्ष आनंद प्रकाश द्विवेदी ने पटेल चैक पर स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा एवं रथ पर सवार रानीपुर कायस्थ की मां दुर्गे की प्रतिमा का पूजन अर्चन कर नारियल फोड़कर झंडा दिखाकर विसर्जन शोभा यात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा नगर भ्रमण करने के बाद विसर्जन स्थल के लिए रवाना हो गई। रानू बोल बम के नेतृत्व में मां दुर्गा मिलन कार्यक्रम, सत्यम गुप्ता की मां दुर्गे की महा आरती एवं केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति की मिलिट्री पाइप बैंड शोभा यात्रा का आकर्षण केंद्र रहे। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच देर रात तक मूर्तियों के विसर्जन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से चलता रहा। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी, सीओ विनय गौतम, आरएसएस के विभाग सह संघ संचालक डॉ. हृदय राम यादव, जिला प्रचारक रितेश आदि मौजूद रहे।

## मोबाइल की दुकान से लाखों का सामान चोरी

**कादीपुर, सुलतानपुर।** कस्बे में स्थित एक मोबाइल की दुकान में चोरों ने सेध लगाकर लाखों के मोबाइल उठा ले गए। कोतवाली क्षेत्र के बरवारीपुर गांव के सौरभ सिंह की कस्बे के सुलतानपुर मार्ग पर सौभाग्य मोबाइल के नाम से एक मोबाइल की दुकान है। शुक्रवार की रात चोरों ने दुकान के पिछले हिस्से की दीवार में सेध लगाकर चोर दुकान के अंदर प्रवेश किये। चोरों ने दुकान में से सौ से अधिक मोबाइल सेट एवं दो लैपटॉप उठा ले गए। शनिवार की सुबह जब दुकानदार अपनी दुकान खोला तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गया। घटना की सूचना मिलने पर सीओ विनय गौतम, प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित सौरभ सिंह ने घटना की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है।

# प्रशासनिक अमले ने डीएम व एसपी की मौजूदगी में मेले का भ्रमण किया

### सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता की याद में लगता है 10 दिवसीय मेला





**बाराबंकी।** जो रब है वही राम हैका सदेश देने वाले एवं देश-दुनिया में साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल कायम करने वाले सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैय्यद कुर्बान अली शाह की याद में लगने वाले 10 दिवसीय मेले का शुभारम्भ डीएम सत्येन्द्र कुमार की धर्मपत्नी डॉ. सुप्रिया कुमारी ने शाम 7 बजे शेख मोहम्मद हसन गेट पर फीता काटकर व शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाकर मेले का उद्घाटन किया। देवा शरीफ में आयोजित देवा मेला एवं प्रदर्शनी 2024 शुभारम्भ के दौरान बैंड़-बाजे की धुन पर देशभक्ति का गीत सारे जहां से अच्छा, हिन्दोस्ता हमारा की धुन बजाकर माहौल को देशभक्ति में रंग दिया गया। मेले के शुभारम्भ के बाद पूरे प्रशासनिक अमले ने डीएम व एसपी दिनेश कुमार सिंह की मौजूदगी में मेले का भ्रमण किया। स्कूलों के बच्चो ने फूलो की वर्षा कर सभी का स्वागत किया। उद्घाटन के बाद सांस्कृतिक पंडाल में बहार सुगम संगीत प्रभाग निर्देशक प्रभात नारायण दीक्षित के नेतृत्व मे छात्र एवं छात्राओं द्वारा श्री गणेश प्रस्तुति एवं स्वरचित कव्वाली प्रस्तुति दी गई। तो वही स्टेपिंग स्टोन अकादमी डायरेक्टर अंकाक्षा जायसवाल के नेतृत्व मे कलाकारों आयुष, मुस्कान के निर्देशन में आंचल, शिवांगी, भावना, जितेंद्र आदि बच्चो ने गणेश वंदना समेत मैशअप बीट आदि गाने पे शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। रात्रि 8 बजे से पंडाल में बिरहा कार्यक्रम की शुरूआत हुई। उद्घाटन अवसर पर एडीएमअरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एसडीएम आर.जगत साई, एसडीएम राजेश विश्वकर्मा, एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी, एसडीएम अनुराग सिंह, सीएमओ डॉ अवधेश कुमार यादव, बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय, देवा मेला कमेटी सदस्य फवाद किदवाई, चैधरी तालिब नजीब, संजय बली, इकबाल किदवाई, राय स्वरेश्वर बली, संदीप सिन्हा, चैधरी अशीर मौजूद रहे।

## करंट से दो भैंस की मौत, एक झुलसी

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र के विभारपुर गांव निवासी भिन्नू पुत्र सूकन गुरुवार को दोपहर में गांव के बाहर भैंस चरा रहे थे, जहां खेत से गुजरी 440 वोल्ट के लाइन का तार कट कर गिरे होने से तीन भैंस उसकी चपेट मे आ गई, जिससे दो की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रुप से झुलस गई। घटना की सूचना पीड़ित ने एसडीएम जयसिंहपुर संतोष कुमार ओझा को दी। एसडीएम के आदेश पर मोतीगरपुर पुलिस ने केस दर्ज शव का पोस्टमार्टम कराया। पीड़ित भिन्नु ने शनिवार को अधिशाषी अभियंता विद्युत जयसिंहपुर को एफआईआर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट देकर मुआवजे की मांग की है।

## स्कॉर्पियों की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**सुलतानपुर।** लखनऊ मार्ग सहाबागंज के पास लखनऊ से आ रही तेज रफ्तार में अज्ञात स्कार्पियों ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में बाइक पर सवार बुजुर्ग का पैर फैक्चर हो गया। बुजुर्ग की पहचान मंकु राम पुत्र लाहूरी उम्र 65 वर्ष निवासी जगदीशपुर कुंडवार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस इएमटी राममिलन गिरी पायलट व रमेश कुमार यादव ने आनन-फानन में ट्रामा सेंटर अमहट भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# 67वीं वैज्ञानिक अनुसंधान प्रतियोगिताओं का समापन



**बाराबंकी।** लखनऊ जोन की 67वीं अन्तर्जनपदीय वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम पुलिस लाइन सभागार मे सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में लखनऊ जोन से अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बाराबंकी, सीतापुर, खीरी, हरदोई, उन्नाव एवं कमिश्नरेट लखनऊ ने प्रतिभाग किया। वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता 2024 के निर्णायक मण्डल में सुधीर कुमार झा, उप निदेशक विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ नरेन्द्र कुमार, वैज्ञानिक अधिकारी रियाज अहमद, वैज्ञानिक अधिकारी रोहित कुमार, विधिविज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ डॉ0 निशान्त प्रकाश, चिकित्साधिकारी, पुलिस अस्पताल बाराबंकी द्वारा भूमिका निभाई गयी। प्रतियोगिता में विधि विज्ञान लिखित, मेडिको लीगल, अंगुलि चिन्ह, भारतीय न्याय संहिता/भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता/भारतीय साक्ष्य अधिनियम, फोटोग्राफी (आई0ओ), पैकिंग लेबलिंग फारवर्डिंग, निरीक्षण घटनास्थल, हुलिया ब्यान, व्यवसायिक फोटोग्राफी विषयों पर प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गयी। प्रतियोगिता में सर्वाधिक 735 अंक प्राप्त कर जनपद लखनऊ कमिश्नरेट ने विजेता को चल वैजन्ती (शील्ड) एवं जनपद बाराबंकी ने 728 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

- 735 अंक प्राप्त कर जनपद लखनऊ कमिश्नरेट ने बना विजेता

## सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज ने किया कैम्प कार्यालय का उद्घाटन



**बाराबंकी।** देवा मेले में आने वाले जायरीनों की सहायता एवं पार्टी की नीतियों के प्रचार प्रसार के लिए मेला परिसर मे समाजवादी पार्टी कैंप कार्यालय का शुभारंभ जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने फीता काटकर किया। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप, सदर विधायक धर्मराज यादव, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, मोहम्मद आफाक, जय किशन यादव जैकी, शिव यादव, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष शफे जुबेरी, राजकुमार वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने पांच हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार

- दो दिन पहले मेला देखने जा रहे युवक पर लाठी डंडो से किया था हमला, इलाज के दौरान हुई थी मौत

**अमेठी।** दो दिन पहले मेला देखने जा रहे हैं युवक पर गांव के ही दबंगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया और घटना को अंजाम देकर सभी दबंग मौके पर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन युवक को इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। मौत के बाद पुलिस ने 48 घंटे के भीतर हत्या में शामिल सभी पांचो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपियों का मेडिकल कराने के बाद पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।

मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के कटरा महारानी गांव का है जहां गांव का रहने वाला विवेक वर्मा अपने दो दोस्तों के साथ 17 अक्टूबर की देर रात मेला देखने जा रहा था। इसी बीच गांव के बाहर पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही रहने वाले शुभम यादव, अभिषेक यादव, रोहित पाल, मुकेश चौहान और सुशील यादव ने उस पर पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। विवेक पर हमला होते देख उसके साथ मौजूद दो अन्य साथी भाग कर उसके घर पहुंचे और परिजनों को पूरे घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल विवेक को लेकर मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल भर्ती कराया जहां इलाज के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के पिता भुल्लर वर्मा की तहरीर पर पांच अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। देर रात पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी इसी बीच दीनापुर गांव के मोड़ के पास से पुलिस ने घटना में शामिल पांचो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आज सुबह पुलिस ने सभी का जिला अस्पताल में मेडिकल के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

# सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत





**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** शुक्रवार रात बुआ के बेटे के अंतिम संस्कार से घर वापस लौट रहे बाइक सवार चाचा भतीजे को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक के परखच्चे उड़ गए। चपेट में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौजूद लोगों ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना से परिवारिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक गोसाईगंज थाना क्षेत्र रामदासपुर गांव निवासी सियाराम यादव पुत्र राम अचल यादव शुक्रवार को अपने भतीजे अमर बहादुर यादव पुत्र पारसनाथ यादव के साथ अयोध्या जनपद के बीकापुर थाना क्षेत्र के बीकापुर थाना क्षेत्र के खजुरहट गांव निवासी बुआ के बेटे के अंतिम संस्कार के लिए अयोध्या गए हुए थे। अंतिम संस्कार के बाद दोनों बाइक से अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग से घर की तरफ आ रहे थे। रात करीब 10:30 बजे जैसे ही वह कूरेभार थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन मोड़ के पास पहुंचे। स्कार्पियों वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। चपेट में आकर बाइक बुरी क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर लगने से चाचा सियाराम (56) वर्ष, भतीजे अमर बहादुर (34) वर्ष, गंभीर रूप से घायल हो गए। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को इलाज के लिए कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। कूरेभार थानाध्यक्ष शारदेन्दु दूबे ने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

### घटना से परिजनों में मचा कोहराम

कूरेभार। गोसाईगंज थाना क्षेत्र रामदासपुर गांव में शनिवार की सुबह होते ही कोहराम मच गया है। एक ही परिवार में चाचा और भतीजे की सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मौत से पारिवारिकजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। खेती किसानी का काम करने वाले अमर बहादुर यादव पत्नी कौशैल्या के दो लड़के है, बड़ा बेटा शुभम उम्र 15 वर्ष और छोटा बेटा अभय उम्र 11 वर्ष दोनों पढ़ाई कर रहे है। सियाराम की पत्नी बहुत पहले ही घर छोड़ कर चली गई है। दो लड़का और दो लड़की है। बड़ी बेटी प्रीती उम्र 25 वर्ष, छोटी बेटी नीतू उम्र 22 वर्ष बेटा जितेंद्र उम्र 20 वर्ष, छोटा बेटा अर्जुन उम्र18 वर्ष है। सबका रो-रोकर बुरा हाल है।

## मुठभेड़ में हथौड़ा किलर के दाहिने पैर में लगी गोली, एक सप्ताह पहले की थी हत्या

**अमेठी।** अमेठी में हथौड़ा किलर के नाम से कुख्यात अपराधी शुक्रवार देर रात पुलिस के हत्थे चढ़ गया। मुठभेड़ में उसके दाहिने पैर में गोली ली, 10 अक्टूबर की रात जगदीशपुर से गुजनरे वाले सिधियावा के पास धर्मकांटे पर सो रहे जेसीबी चालक की हथौड़े से कूंचकर हत्या के बाद फरार हुए हथौड़ा किलर और पुलिस की शुक्रवार देर रात मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में हत्यारे के दाहिने पैर में गोली लगी जिसे इलाज के लिए जगदीशपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हत्यारे के पास से हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा, मृतक का मोबाइल और तमंचा जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। एसपी ने मुठभेड़ में शामिल पूरी टीम को 25 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के टाण्डा के जंगल में पुलिस को सूचना मिली कि एक सप्ताह पहले जेसीबी चालक की हथौड़े से कूंचकर हत्या करने वाला आरोपी टाण्डा के जंगल मे छिपा हुआ है जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहा है। मुखबिर से सूचना मिलते ही भाले सुल्तान, जगदीशपुर और स्वाट टीम मौके पर पहुँची और आरोपी की घेराबंदी कर दी। इसी बीच हत्यारे राजबहादुर कोरी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। खुद को सुरक्षित करते हुए पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की जिससे हत्यारे राजबहादुर कोरी के दाहिने पैर में गोली लगी और उसे इलाज के लिए जगदीशपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हत्यारे के पास से हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा, मृतक का मोबाइल फोन और एक तमंचा एक जिंदा कारतूस और दो खोखा बरामद हुआ है।

# प्राथमिकता के साथ निस्तारित की जायें जनशिकायतें : जिलाधिकारी

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस
- 68 प्रार्थना पत्रों में 2 का मौके पर किया गया निस्तारण



**बाराबंकी।** तहसील नवाबगंज के जन-सभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। जनसुनवाई के दौरान आने वाले फरियादियो की समस्याओ को जिलाधिकारी ने सुना। तथा सम्बधित अधिकारियो को समस्याओं का समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

समाधान दिवस मे राजस्व विभाग से 34, पुलिस विभाग से 19, विकास विभाग से 4, पूर्ति विभाग से 4, विद्युत विभाग से 2, लोकनिर्माण विभाग से 2, चकबंदी विभाग से 2, अन्य समस्या का 1 कुल 68 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। जिनमे 2 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी नवाबगंज आर जगत साई, प्रशिक्षु आईएएस काव्या सी, सीओ सिटी, सीओ सदर, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश त्रिपाठी सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

## आयीं 102 शिकायतें, किसी का निस्तारण नहीं

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 102 शिकायतें आईं। राजस्व विभाग की 64 और पुलिस से संबंधित 18 शिकायतें आई, शेष अन्य विभाग की। मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया।

सीडीओ ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना संबंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। ज्यादातर शिकायतें राजस्व और पुलिस के सामने आये, जिस पर एसडीएम द्वारा सम्बंधित ग्राम के लेखपाल औ? कानूनगों को शिकायत का गुडवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। इस मौके पर एसडीएम संतोष कुमार ओझा, तहसीलदार मयंक मिश्र, नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा, सीओ जयसिंहपुर रमेश कुमार, बीडीओ जयसिंहपुर निशा तिवारी, रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार श्रीवास्तव, कानूनगो विनोद तिवारी, ओपी सिंह एडीओ समाज कल्याण जयसिंहपुर, जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

बल्दीराय, सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील में उपजिलाधिकारी गामिनी सिंगला (आईएएस) की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ, जिसमें 55 शिकायतें आई। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से संबंधित 21, पुलिस विभाग से संबंधित 20, विकास विभाग से संबंधित 10, आपूर्ति विभाग से संबंधित 02 शिकायत प्राप्त हुई। 55 शिकायतों में 2 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में डीएसपी सौरभ सामंत, तहसीलदार अरविंद तिवारी, एसडीओ बिजली विभाग अरुण कुमार यादव, थाना प्रभारी बल्दीराय धीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

## पालिका अध्यक्ष शीला सिंह ने किया 25 विकास कार्यों का लोकार्पण




**बाराबंकी।** नगर पालिका परिषद नवाबगंज अध्यक्ष शीला सिंह ने नगर पालिका हाल में 178.77 लाख रुपए की लागत के 25 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस मौके पर अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने कहा कि नगर पालिका के विकास कार्यों से शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। नगरवासियों को अच्छी सड़के, पेयजल सहित अनेको सुविधाओ को उपलब्ध कराना नगर पालिका हर संभव कोशिश करेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, सभासद मुजीबउद्दीन अंसारी, अरुण कुमार यादव, बृजेश यादव, पंकज मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बाराबंकी।** देवा मेला एवं प्रदर्शनी के हॉकी मैदान में राज्य स्तरीय हॉकी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व ओलंपियन रजनीश मिश्रा ने हॉकी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहला मैच डी0एच0ए बहराइच बनाम प्रिंस क्लब शाहजहांपुर के मध्य खेला गया। जंहा पहले हाफ में 1 गोल से बहराइच टीम ने बढ़त बनाई। दूसरे हाफ में प्रिंस क्लब शाहजहांपुर की टीम ने लगातार तीन गोल दाग कर मैच को 3-1 से जीत लिया। वहीं दूसरा मैच डीएचए शिवगढ़ रायबरेली बनाम डीएचए हरदोई के बीच खेला गया। जिसमें डीएचए शिवगढ़ रायबरेली की टीम ने सेकेंड हाफ में 2 गोल दागकर अपनी जीत पक्की की। इस अवसर पर हॉकी प्रतियोगिता के आयोजक सलाउद्दीन किदवई, मोहम्मद फारुख, राम आशीष वर्मा, जेपी गुप्ता, मुजीब अहमद, विवेक कुमार, शकील अहमद, शहजादे आलम, अरमान वारसी, चंदन अस्थाना मौजूद रहे।

- पहला मैच प्रिंस क्लब शाहजहांपुर और दूसरा मैच डीएचए शिवगढ़ रायबरेली ने जीता

# कोइरीपुर ऐतिहासिक मेले में हुआ भरत मिलाप



**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** जनपद के नगर पंचायत कोइरीपुर के ऐतिहासिक मेले के दूसरे दिन भी मेलार्थियों की भारी भीड़ एवं काफी उत्साह दिखा। हजारों की संख्या में बच्चे एवं महिला पुरुष मेला देखने के लिए उमड़े। मेले में बच्चे झूला पर झूलते दिखे और लोगों ने खूब खरीद दारी की। वहीं लोगों को कौशांबी की लाठी खूब पसंद आई। मेले में आया बुलंदशहर का मीठा खजला लोगों को खूब भाया। मेले की सुरक्षा व्यवस्था में चांदा कोतवाली प्रभारी एवं चैकी प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा पुलिस बल व पी.एस.सी. जवान के साथ मेले में भ्रमण कर जायजा लेते रहे। मेले में नगर पंचायत कार्यालय ने जगह जगह पानी की व्यवस्था की। वहीं देर रात भारत मिलाप का आयोजन हुआ, जिसमें चैदह सुंदर झांकियां की प्रस्तुति की गई और प्रथम स्थान आने वाली सुनील गौड़ की झांकी राम रावण युद्ध को मिला दूसरा स्थान बबलू चैरसिया एवं तीसरा स्थान प्रदीप अग्रहरि उर्फ साधू को मिला। वहीं प्रथम पुरस्कार दिनेश कुमार मिश्रा की तरफ से सुनील गौड़ को फ्रिज मिला, अमन ओझा की तरफ से द्वितीय पुरस्कार वाशिंग मशीन, सौरभ मौर्य की तरफ से तृतीय पुरस्कार टीवी प्रदान किया गया। इस मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष अनिल जायसवाल, राम शिरोमणि मौर्य, राजेश पाण्डेय, राकेश मिश्रा, सोनू बनरवाल, कुलदीप अग्रहरि, सतीश सोनी, जगन्नाथ अग्रहरि, राजेश आदि मौजूद रहे।

### राम-रावण युद्ध का मंचन

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** डींगुरपुर-चैहानपुर में चल रही रामलीला में शुक्रवार को आखिरी दिन कुंभकरण, अहिरावण सहित रावण वध और राम के राज्याभिषेक का मंचन किया गया। दर्शकों ने राम-रावण युद्ध को उत्साह के साथ देखा। रामलीला के अंतिम चरण में विभीषण के मार्गदर्शन से श्रीराम ने रावण की नाभि में बाण मारकर उसका वध किया। मंचन का समापन राम राज्याभिषेक के साथ हुआ, जिसमें राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के अयोध्या लौटने का दृश्य भी दिखाया गया। रावण का वध कर अयोध्या लौटे राम सीता और लक्ष्मण का पूजन कर पुष्प वर्षा राजतिलक किया गया। इस दौरान पूरा पांडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद भगवान श्रीराम ने विभीषण को लंका का राजा घोषित किया। समिति अध्यक्ष डॉ. अरविंद पाल ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। संरक्षक प्रधान रणजीत वर्मा ने कहा कि अगले वर्ष से रामलीला मंचन को और भी भव्य बनाया जाएगा। इस मौके पर प्रधान अमित सिंह, मंटू पाण्डेय, मुनव्वर अली, अवधेश वर्मा, मुन्नू शर्मा, रविकान्त मिश्रू, राममणि यादव, कृष्णा प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोकदल कैंप कार्यालय का उद्घाटन




**बाराबंकी।** राष्ट्रीय लोकदल देवा महोत्सव कैंप कार्यालय का राष्ट्रीय महासचिव/पूर्व विधायक शिवकरन सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन से पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने राष्ट्रीय महासचिव को बूके देकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि कैंप किसान प्रकोष्ठ द्वारा किसानों एवं जायरीनों की सेवार्थ हेतु समर्पित है। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य रुप से अंकुश चैधरी, बाबा दीन, राम सिंह, रमेश कश्यप, गजराज सिंह, नन्हेंलाल, राजेश्वर सिंह, केदार, सतीश मौर्य किशोर, हरिलाल, गुरु दयाल, श्री राम, विजय कुमार, समुझ कुमार, विलाश, जनक नंदनी, विमला देवी, सत्रोहन लाल, बालक राम, मुलायम सिंह, जगदीश मौजूद रहे।




# सरफराज की शतकीय पारी से भारत की वापसी

## पंत ने 107 मीटर लंबा छक्का लगाया:सरफराज ने चौके से पूरी की पहली सेंचुरी

एजेंसी

बेंगलुरु। सरफराज खान के पहले नाबाद शतक और ऋषभ पंत की नाबाद 53 रन की तेज पारी से न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शनिवार को शुरुआती सत्र में भारत ने अपनी मजबूत वापसी जारी रखते हुए तीन विकेट पर 344 रन बना लिये। सरफराज 154 गेंद में 16 चौके और तीन छक्के की मदद से 125 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। विकेटकीपिंग के दौरान घुटने में चोट लगने के कारण मैच के तीसरे दिन मैदान से बाहर रहे पंत ने वापसी करते हुए अब तक की 56 गेंद की पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए हैं।

इन दोनों ने दिन के पहले सत्र में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को सफलता से दूर रखते हुए चौथे विकेट के लिए अब तक 113 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 231 रन से करने वाली भारतीय टीम अब न्यूजीलैंड से महज 12 रन पीछे है। अपना पांचवां टेस्ट खेल रहे सरफराज ने दिन की शुरुआत 70 रन की। दिन के पहले घंटे में जब न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को पिच से मदद मिल रही थी तब उन्होंने लेट कट के शानदार इस्तेमाल से उनकी धार को कुंद किया। भारत ने इस दौरान शुरुआती एक घंटे में 63 रन जोडें। सरफराज के शुरुआती 100 रन में से 40 थर्ड मैन और प्वाइंट के बीच से आये। न्यूजीलैंड के कप्तान ने जब गेंद स्पिनरों को थमाई तब मुंबई के इस बल्लेबाज ने स्वीप शॉट का शानदार इस्तेमाल कर आसानी से रन बटोरे। उन्होंने टिम साउथी गेंद पर बैकफुट पंच की मदद से कवर क्षेत्र में चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया और फिर मैदान में दौड़ते हुए टेस्ट करियर के पहले शतक का जश्न मनाया। दूसरे छोर से शुरुआती ओवर में संयमित रहे पंत को विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल ने रन आउट का मौका गंवाकर आसान जीवन दान दिया। उन्होंने साउथी गेंद को दर्शकों के पास भेजने के बाद एजाज पटेल के एक ही ओवर में ओवर में गेंदबाज के ऊपर से दो छक्के लगाकर अपनी फिटनेस की चिंताओं को दूर किया।



**पंत ने 107 मीटर लंबा छक्का लगाया:सरफराज ने चौके से पूरी की पहली सेंचुरी, रोहित ने की अंपायर से बहस; मोमेंट्स**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु में चल रहे पहले टेस्ट मैच का चौथा दिन उतार-चढ़ाव वाला रहा। भारत की दूसरी पारी 462 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड को मैच जीतने के लिए 107 रन का टारगेट मिला है। युवा भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान ने 150 रन की पारी खेली, वहीं ऋषभ पंत 99 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने खेल जल्द रोके जाने पर अंपायर के साथ बहस भी की। आगे पढ़िए दिन के खेल के टॉप-6 मोमेंट्स। पंत ने 107 मीटर लंबा छक्का जड़ा ऋषभ पंत ने 87वें ओवर की तीसरी गेंद पर 107 मीटर लंबा छक्का जड़ दिया। टिम साउदी ने गेंद ऑफ स्टंप पर फेंकी। पंत ने इस गेंद को डीप मिडविकेट के ऊपर खेल दिया। गेंद चिन्नास्वामी स्टेडियम की छत पर गिरी। नॉन स्ट्राइक पर खड़े केएल राहुल गेंद को देखते ही रह गए। वहीं ग्लेन फिलिप्स भी इस शॉट से हैरान दिखे। पंत ने टिम साउदी की गेंद पर छक्का जड़ा। गेंद चिन्नास्वामी स्टेडियम की छत पर गिरी। पंत को 99 रन की पारी में 6 जीवनदान ऋषभ पंत ने 105 गेंदों का सामना कर 99 रन बनाए। पंत को 6 जीवनदान मिले। एजाज पटेल के एक ओवर में पंत दो बार एलबीडब्ल्यू और एक कैच छूटने से आउट होने से बचे। इसके अलावा एक बार रन आउट और 2 बार विकेट के पीछे कैच होने से बचे। भारतीय पारी के दौरान 66वां ओवर एजाज पटेल कर रहे थे। ओवर की चौथी गेंद पर एलबीडब्ल्यू की अपील हुई और अंपायर ने पंत को आउट दिया। पंत ने तुरंत ही ऊफर का इस्तेमाल किया जिसमें दिखा कि गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर पैड पर लगी है। इस तरह अंपायर का फैसला पलटा गया। अगली गेंद पर फिर से एलबीडब्ल्यू की अपील हुई। अंपायर ने इस बार नॉट आउट दिया। न्यूजीलैंड ने रिव्यू लिया। थर्ड अंपायर ने फील्ड अंपायर के फैसले को बरकरार रखा। अगली गेंद पर लॉन्ग ऑफ पर पंत का कैच छूटा और गेंद बाउंड्री के बाहर चली गई। भारतीय पारी के 56वें, 72वें और 74वें ओवर में भी पंत को लाइफलाइन मिली। पंत को विकेट के पीछे कैच आउट न दिए जाने के बाद एजाज पटेल (सबसे बाएं) साथियों के साथ रिव्यू लेने के लिए बातचीत करते हुए।

चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करने के बाद एक दूसरे को बधाई देते हुए पंत और सरफराज। बारिश की वजह से मैच करीब 2 घंटे रुका पहले दिन का मैच बारिश में पूरी तरह धुल गया था।

# टेस्ट में 9 हजार रन बनाने वाले चौथे खिलाड़ी बने विराट कोहली

बेंगलुरु। भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन 4 रिकॉर्ड्स बने। तीसरे दिन दोनों टीमों ने मिलकर 453 रन बना डाले। यह भारत में खेले गए किसी टेस्ट मैच में एक दिन में बना दूसरा हाइएस्ट स्कोर है।

कोहली के 9 हजार टेस्ट रन पूरे भारतीय बैटर विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 102 बॉल पर 70 रन बनाए। इस दौरान टेस्ट में उनके 9000 रन पूरे हो गए। इस मैच में 53 रन बनाते ही उन्होंने यह उपलब्धि हासिल कर ली। वे ऐसा करने वाले चौथे भारतीय बने। उनसे पहले इस मुकाम तक सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर ही पहुंच सके हैं।

कोहली ने 221वीं बार 50+ स्कोर बनाया कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में अर्धशतक लगाया। यह उनका क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में 221वां 50+ स्कोर है। कोहली तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार 50+ रन बनाने वाले दूसरे क्रिकेटर बने। उनसे आगे सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 264 बार 50+ का स्कोर बनाया है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर रिकी पोंटिंग हैं। तीसरे दिन 453 रन बने, दूसरा हाइएस्ट बेंगलुरु टेस्ट के तीसरे दिन कुल 453 रन बने और 10 विकेट भी गिरे। यह भारत में खेले गए किसी टेस्ट मैच में एक दिन में बना दूसरा सबसे ज्यादा स्कोर है। भारत में टेस्ट मैच के किसी दिन में सबसे ज्यादा रन भारत और श्रीलंका के बीच 2009 में खेले गए मैच में बने थे। उस मुकाबले के दूसरे दिन कुल 470 रन बने थे। भारत में भारत के खिलाफ चौथी सबसे बड़ी बढ़त बेंगलुरु टेस्ट में भारत पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट हो गया था। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 402 रन बनाए। इस तरह कीवी टीम को 356 रन की बढ़त मिली। यह भारत में टीम इंडिया के खिलाफ टेस्ट में संयुक्त रूप से चौथी सबसे बड़ी बढ़त है। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत ने बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी



में वापसी कर ली है। शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए हैं। भारत अभी न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे है।

## संक्षेप

### हैंडबॉल चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

नयी दिल्ली। भारत एक से 10 दिसंबर तक पहली बार एशियाई महिला हैंडबॉल चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा जिसका आयोजन इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया जायेगा। टूर्नामेंट के 20वें चरण का आयोजन पहले कजाखस्तान के अल्माटी में होना था लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण इसका स्थल बदलना पड़ा। भारत के अलावा ईरान, दक्षिण कोरिया, चीन, जापान, कजाखस्तान, हांगकांग और सिंगापुर टूर्नामेंट में भाग लेने वाले मजबूत देश हैं। एशियाई हैंडबाल महासंघ के तकनीकी सहायक निदेशक अब्दुल्लाह अल थेयब ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, भारत में एशियाई महिला हैंडबाल चैम्पियनशिप के 20वें चरण की मेजबानी करने को लेकर हम बहुत खुश हैं। यह टूर्नामेंट भारत की क्षमता को दर्शाता है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली शीर्ष चार टीमें सीधे वैश्विक प्रतियोगिता आईएचएफ विश्व महिला हैंडबाल चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत इस एशियाई टूर्नामेंट में आठवीं दफा शिरकत कर रहा है जबकि देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो बार 2000 और 2022 में छठा स्थान हासिल करना रहा है।

### आईएमएल संचालन परिषद में विवियन गावस्कर व शॉन पोलक शामिल

मुंबई। पूर्व महान खिलाड़ी विवियन रिचर्ड्स, सुनील गावस्कर और शॉन पोलक को शनिवार को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) टूर्नामेंट के संचालन परिषद का सदस्य घोषित किया गया। भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर और वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा सहित पूर्व खिलाड़ियों की भागीदारी वाले छह देशों के इस टी20 टूर्नामेंट का उद्घाटन सत्र 17 नवंबर से आठ दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। आईएमएल ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा,यह त्रिमूर्ति (रिचर्ड्स, गावस्कर और पोलक) आईएमएल की रणनीतिक दिशा, नियमों और संचालन की देखरेख करेगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि यह लीग एक प्रमुख मंच बना रहे। इस टूर्नामेंट के मैचों को तीन स्थलों पर खेला जायेगा।

### टीम इंडिया चाहे तो लौट सकती है स्वदेश

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को एक प्रपोजल दिया है। क्रिकबज के मुताबिक, ने कहा है कि टीम इंडिया अपना हर मैच खेलकर भारत लौट सकती है और इसमें पाकिस्तानी बोर्ड उनकी मदद करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ने हाल ही में को लेटर लिखा है। इसमें कहा है कि अगर भारतीय टीम सुरक्षा को देखते हुए पाकिस्तान में नहीं रहना चाहती।

# तवांग अंतरराष्ट्रीय मैराथन की तैयारियां जोरों पर

एजेंसी

ईटानगर। भारतीय सेना और अरुणाचल प्रदेश सरकार की संयुक्त



मेजबानी में 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाले तवांग अंतरराष्ट्रीय मैराथन के दूसरे सत्र की तैयारियां जोरों पर हैं। रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा कि ऊंचाई वाले स्थल पर आयोजित होने वाले इस मैराथन को क्वीन ऑफ हाई-एल्टीट्यूड रन के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि यह सीमावर्ती शहर तवांग में नागरिक-सैन्य सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। पिछले साल इसके उद्घाटन सत्र की सफलता के बाद मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने जुलाई में इसकी वेबसाइट (डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट तवांगमैराथन) के लॉन्च के दौरान इसे वार्षिक तौर पर आयोजित करने की घोषणा की थी। राज्य सरकार ने इस आयोजन का समर्थन करने के तहत अनुदान को बढ़ाकर दो करोड़ रुपये कर दिया है।

इसमें क्रमशः 10 किमी और पांच किमी दौड़ के साथ हाफ मैराथन और मैराथन में 5,000 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजन का कुल पुरस्कार राशि 60 लाख रुपये हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल रावत ने कहा कि अब तक 4,500 से अधिक प्रतिभागियों ने मैराथन के लिए पंजीकरण कराया है। अधिकारियों ने कहा कि इस आयोजन ने क्षेत्र में पर्वतीय खेलों, साहसिक गतिविधियों और पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। उन्होंने बताया कि खांडू, गजराज कोर जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल गंभीर सिंह और बॉल ऑफ फायर डिवीजन जीओसी मेजर जनरल केएस ग्रेवाल समेत अन्य की मौजूदगी में तवांग स्टेडियम से मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। इस दौरान सेना के उपकरणों का प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जापान को 4-2 से हराकर

भारत के लिए आमिर अली (12वें मिनट), गुरजोत सिंह (36वें), आनंद सौरभ कुशवाह (44वें) और अंकित पाल (47वें) ने जबकि जापान के लिए त्सुबासा तनाका (26वें) और राकुसी यामानाका (57वें) ने गोल किए। भारत के पूर्व गोलकीपर और जूनियर टीम के कोच पीआर श्रीजेश अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद संतुष्ट नजर आ रहे थे। यह मैच शुरू से ही काफी रोमांचक रहा। भारत ने आक्रामक खेल दिखाया और वह शुरू से ही गोल करने के मौके बनाने की कोशिश करता रहा। भारतीय प्रयासों को तब सफलता मिली जब मैच के 12वें मिनट में आमिर अली ने जापान के रक्षकों को छकाकर मैदानी गोल करके भारत का खाता खोला।

# वालाडोलिड ने ला लीगा में अलावेस को 3-2 से हराया



एजेंसी

मैड्रिड। रीयाल वालाडोलिड ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल की मदद को शुक्रवार को यहां ला लीगा फुटबॉल मैच में अलावेस के खिलाफ 3-2 से जीत दर्ज की। स्पेन की शीर्ष घरेलू लीग में मौजूदा सत्र में यह टीम की दूसरी जीत है। वालाडोलिड 10 मैचों में आठ अंक के साथ तालिका में 18वें स्थान पर पहुंच गया। अलावेस 10 मैचों में 10 अंकों के साथ उससे चार स्थान ऊपर है।

टोनी मार्टिनेज ने मैच के पांचवें मिनट में ही गोल कर अपने घरेलू मैदान पर अलावेस को बढ़त दिला दी। मामादोउ सयेला ने इसके 11 मिनट के बाद पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। वालाडोलिड ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल कर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। सेलिम अमल्लाह ने 72 मिनट में पेनल्टी पर गोल किया जिसके बाद अनुर मोहम्मद तुहामी ने सयेला की मदद से गोल कर टीम का दबदबा बना दिया। किके गार्सा ने आखिरी क्षणों में गोल कर अलावेस की वापसी कराने की कोशिश की लेकिन इससे सिर्फ हार का अंतर ही कम हुआ।

**भारत के तीन खिलाड़ियों को मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रशिक्षण सत्र के लिए चुना गया**

नयी दिल्ली। जमीनी स्तर की फुटबॉल पहल यूनाइटेड वी प्ले के भारत में आयोजित चौथे सत्र से चुने गये पांच फुटबॉल खिलाड़ी मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रशिक्षण लेंगे। इसमें तीन भारतीय खिलाड़ी हैं।

इस आयोजन में 18 शहरों के 15,000 से अधिक उभरते भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसका समापन चंडीगढ़ में मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज और सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल गैरी नेविल की उपस्थिति में एक भव्य समापन समारोह में हुआ। इसके फाइनल के बाद पीसी लालचुआनवमा (मिजोरम), श्रीजल किस्कू (भुवनेश्वर), मोहम्मद अयान (लखनऊ), भक्त बहादुर परियार (नेपाल) और चानसोन चैयथम (बैंकॉक) को चयनित किया गया।

इन खिलाड़ियों को मैनचेस्टर यूनाइटेड सॉकर स्कूल के कोचों के साथ प्रशिक्षण सत्र और दिग्गज खिलाड़ियों से बातचीत करने का मौका मिलेगा। उन्हें इस दौरान मैचों को देखने और जूनियर टीमों के लिए खेलने का भी मौका मिलेगा।

अपने शानदार करियर में मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए आठ इंग्लिश प्रीमियर लीग खिताब और दो यूईएफए चैंपियंस



लीग खिताब जीतने वाले नेविल ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, भारत में छोटे बच्चों के बीच फुटबॉल के प्रति समर्पण और जुनून देखकर खुशी हुई। उन्होंने कहा, उन युवा खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई जिनकी मेहनत आज रंग लायी है।

मुझे यकीन है कि प्रतिष्ठित ओल्ड ट्रैफर्ड में मिलने वाला अनुभव जीवन भर उनके साथ रहेगा। यूनाइटेड वी प्ले के चौथे सत्र का शुभारंभ पिछले साल दिसंबर में कोलकाता में हुआ था, जहां मैनचेस्टर यूनाइटेड और फ्रांस के पूर्व दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लुइस साहा ने कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

# मौजूदा पीढ़ी के जिम्नास्टों में जुनून की कमी : दीपा

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत की दिग्गज जिमनास्ट दीपा करमाकर ने मौजूदा पीढ़ी के ज्यादातर खिलाड़ियों में जुनून की कमी पर निराशा जातते हुए उनसे वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उत्साह के साथ जिमनास्टिक को अपनाने की सलाह दी। दीपा ने इस महीने की सात तारीख को संन्यास की घोषणा की थी।

रियो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहकर मामूली अंतर से पदक चूकने वाली दीपा नियमित रूप से अत्यधिक कठिन प्रोडुनोवा वॉल्ट करके लोगों को प्रभावित करती थीं। दीपा ने जब पूछा गया कि भारतीय महिला जिमनास्टों में दीपा और प्रणति नायक के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई और पदक क्यों नहीं जीत पा रहा है तो उन्होंने कहा, दीपा में जुनून था, प्रणति के साथ भी ऐसा ही है। उन्होंने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन द्वारा आयोजित बियॉन्ड द फिनिश लाइन नामक कार्यक्रम में शुक्रवार रात एक पैनल चर्चा के दौरान कहा, मैं मौजूदा पीढ़ी (जिम्नास्ट) में यह जुनून ज्यादा नहीं देख रही हूं। मुझे लगता है कि वे अल्पकालिक, तत्काल सफलता की तलाश में हैं। त्रिपुरा की 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 2016 रियो खेलों के वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रहकर सुर्खियां बटोरी थीं जहां वह सिर्फ 0.15 अंक से ओलंपिक पदक से चूक गई थी। तोक्यो ओलंपियन प्रणति ने 2019 और 2022 एशियाई चैंपियनशिप में वॉल्ट स्पर्धा का कांस्य पदक जीता है।

अगरतला की रहने वाली दीपा जिम्नास्टिक के इतिहास की केवल पांच महिलाओं में से एक हैं जिन्होंने प्रोडुनोवा को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है जिसमें जमीन पर उतरने से पहले दो बार समरसॉल्ट करना होता है और इसे वॉल्ट ऑफ डेथ भी कहा जाता है क्योंकि इसमें चोट लगने का जोखिम बहुत अधिक होता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से राष्ट्रीय महासंघ की समस्याओं से भी भारतीय जिम्नास्टिक को परेशानी का सामना करना पड़ा है। दीपा ने कहा साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) और महासंघ के बीच समस्या थी। उदाहरण के तौर पर पिछले एशियाई खेलों (2023) के लिए चयन मानदंड के बारे में वास्तविक चयन ट्रायल के बाद पता चला।

# न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका महिला विश्व कप के फाइनल में

एजेंसी

दुबई। सोफी डिवाइन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की स्वर्णिम पीढ़ी के खिलाड़ियों के पास वैश्विक आईसीसी ट्रॉफी पर हाथ रखने का आखिरी मौका होगा जब टीम टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इस फाइनल मैच से टी20 विश्व का नया चैम्पियन मिलना तय है क्योंकि दोनों टीमों ने इससे पहले कभी भी इस प्रारूप का खिताब नहीं जीता है।

न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 2000 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था लेकिन मौजूदा टीम का कोई भी सदस्य उस ऐतिहासिक खिताबी जीत का हिस्सा नहीं था। इस आयोजन के शुरू होने से पहले लगातार 10 मैचों में हार के कारण न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था लेकिन डिवाइन के नेतृत्व में इस समूह ने शानदार वापसी की। टीम को सुजी बेट्स, अमेलिया केर और ली ताहुहू जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी का फायदा मिला। यह संभवतः आखिरी बार है डिवाइन, बेट्स और ताहुहू किसी वैश्विक टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलेंगे। पैंतीस वर्षीय डिवाइन के नाम सफेद गेंद प्रारूप में 7000 से अधिक रन हैं, जबकि 37 वर्षीय बेट्स के नाम 10,000 से अधिक रन हैं। तेज गेंदबाज ताहुहू 34 साल की है। उन्होंने वनडे में 112 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 93 विकेट चटकाये हैं। यह खिलाड़ी विश्व कप ट्रॉफी के सपने को पूरा करने के लिए




कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। दक्षिण अफ्रीका भी पिछले साल की कसक को दूर कर खिताब को अपने नाम करना चाहेगा। पिछले साल घरेलू मैदान पर विश्व कप फाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों शिकस्त मिली थी। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों में टूर्नामेंट में अहम मौकों पर अपने खेल के स्तर को ऊंचा उठाया है और जब बल्लेबाजों के प्रदर्शन में गिरावट आयी तो गेंदबाजों ने टीम को मैच जिताया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में भी ऐसा ही नजारा दिखा जब गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाजों को रोककर कम स्कोर वाले मैच को अपने नाम किया। केर के नाम टूर्नामेंट में अब 12 विकेट है। उन्हें दूसरे छोर से एडेन कारसन (आठ विकेट), रोसमरी मायर (सात विकेट) और अनुभवी ताहुहू का अच्छा साथ मिला। न्यूजीलैंड ने प्रतियोगिता में अपने अभियान का आगाज भारत पर बड़ी जीत से किया था लेकिन ग्रुप चरण में उसे टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 60 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। टीम ने कम स्कोर वाले सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज पर मनोबल बढ़ाने वाली जीत दर्ज कर तीसरी बार फाइनल का टिकट पक्का किया। दक्षिण अफ्रीका ने खेल के हर विभाग में शानदार प्रदर्शन किया है। लौरा वोलवार्ट (190 रन) और तजमिन ब्रिट्स (170 रन) टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ियों में शामिल है। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर आठ विकेट की शानदार जीत के कारण टीम का मनोबल काफी बढ़ा होगा। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट पर 135 रन पर रोकने के बाद दो ओवर से अधिक बाकी रहते मैच को अपने नाम किया था। दक्षिण अफ्रीका की टीम काफी हद तक वोलवार्ट और ब्रिट्स की जोड़ी पर निर्भर रहेगी। इस जोड़ी को हालांकि एनेके बॉश और मारिजान कैप जैसे खिलाड़ियों के साथ की भी जरूरत होगी। गेंदबाजी में नॉनकुलुले म्लाबा (10 विकेट) को भी सेमीफाइनल के अपने प्रदर्शन को दोहराने के लिए बाकी गेंदबाजों की जरूरत होगी।

### इशान किशन ऑस्ट्रेलिया दौरे में वापसी के लिए तैयार

नयी दिल्ली। इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध से बाहर किये जाने वाले विकेटकीपर इशान किशन के भारत ए टीम में वापसी करने की काफी संभावना है। किशन को घरेलू क्रिकेट पर आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) को प्राथमिकता देने के कारण बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया था। किशन इस सत्र में घरेलू क्रिकेट में वापसी पर झारखंड का नेतृत्व कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो चार दिवसीय टेस्ट के अलावा वह सीनियर टीम के साथ एक इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच में भाग लेने के लिए तैयार हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो टेस्ट 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैके और फिर सात से 10 नवंबर तक एमसीजी में होंगे। बीसीसीआई ने हालांकि अभी तक टीम की घोषणा नहीं की है लेकिन रुतुराज गायकवाड़ या अभिमन्यु ईश्वरन में से किसी एक को टीम का नेतृत्व करने की उम्मीद है। अभिमन्यु ने अपने पिछले चार प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतक बनाए हैं। वह सीनियर टीम में वैकल्पिक सलामी बल्लेबाज के तौर पर शामिल हो सकते हैं क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में से एक के दौरान ब्रेक लेंगे। ऑस्ट्रेलिया ए दौरे के लिए भारत ए की संभावित टीमः रुतुराज गायकवाड़, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, बी इंद्रजीत, अभिषेक पोरेल, इशान किशन, मुकेश कुमार, रिकी भुई, नितीश कुमार रेड्डी, मानव सुथार, नवदीप सैनी, खलील अहमद, तनुष कोटियन, यश दयाल।

# पुतिन कर रहे डॉलर को तोड़ने की कोशिश

## फरवरी 2022 में यूक्रेन के साथ शुरू हुए संघर्ष के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस पर व्यापक रूप से प्रतिबंध लगाये

एजेंसी

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स समूह को पश्चिमी प्रतिबंधों से मुक्त स्विफ्ट जैसी सीमा-पार भुगतान प्रणाली की संभावनाएं तलाशनी चाहिए। उन्होंने साथ ही अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को खत्म करने के लिए निवेश परियोजनाओं के वित्तपोषण में राष्ट्रीय डिजिटल मुद्राओं के इस्तेमाल पर जोर दिया। रूस की मेजबानी में आयोजित ब्रिक्स नेताओं के 16वें वार्षिक शिखर सम्मेलन से पहले पुतिन ने यह भी कहा कि एक साझा ब्रिक्स मुद्रा के लिए अभी समय नहीं आया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि 10 देशों का समूह डिजिटल मुद्रा के उपयोग की संभावना तलाश रहा है जिसके लिए उनका देश भारत और अन्य देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। फरवरी 2022 में यूक्रेन के साथ शुरू हुए संघर्ष के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस पर व्यापक रूप से प्रतिबंध लगाए हैं। रूस ब्रिक्स केंद्रीय बैंकों के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े वाणिज्यिक बैंकों के नेटवर्क पर आधारित एक नयी भुगतान प्रणाली बनाकर वैश्विक वित्तीय प्रणाली को दरकिनार करना चाहता है। ब्रिक्स सदस्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं के ताने-बाने और स्वरूप में अंतर के कारण नयी आरक्षित मुद्रा बनाने में सतर्क रुख अपनाने की वकालत करते हुए पुतिन ने कहा कि इन देशों को राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग, नये वित्तीय साधनों और स्विफ्ट के अनुरूप एक व्यवस्था के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 से 23 अक्टूबर तक रूस के तातारस्तान के कजान में होने वाले इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शामिल होने के बाद यह समूह का पहला शिखर सम्मेलन होगा। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स के मूल सदस्य देश हैं। पुतिन ने मॉस्को से करीब 50 किलोमीटर दूर नोवो-ओगारियोवो में अपने आधिकारिक आवास पर शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में ब्रिक्स सदस्य देशों के वरिष्ठ संपादकों से कहा, इस समय यह (ब्रिक्स मुद्रा) एक दीर्घकालिक संभावना है। इस पर विचार नहीं किया जा रहा है। ब्रिक्स सतर्क रहेगा और उत्तरोत्तर काम करेगा, आहिस्ता-आहिस्ता आगे बढ़ेगा। अभी समय नहीं आया है। रूस के राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी ब्रिक्स के आरक्षित मुद्रा बनाने की योजना के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में की। माना जाता है कि पश्चिम के भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक गठजोड़ के जवाब में ब्रिक्स समूह की परिकल्पना की गई। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स अब राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ाने तथा ऐसे उपकरणों के निर्माण की संभावना का अध्ययन कर रहा है जो इस तरह के काम को सुरक्षित बना सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ब्रिक्स देश इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की संभावना पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रीय मुद्राओं और निपटान प्रणालियों के उपयोग का विस्तार करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं, और ऐसे उपकरण तैनात करना चाहते हैं, जो इसे पर्याप्त रूप से सुरक्षित बना सकें। पुतिन ने कहा कि समूह को एक टूलकिट तैयार करनी होगी जोकि संबंधित ब्रिक्स संस्थानों की निगरानी में रहेगी।



# न्यायालय की जनता की अदालत की भूमिका संरक्षित रखी जानी चाहिए : सीजेआई

पणजी। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय की जनता की अदालत की भूमिका संरक्षित रखी जानी चाहिए लेकिन इसका अभिप्राय यह नहीं है कि वह संसद में विपक्ष की भूमिका निभाए।

उन्होंने कहा कि कानूनी सिद्धांत की असंगतता या त्रुटि के लिए न्यायालय की आलोचना करना उचित है, लेकिन परिणामों के परिप्रेक्ष्य से उसकी भूमिका या कार्य को नहीं देखा जा सकता। प्रधान न्यायाधीश दक्षिण गोवा में सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) के आयोजित पहले सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, उच्चत न्यायालय की न्याय तक पहुंच का प्रतिमान पिछले 75 वर्षों में विकसित हुआ है और कुछ ऐसा है जिसे हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जब समाज बढ़ता है समृद्ध और संपन्न होता है, तो ऐसी धारणा बनती है कि आपको केवल बड़ी-बड़ी चीजों पर ही ध्यान देना चाहिए। हमारा न्यायालय ऐसा नहीं है। हमारा न्यायालय जनता की अदालत है और मुझे लगता है कि लोगों की अदालत के रूप में शीर्ष न्यायालय की भूमिका को भविष्य के लिए संरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अब, जनता की अदालत होने का मतलब यह नहीं है कि हम संसद में विपक्ष की भूमिका निभाएं।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मुझे लगता है, विशेष रूप से आज के समय में, उन लोगों के बीच एक बड़ा विभाजन है जो सोचते हैं कि जब आप उनके पक्ष में निर्णय देते हैं तो उच्चतम न्यायालय एक अद्भुत संस्था है, और जब आप उनके खिलाफ निर्णय देते हैं तो यह एक ऐसी संस्था है जो बदनाम है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है क्योंकि आप परिणामों के परिप्रेक्ष्य से शीर्ष न्यायालय की भूमिका या उसके काम को नहीं देख सकते हैं। व्यक्तिगत मामलों का नतीजा आपके पक्ष में या आपके खिलाफ हो सकता है। न्यायाधीशों को मामला-दर-मामला आधार पर स्वतंत्रता की भावना के साथ निर्णय लेने का अधिकार है।



## संक्षेप

### द. कोरिया ने ड्रोन के अवशेष मिलने का किया दावा

सियोल। उत्तर कोरिया ने शनिवार को दावा किया कि उसे अपनी राजधानी प्योंगयांग में एक तलाश अभियान के दौरान एक दक्षिण कोरियाई ड्रोन के अवशेष मिले हैं जिससे यह साबित होता है कि इस महीने की शुरुआत में शहर के हवाई क्षेत्र में ड्रोन की कथित घुसपैठ के पीछे दक्षिण कोरिया की सेना का हाथ था। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कुछ तस्वीरें जारी कीं, जिनमें एक क्षतिग्रस्त विमान दिख रहा है, जिसके चौड़े, वी-आकार के पंख हैं। उसने कहा कि उत्तर कोरिया की सेना और सरकारी सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त जांच से निष्कर्ष निकला है कि 13 अक्टूबर को मिला ड्रोन वैसा ही है, जैसा ड्रोन अक्टूबर की शुरुआत में दक्षिण कोरियाई सैन्य परेड में दिखाई दिया था। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर आरोप लगाया है कि उसने इस महीने तीन बार रात के समय प्योंगयांग के हवाई क्षेत्र में ड्रोन उड़ाकर उत्तर कोरिया का विरोध करने वाले पर्चे गिराए। उसने धमकी दी है कि अगर ऐसा दोबारा हुआ तो वह बलपूर्वक जवाब देगा। उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि प्योंगयांग में कथित रूप से पाया गया ड्रोन संभवतः उन ड्रोन में से एक है जिनका उपयोग पर्चे गिराने के लिए किया गया था।

# जापान की सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय पर बम से हमला, संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी

टोक्यो। जापान की सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय में शनिवार को एक व्यक्ति ने कई बम फेंके जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सार्वजनिक प्रसारणकर्ता एनएचके और अन्य जापानी मीडिया ने यह जानकारी दी। इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

टोक्यो पुलिस ने इस घटना के संबंध में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि मामले की जांच अभी जारी है। समाचार रिपोर्ट में बताया गया है कि आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। इसमें बताया गया कि आरोपी ने अपनी कार को पास की बाड़ में घुसा दिया था। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमले के पीछे उसका मकसद क्या था।

सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी संदिग्ध वित्तपोषण और कर चोरी से जुड़े घोटाले के कारण आमजन के बीच तेजी से लोकप्रियता खोती जा रही है। हमले के संबंध में पार्टी ने भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। देश की संसद के निचले सदन के लिए मतदान 27 अक्टूबर को होगा।

# पूर्व सांसद व अन्य के परिसरों पर छापे

एजेंसी

हैदराबाद। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन हथियाने के एक मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद और तेलुगु फिल्म निर्माता एमवीवी सत्यनारायण तथा कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर शनिवार को छापे मारे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी के अधिकारी विशाखापत्तनम समेत कम से कम पांच स्थानों पर तलाशी ले रहे हैं। इनमें पूर्व सांसद और एक ऑडिटर के परिसर शामिल हैं। सत्यनारायण ने वाईएसआरसीपी के टिकट पर विशाखापत्तनम सीट से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गए थे। उन्होंने कई तेलुगु फिल्मों का निर्माण किया है। धनशोधन का यह मामला सरकारी जमीन पर कथित तौर पर कब्जा जमाने से जुड़े एक मामले में सत्यनारायण और अन्य के खिलाफ दर्ज राज्य पुलिस की एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है। यह जमीन वरिष्ठ नागरिकों और अनाथ बच्चों के लिए रिहायशी इमारत बनाने के लिए थी। पुलिस में दर्ज कराए गए मामले में शिकायतकर्ता सी जगदीश्वरुडु ने कहा कि वह और उनकी पत्नी अप्रैल 2006 में पंजीकृत कंपनी हैगरीवा इंफ्राटेक प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के प्रवर्तक थे।

जगदीश्वरुडु ने कहा कि उन्हें आंध्र प्रदेश सरकार ने 2008 में वरिष्ठ नागरिकों और अनाथ बच्चों के लिए मकान के निर्माण के वास्ते येनडाडा गांव में 12.51 सेंट जमीन दी थी। जगदीश्वरुडु ने पुलिस को बताया कि उन्होंने इसमें जी वेंकटेश्वर राव नामक ऑडिटर को शामिल किया।



❍ धनशोधन मामले में ईडी की कार्रवाई

# व्यवसायीकरण से शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव : धनखड़

एजेंसी

जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा के व्यवसायीकरण पर चिंता जताते हुए शनिवार को कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

धनखड़ ने सीकर में एक निजी शिक्षण संस्थान के समारोह को संबोधित करते हुए कहा, शिक्षा कभी भी आय का स्रोत नहीं थी। यह त्याग और दान का माध्यम थी, जिसका उद्देश्य समाज की मदद करना था। लेकिन अब चिंता का विषय है कि शिक्षा को व्यवसाय बना दिया गया और इसे फायदे के लिए बेचा जा रहा है, जिस कारण इसकी गुणवत्ता पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा, शैक्षणिक संस्थाओं को अगर आप अर्थ-लाभ के चश्मे से देखेंगे तो आपका उद्देश्य धूमिल हो जाएगा। हमें आवश्यकता है हम ऐसा ना होने दे। मेरा यह आग्रह रहेगा की संस्था का पैसा संस्था के विकास के लिए ही लगे। धनखड़ ने कहा, हम अगर तकनीकी रूप से आगे नहीं रहेंगे तो हमारी आर्थिक प्रगति रुक जाएगी। उन्होंने कहा, हमारा संकल्प होना चाहिए।

# संविधान पर हमला कर रही भाजपा : राहुल

एजेंसी

रांची। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संविधान पर हमला कर रही है। उन्होंने भाजपा पर निर्वाचन आयोग, नौकरशाही और केंद्रीय एजेंसियों जैसी संस्थाओं को नियंत्रित करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि कोई भी ताकत जाति आधारित गणना और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने से नहीं रोक सकती। झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले यहां संविधान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत सभी ओर से संविधान पर लगातार हमला हो रहा है और इसकी रक्षा किये जाने की जरूरत है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह निर्वाचन आयोग, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग, नौकरशाही और न्यायपालिका को नियंत्रित कर रही है। उन्होंने दावा किया, भाजपा भी निधियों और संस्थानों को नियंत्रित करती है, लेकिन हमारे पास ईमानदारी है।

कांग्रेस ने बिना पैसे के लोकसभा चुनाव लड़ा था। गांधी ने कहा कि जाति आधारित गणना सामाजिक एक्स-रे पाने का एक माध्यम है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, मीडिया और न्यायपालिका के समर्थन के बिना भी कोई ताकत जाति आधारित गणना और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने से नहीं रोक सकती। मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अक्सर दोहराते हैं कि वह संविधान का सम्मान करते हैं लेकिन वास्तव में वह इसे खोखला बना रहे हैं।



# गाजा में इजराइल हमले में 11 की मौत

यरुशलम। इजराइल द्वारा गाजा में किए गए ताजा हमले में तीन बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गयी, जबकि कुछ घंटे पहले किए गए एक अन्य हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए थे। फलस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दीर अल-बलाह स्थित अल-अक्सा शहीद अस्पताल ने बताया कि इजराइल ने शनिवार सुबह मध्य गाजा में मघाजी शरणार्थी शिविर पर हमला किया, जिसमें मारे गए सभी लोग एक ही परिवार के थे। हमले के बाद इसी अस्पताल में शवों को लाया गया था। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के संवाददाता ने अस्पताल में शवों को खुद से देखा है।

# बॉलीवुड को बढ़ावा देने पर चर्चा कर सकता है रूस

एजेंसी

मॉस्को। राज कपूर की आवारा और मिथुन चक्रवर्ती की डिस्को डांसर से लेकर शाहरुख खान की पठान तक विभिन्न बॉलीवुड फिल्में रूस को बेहद पसंद है, और शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संकेत दिया कि अगले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के दौरान वह भारतीय फिल्मों को और बढ़ावा देने पर चर्चा कर सकते हैं।

मोदी 22-23 अक्टूबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए रूस के कज़ान की यात्रा पर पहुंच रहे हैं। पुतिन ने विदेशी पत्रकारों के एक समूह के साथ बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि इस देश में भारतीय फिल्में कहीं और की तुलना में अधिक लोकप्रिय हैं। पीटीआई के एक प्रश्न के उत्तर में पुतिन ने कहा कि रूस में एक विशेष टीवी चैनल है जो हमेशा भारतीय फिल्में दिखाता है। लेकिन उन्होंने रूस में भारतीय फिल्मों के विपणन को भी एक ऐसा मुद्दा बताया जिस पर चर्चा की आवश्यकता है तथा इसी क्रम में उन्होंने भारतीय दवा निर्माण क्षेत्र और ऑटोमोटिव क्षेत्र का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा, सिनेमा उत्पाद और फिल्मोद्योग अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं और इन्हें उचित रूप से विनियमित किया जाना चाहिए। भारत ने अपने बाजार की रक्षा के लिए कई निर्णय लिए हैं। उन्होंने एक दुभाषिया के माध्यम से कहा, यह केवल फिल्म उद्योग के बारे में नहीं है, बल्कि ऑटोमोटिव और अन्य उद्योगों के बारे में भी है। उन्होंने कहा, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि यदि भारतीय मित्रों की इसमें रुचि है।



❍ मोदी -पुतिन की मुलाकात से बढ़ी उम्मीद

## इंटरटेनमेंट...

# गैंगस्टर लॉरेंस पर बनेगी वेब सीरीज

**मुंबई।** सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाले गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पर अब एक वेब सीरीज बनने वाली है। नोएडा बेस्ड प्रोड्यूसर अमित जानी ने हाल ही में इसकी अनाउंसमेंट की है।

मेकर्स ने इस सीरीज का टाइटल 'लॉरेंस- ए गैंगस्टर स्टोरी' फाइनल किया है। सीरीज को इंडियन मोशन पिक्चर्स एसोसिएशन से अप्रूवल भी मिल चुका है। अमित इसे अपने ही बैनर फायर फॉक्स फिल्म प्रोडक्शन तले प्रोड्यूस करेंगे। सीरीज की कास्ट की जानकारी दिवाली पर अनाउंस की जाएगी। इसी दौरान मेकर्स इसका पोस्टर भी रिलीज कर सकते हैं। नोएडा बेस्ड प्रोड्यूसर अमित जानी ने इस फिल्म की अनाउंसमेंट की है। सलमान के पीछे पड़ा है लॉरेंस लॉरेंस इन दिनों गुजरात के साबरमति सेंट्रल जेल में बंद है। उसकी मांग है कि सलमान काले हिरण मामले में बिश्नोई समाज से माफी मांगे। वह बीते काफी वक्त से लगातार सलमान को मारने की धमकियां भी दे रहा है। इसी साल अप्रैल में सलमान के घर के बाहर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी भी उसी की गैंग ने ली थी। लॉरेंस गैंग ने ही बीते 12 अक्टूबर को सलमान के करीबी दोस्त और पॉलिटिशियन बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। गैंगस्टर लॉरेंस बीते काफी वक्त से सलमान के पीछे पड़ा है। वो लगातार उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है।

शुक्रवार को फिर मिली सलमान को धमकी बाबा सिद्दीकी के मर्डर के 6 दिन बाद शुक्रवार को सलमान को फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने खुद को लॉरेंस गैंग के मेंबर बताया है। इस मैसेज में लिखा था- इसे हल्के में मत लीजिए। सलमान खान को जिंदा रहना है और उसे लॉरेंस से दुश्मनी खत्म करनी है तो उसे 5 करोड़ रुपए देने होंगे। अगर पैसे नहीं दिए गए तो सलमान खान का हाल बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा। मुंबई पुलिस मैसेज भेजने वाले को ट्रैक करने में जुटी है। लॉरेंस गैंग ने हाल ही में सलमान के करीबी दोस्त बाबा सिद्दीकी की हत्या की है। कड़ी सुरक्षा के बीच सलमान ने की शूटिंग इसी बीच सलमान ने शुक्रवार को मुंबई के फिल्मसिटी में अपने टीवी रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' में वीकेंड का वार एपिसोड की शूटिंग की। बताते चलें कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से सलमान की सुरक्षा बढ़ाई गई है।

सीमा हैदर और सचिन की लव स्टोरी पर भी बना रहे फिल्म लॉरेंस पर बेस्ड इस सीरीज के अलावा अमित इन दिनों पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर और भारतीय सचिन की लव स्टोरी पर भी एक फिल्म बना रहे है। इसका टाइटल 'कराची टु नोएडा' है। इसके साथ ही अमित के बैनर तले राजस्थान के टेलर कन्हैया लाल साहू की मर्डर स्टोरी पर भी एक फिल्म बनी है।




# देवदास के बाद शराब पीने लगे थे शाहरुख

**मुंबई।** एक इंटरनेशनल इवेंट के दौरान शाहरुख खान ने बताया था कि फिल्म देवदास में शराबी का रोल निभाने के बाद वे असल में शराब पीने लगे थे। यही वजह रही कि उन्होंने अपने फैंस से इस कैरेक्टर से इंस्पिरेशन लेने के लिए मना कर दिया। इस साल की शुरूआत में शाहरुख खान ने एक इवेंट में अपने फिल्मी करियर और कुछ सदाबहार फिल्मों के बारे में बात की थी। इस दौरान उन्होंने फिल्म देवदास के बारे में भी बात की थी। उन्होंने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान वह काफी चिंता में थे। इस कारण उन्होंने शराब पीना शुरू कर दिया था। मां की वजह से फिल्म देवदास साइन की थी शाहरुख ने बताया था कि उन्होंने इस फिल्म के लिए हामी इसलिए भरी थी क्योंकि उनका मानना था कि उनकी मां लतीफ फातिमा को यह पसंद आएगी।

# बीबी18 की शूटिंग करने पहुंचे सलमान

सलमान खान ने 'बिग बॉस 18' की शूटिंग दोबारा शुरू कर दी है। हालांकि, उन्हें लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकियां मिली हैं। सलमान, जो कई सालों से शो होस्ट कर रहे हैं, इन धमकियों से घबराए नहीं हैं। लेकिन अपनी सुरक्षा को लेकर उन्होंने खास इंतजाम किए हैं। सूत्रों के अनुसार, सलमान खान 'बिग बॉस' के सेट पर पहुंचे थे और आज दोपहर से शूटिंग शुरू करेंगे। आमतौर पर 'वीकेंड का वार' एपिसोड में फिल्म प्रमोशन के लिए एक्टर्स आते हैं, लेकिन इस वीकेंड ऐसा नहीं होगा। सलमान ने अपनी शूटिंग की कन्फर्मेशन आखिरी समय पर की है।

# अनिल शर्मा : सनी के बिना 'गदर' की कल्पना नहीं

**मुंबई।** पर्दे पर सनी देओल की छवि गुस्सैल और एक्शन स्टार वाली रही है और रियल लाइफ में भी उनका गुस्सैल स्वभाव काफी चर्चित रहा है। कभी अनिल कपूर का गला दबा देना, तो कभी शाहरुख से दुश्मनी मोल लेना, कभी सौतेली मां हेमा मालिनी से विवाद कर लेना। ये कुछ बातें सनी के जीवन की हाईलाइट्स रही हैं।

मीडिया में डिंपल कपाड़िया और अमृता सिंह के साथ उनके अफेयर की भी खूब खबरें छपी थीं। नौबत तो घर टूटने की भी आ चुकी थी। 2010 से 2020 के बीच सनी देओल का करियर ढलान पर जा चुका था। उनकी सारी फिल्में फ्लॉप हो रही थीं। फिर 2023 में रिलीज हुई गदर-2। छोटे बजट में बनी इस फिल्म ने 500 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया। इसी के साथ सनी देओल अपने पुराने फॉर्म में वापस आ गए। अब उनके पास बैक टु बैक कई फिल्में हैं। 19 अक्टूबर 1957 को जन्मे सनी देओल आज 67 साल के हो गए हैं। ब्रिटिश रॉयल फैमिली से ताल्लुक रखती हैं सनी की पत्नी सनी देओल ने एक्टिंग की पढ़ाई इंग्लैंड के बर्मिंघम के 'द ओल्ड वर्ल्ड थियेटर' से की।

इसी दौरान वह लिंडा नाम की एक लड़की को दिल बैठे। बॉलीवुड में डेब्यू के एक साल के अंदर ही सनी ने गुपचुप तरीके से 1984 में लिंडा से इंग्लैंड में शादी कर ली। सनी से शादी के बाद लिंडा ने अपना नाम बदलकर पूजा देओल रख लिया। पूजा की मां जून साराह ब्रिटिश मूल की थीं। उनका ब्रिटिश रॉयल फैमिली से ताल्लुक था। सनी को बेइंतहा चाहने लगी थीं अमृता सिंह 'बेताब' की शूटिंग के दौरान ही अमृता सिंह सनी देओल की ओर आकर्षित होने लगी थीं। वो सनी को बेइंतहा चाहने लगी थीं।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com